

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, मंगलवार | 27 अगस्त 2024 | वर्ष : 02 | अंक : 105 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### मुंबई की 36 विधानसभा सीट के लिए सीट बंटवारे के फॉमूर्ला 99 प्रतिशत तय हो चुका है: संजय राउत



एजेंसी

**नई दिल्ली:** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों के बीच मुंबई की 36 विधानसभा सीट के बंटवारे का फॉमूर्ला 99 प्रतिशत तय हो चुका है।एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। राउत ने कहा, मुंबई की सभी विधानसभा सीट के बंटवारे का फॉमूर्ला 99 प्रतिशत तय हो चुका है। कोई भी विवरण नहीं बताएगा। मैं कह सकता हूं कि मुंबई की सभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा पूरी हो चुकी है।उन्होंने कहा, एमवीए के घटक दलों के बीच मुख्यमंत्री समेत किसी भी पद को लेकर कोई विवाद नहीं है। शेष महाराष्ट्र के लिए सीट बंटवारे के फॉमूर्ले पर अगले दौर की चर्चा 27 अगस्त से शुरू होगी।राउत ने कहा, मुंबई की सभी विधानसभा सीट के बंटवारे का फॉमूर्ला 99 प्रतिशत तय हो चुका है। कोई भी विवरण नहीं बताएगा।

# जम्मू-कश्मीर 2024 के लिए भाजपा तैयार, पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए पार्टी द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपी गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भी शामिल हैं।**

एजेंसी

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए पार्टी द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपी गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री - नितिन गडकरी, मनोहरलाल खट्टर, जी. किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी और जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह अन्य प्रमुख चेहरे हैं जो चुनाव प्रचार के दौरान जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का नाम भी शामिल है। सूची में भाजपा के पूर्व महासचिव एवं हाल में जम्मू-कश्मीर के लिए नियुक्त



चुनाव प्रभारी राम माधव, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ, भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रवींदर रैना, सांसद जुगल किशोर शर्मा, राज्यसभा सदस्य गुलाम अली खटाना और महासचिव (संगठन) अशोक कौल का भी नाम है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों - 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे। मतों की गिनती चार अक्टूबर को होगी।गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नए जिलों के निर्माण से लोगों को मिलने वाले लाभ उनके दरवाजे तक पहुंचेंगे। उन्होंने गृह मंत्रालय के इस फैसले के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित दृष्टिकोण को श्रेय दिया।अपनी पोस्ट में अमित शाह ने लिखा, 'एक विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की खोज में, गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। नए जिले, जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों को मिलने वाले लाभ उनके दरवाजे तक पहुंचेंगे। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।'प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्रालय के लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है।

## विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का मंथन जारी



एजेंसी

**नई दिल्ली:** लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे चुनाव में सभी पार्टियां पूरे दमखम के साथ हाथ आजमाने को तैयार हो रही हैं। जिसको लेकर, एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ने अपने 15 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। तो वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल अभी सीटों को लेकर मंथन कर रहे हैं। सीट बंटवारे के फंसे पेंच को सुलझाने के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की बैठक होने वाली है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 27 अगस्त ही है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के ठीक कुछ दिन पहले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने गठबंधन किया है।कांग्रेस ने केसी वेणुगोपाल और वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद को केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि दोनों नेता पार्टी के निर्देश पर सोमवार को श्रीनगर के लिए रवाना हो गए हैं। कांग्रेस के शीर्ष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पार्टी पहले चरण की 24 सीटों में से कम से कम 8 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग कर रही है। उनकी मानें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस कांग्रेस को कुल 90 सीटों में से 37 सीटों की मांग के मुकाबले 35 सीटें देने की पेशकश कर रही है। इसी पर मंथन जारी है, दोनों दलों के नेता संपर्क में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगर बातचीत आगे नहीं बढ़ती है तो कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक गठबंधन की तस्वीर 26 अगस्त दोपहर तक साफ हो जाएगी।जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे चुनाव में सभी पार्टियां पूरे दमखम के साथ हाथ आजमाने को तैयार हो रही हैं। जिसको लेकर, एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ने अपने 15 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। तो वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल अभी सीटों को लेकर मंथन कर रहे हैं।

## जाति जनगणना की जद(यू) की मांग को इंडिया ने कई बार अस्वीकार किया : ललन सिंह



एजेंसी

पटना। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आरोप लगाया कि जाति जनगणना की जदयू की मांग को कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने कई बार ह्यअस्वीकारह्ण कर दिया। जद(यू) के विपक्षी खेमे इंडिया गठबंधन में रहने के दौरान पार्टी के अध्यक्ष रहे सिंह गठबंधन की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मौजूद रहते थे। ललन ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनकी पार्टी का इस मामले को लेकर समर्थन नहीं किया और अब मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं। सिंह ने कहा, राहुल गांधी जाति जनगणना के मुद्दे पर सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं...वह इस मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं...जब बिहार सरकार ने राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया था और उस समय हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा थे, तब हम उनसे विपक्षी गठबंधन की बैठक में इस पर प्रस्ताव पारित करने के लिए कहते रहे...दो बैठक हुई...लेकिन राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दबाव में हमारे अनुरोध को ठुकरा दिया...आज वह घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।

## सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी मुंबई

एजेंसी

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को लागू करने का निर्णय लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत वेतन का 50 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित पेंशन के रूप में दिए जाने को शनिवार को मंजूरी दी। एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति



से पहले अंतिम 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के हकदार होंगे। पेंशन के रूप में वेतन का 50 प्रतिशत पाने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष होनी चाहिए।

## जन सुराज आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कम से कम 40 महिलाओं को टिकट देगा : प्रशांत किशोर

एजेंसी

**नई दिल्ली:** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उनका संगठन प्रदेश में कम से कम 40 महिलाओं को चुनावी अखाड़े में उतारेगा।इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपीएसी) के संस्थापक प्रशांत किशोर पहले ही घोषणा कर चुके हैं, कि उनका जन सुराज अभियान एक राजनीतिक पार्टी में परिवर्तित होकर अगले साल होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगा।किशोर ने कहा, मैंने पहले ही कहा है कि जन सुराज 2025 में बिहार में 243



विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। पार्टी कम से कम 40 विधानसभा सीटों पर महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगा।उन्होंने यह भी कहा कि 2025 में बिहार में जन सुराज की सरकार बनने पर, जो भी महिलाएं खुद से व्यवसाय करना चाहेंगी उन्हें सरकार की ओर से बहुत मामूली दर पर आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो जीविका दीदियों से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर से भी कम होगी।जीविका दीदियां वे महिलाएं हैं जो राज्य में बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। प्रशांत किशोर ने इस साल जनवरी में कहा था कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उनका संगठन जन सुराज अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) श्रेणी के कम से कम 75 लोगों को चुनावी मैदान में उतारेगा।प्रशांत किशोर ने इस साल जनवरी में कहा था।

## विवाद में फंसी कंगना रनौत, बयान देने के बाद खड़े हुए सवाल, बीजेपी ने किया किनारा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों फिर से चर्चा में बनी हुई है। कंगना रनौत ने हाल ही में कहा कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब भी बांग्लादेश बन जाता। किसान आंदोलन पर सवाल करते हुए कंगना ने कहा कि आंदोलन के नाम पर उपद्रवियों ने हिंसा फैलाई। प्रदर्शन स्थलों पर रेप और हत्याएं की गई। इस बयान के बाद से ही लगातार विवाद उठ



रहा है। विपक्ष इसे लेकर लागातार हमलावार बना हुआ है।कंगना रनौत पर एनएसए लगाने की मांग भी कांग्रेस ने की है। वहीं बीजेपी ने कहा है कि कंगना रनौत का ये बयान उनका निजी बयान है और इससे पार्टी का कोई सरोकार नहीं है। बता दें कि मीडिया चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा था कि हमारा शीर्ष नेतृत्व अगर मजबूत ना होता तो भारत बांग्लादेश जैसे हालातों से गुजरता। किसान आंदोलन के दौरान जो भी हुआ सभी ने देखा। हिंसा फैलाई गई और रेप भी हुए।

## ग्रेटर निकोबार परियोजना की न्यायिक पड़ताल हो चुकी है, आदिवासी आबादी नहीं होगी प्रभावित: भूपेंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रेट निकोबार परियोजना को मंजूरी संभावित पारिस्थितिक प्रभावों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद दी गई है और इससे जनजातीय आबादी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।कांग्रेस सांसद जयराम रमेश द्वारा 10 अगस्त को लिखे गए पत्र के जवाब में यादव ने 21 अगस्त को कहा कि उनके मंत्रालय द्वारा दी गई पर्यावरण एवं वन मंजूरी की न्यायिक पड़ताल हो चुकी है।अंडमान-



निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम (एएनआईआईडीसीओ) की इस परियोजना में एक ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, एक हवाई अड्डा, एक बिजली संयंत्र और 160 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में एक ग्रीनफील्डटाउनशिप का निर्माण शामिल है।मंत्री ने कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय, रक्षा और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है और यह दावा करना गलत होगा कि इससे ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी समुदायों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।कांग्रेस सांसद जयराम रमेश द्वारा 10 अगस्त को लिखे गए पत्र के जवाब में यादव ने 21 अगस्त को कहा कि उनके मंत्रालय द्वारा दी गई पर्यावरण एवं वन मंजूरी की न्यायिक पड़ताल हो चुकी है।

## लैटरल एंट्री का विरोध करने के बाद भाजपा सहयोगी चिराग पासवान ने जाति जनगणना की



एजेंसी

**बिहार:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जाति जनगणना के समर्थन में सामने आए हैं, जबकि कुछ दिनों पहले उन्होंने भाजपा सरकार के लैटरल एंट्री कदम का विरोध किया था। लोजपा नेता सत्तारूढ़ पार्टी के सहयोगी हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "मेरी पार्टी (लोजपा) ने हमेशा अपना रुख स्पष्ट रखा है कि वह जाति जनगणना के पक्ष में है।केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जाति जनगणना के समर्थन में सामने आए हैं, जबकि कुछ दिनों पहले उन्होंने भाजपा सरकार के लैटरल एंट्री कदम का विरोध किया था। लोजपा नेता सत्तारूढ़ पार्टी के सहयोगी हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "मेरी पार्टी (लोजपा) ने हमेशा अपना रुख स्पष्ट रखा है कि वह जाति जनगणना के पक्ष में है।अपने रुख को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, "इसका कारण यह है कि कई बार राज्य और केंद्र सरकारें लाभार्थियों की जाति को ध्यान में रखकर कई योजनाएं बनाती हैं। वे योजनाएं 'पिछड़े' वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के विचार से तैयार की जाती हैं।लोजपा नेता ने कहा कि जब केंद्र सरकार को जातिवार आबादी के बारे में जानकारी होगी तभी वह संसाधनों और योजना लाभों का उचित वितरण कर सकेगी। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने इससे पहले सरकारी नौकरियों में पार्श्व प्रवेश नियुक्तियों के खिलाफ बोलते हुए सिविल सेवाओं में ऐसी प्रणाली को "पूरी तरह से गलत" कहा था।पासवान की यह टिप्पणी उस पार्टी के खिलाफ है जिसके साथ वे गठबंधन में हैं - भाजपा। संसद में भाजपा विपक्ष द्वारा राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना लागू करने के प्रयासों का विरोध करती रही है। कांग्रेस, जिसके साथ पासवान ने वैचारिक दूरी व्यक्त की है, ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कहा था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024, भाजपा ने जारी की पहली सूची, 44 उम्मीदवारों के नाम शामिल

एजेंसी

नई दिल्लीः भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 15 उम्मीदवारों की नई लिस्ट जारी की है. इससे पहले पार्टी ने 44 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, लेकिन पार्टी ने यह लिस्ट किन्हीं कारणोंवश वापस ले ली. वहीं दोपहर में भाजपा ने एक उम्मीदवार की दूसरी सूची जारी की. इसके मुताबिक चौधरी रोशन हुसैन गुज्जर कोकरनाग से चुनाव लड़ेंगे. बता दें, पहले फेज की वोटिंग के लिए 15, दूसरे चरण के मतदान के लिए 10 और तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए पार्टी ने 19 कैंडिडेट्स की लिस्ट घोषित की है.नई लिस्ट के मुताबिक पंपोर से इंजी. शौकत गयूर अंद्राबी, राजपोरा से अर्शीद भट्ट, शोपियां से जावेद अहमद कादरी, अनंतनाग पश्चिम से मोहम्मद रफीक वानी, अनंतनाग से एडवोकेट सैय्यद वजाहत को टिकट दिया है. श्रीगुफवाड़ा से बिजबेहरा से सोफी युसुफ, शानगुस अनंतनाग पूर्व से वीर सराफ, इंदरवल से तारिक कीन, किश्तवाड़ से सुश्री शगुन परिहार,




पाडेर नागसेनी सुनील शर्मा, भदरवाह से दलीप सिंह परिहार, डोडा से गजय सिंह राणा, डोडा पश्चिम से शक्ति सिंह परिहार, रामबाण से राकेश ठाकुर, बनिहाल से सलीम भट्ट को टिकट दिया गया है.दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने वाले भाजपा नेताओं के समर्थक अपने उम्मीदवार के लिए टिकट की मांग को लेकर जम्मू स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी की. इस लिस्ट को ध्यान से देखा जाए तो इसमें पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. निर्मल सिंह और कविंद्र गुप्ता का नाम शामिल नहीं है. बता दें, निर्मल सिंह 2014 के विधानसभा चुनाव में बिलावर सीट से विजयी हुए थे. वहीं, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना का भी लिस्ट में नाम शामिल नहीं है.जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा कि यहां एकत्र हुए भाजपा के सभी पार्टी कार्यकताओं का मैं सम्मान करता हूं. उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता हमारे लिए महत्वपूर्ण है. मैं हर एक से मिलूंगा, मैं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिल रहा हूं और उनसे बातचीत कर रहा हूं. अगर कोई पार्टी कार्यकर्ता परेशान है या उसे कोई समस्या है, तो हम बैठकर उसका समाधान निकालेंगे. मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें. मैं पार्टी के हर कार्यकर्ता और पार्टी नेता का सम्मान करता हूं. मैं उनसे मिलूंगा और जल्द से जल्द समाधान निकालूंगा.जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 तीन चरणों में होगा. परिणाम 4 अक्टूबर को आएंगे. यहां दस साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं.

# हजरत इमाम हुसैन अः सः और उनके 72 जानेसार व परिजन के कर्बला में शहादत के चालीस दिन बीतने पर जुलूस निकाला गया




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

छपरा,शहर में सोमवार के दिन हजरत इमाम हुसैन अः सः और उनके 72 जानेसार व परिजन के कर्बला में शहादत के चालीस दिन बीतने पर जुलूस निकाला गया। चेहल्लुम के अवसर पर शहर के दहियावां शिया कॉलोनी स्थित स्वर्गीय तकी नवाब की अजा खाना खाना से या हुसैन या हुसैन के दर्द भरे नारों के साथ अंजुमन ऐ असगरिया के तत्वाधान में मातमी जुलूस शुरू हुआ।जुलूस विभिन्न घरों ,एवं इमामबाड़ों में रखे गए शबिहे अलम ,ताबूत,,आदि को शामिल करता हुआ छोटा इमामबाड़ा पहुंचा जहां से 6 माह के अली असगर का झूला ,हजरत अब्बास का अलम व हजरत इमाम हुसैन के प्रतीकात्मक ताबूत के साथ जुलूस शोक करता हुआ नमनाक आंखों और दर्द भरे नौहे के साथ आगे बढ़ा।जुलूस शिया मस्जिद ,महमूद चौक पहुंचा तो बच्चों और जवानों के जंजीरी मातम के साथ कर्बला की घटना का दृश्य उत्पन्न किया।ये मातमी जुलूस थाना चौक , साहेबगंज, जामा मस्जिद, मौन। ,गांधी चौक होते तकिया कर्बला पहुंचा।वहां पूर्व मेयर प्रत्याशी रफी इकबाल ने मातमदारो के लिए कर्बला की सर सफाई से लेकर पानी बिस्किट,और चाय की विशेष सुविधा कर रखी थी।शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर प्रवाचक ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहां की इस्लाम अमन का पैगाम देने और मानव को निजात दिलाने के लिए आया है।हजरत इमामहुसैन ने कर्बला में अपना महान बलिदान देकर मानवता की रक्षा की।शकील हैदर ने कहा कि दिन ए इस्लाम को बचाने के लिए 72 साथियों ने अपनी कुबार्नी दी।कर्बला में यजीदी फौज ने 6 माह के दूध मुंह ए बच्चा को भी नहीं छोड़ा उसे भी 3 दिनों तक भूखा प्यासा रखकर तीरों से मार डाला।जुलूस में गुलाम पंजतन,डॉक्टर असकरी रजा जौली,बबलू रही ,शकील हैदर,तारा भाई ,गुड्डू आदि लोगो ने नौहा पढ़ कर मातम कराया।इस अवसर पर मातमी जुलूस के लिए जगह जगह लायंस क्लब,रोटरी क्लब,के तत्वाधान में बिस्किट ,पानी,कोल्ड ड्रिंक,और चाय की व्यवस्था की गई थी।मातमी जुलूस में चल रहे बच्चे,बूढ़े के साथ सभी ने स्टाल से कई तरह की व्यवस्था थी।उधर नियंत्रण कक्ष से भी सारण डी एम श्री अमन समीर,सारण एस पी डॉक्टर कुमार आशीश जुलूस की मॉनिटरिंग हो रही थी।इस अवसर पर रविवार से ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

# मदरसा बोर्ड के नियम और विनियम पर डॉ. नूर इस्लाम की किताब प्रकाशित




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. सदरे आलम नौमानी**

**पटनाः** बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड पटना के शैक्षणिक अधिकारी डॉ मुहम्मद नूर इस्लाम अलीग ने तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद मदरसा बोर्ड के "नियम और विनियम" नामक पुस्तक प्रकाशित की है और मदरसा बोर्ड के नियमों के बारे में पूरी जानकारी प्रस्तुत की गई है। जो मदरसों के प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों के लिए बेहद उपयोगी है, मदरसों के प्रबंधन समिति के सदस्यों को मदरसों के नियमों और कानूनों के बारे में जानकारी नहीं होती है, जिसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस पुस्तक के प्रकाशन से लोगों को मदरसों से संबंधित नियम-कायदों के बारे में जानकारी मिलने से कई समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी, इस पुस्तक का औपचारिक विमोचन सितंबर माह के पहले सप्ताह में होने की उम्मीद है , इस पुस्तक के मुख्य विषय मदरसा बोर्ड का इतिहास, मदरसा प्रबंधन समिति का गठन, मदरसा में शिक्षकों के नियक्ति, अनुकंपा पर नियुक्ति, कार्यकाल में उन्नति, शिक्षकों के लिए अवकाश के प्रकार, प्रमाण पत्र हैं , इस के इलावा और भी इसमें बहुत कुछ शामिल

# समस्तीपुर शहर के काशीपुर स्थित कॉम्प्लेक्स में सर्विस तार काटकर बिजली चोरी करते धराये, 6 लाख 38 हजार की होगी वसूली



**संवाददाता**
**मोहम्मद आरिफ**
मोहम्मद जुबैर

बिजली की चोरी रोकने के लिए जिले में हर जगह स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं, किंतु चोरी से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने वाले कोई न कोई तरकीब निकाल ले रहे हैं। घर में लगे स्मार्ट मीटर को रिचार्ज नहीं कराया और सर्विस वायर में कटिंग कर बाइपास चोरी से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारी सतत मॉनिटरिंग कर ऐसे लोगों को पकड़ा जा रहा है। शहर के काशीपुर भोला साह चौक ठाकुरबाड़ी गली स्थित एक गृहस्वामी शीलू पांडेय के कम्प्लेक्स में जेई ममता कुमारी के नेतृत्व में छापेमारी की गयी।।छापेमारी के दौरान अधिष्ठापित मीटर से पूर्व सर्विस तार की कटिंग कर अवैध रूप से बिजली उपभोग किया जा रहा था। अवैध रूप से तीन कमरों में बिजली सप्लाई जा रही थी, जिसमें व्यवसायिक शैक्षणिक संस्थान संचालित हो रहे थे। नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए दिये आवेदन में जेई ने बताया है कि पूर्व में कमरे में संचालित शैक्षणिक संस्थान पर बिजली बिल 2,26,124 रुपये बकाया होने के कारण बिजली काट दी गयी थी। वहीं अन्य एक शैक्षणिक संस्थान पर 1,58,480 रुपए बकाया रखने पर बिजली काटी गयी थी बिजली बिल बकाया होने पर विगत सात मार्च 2020 को ही बिजली काट दी गयी थी। जिसके बाद से अवैध रूप से बिजली सप्लाई प्राप्त कर उपभोग किया जा रहा था। जेई ने नियमानुसार 2,53,450 रुपए जुमार्ना लगाते हुए 6,38,054 रुपए वसूली की राशि अंकित की है। विद्युत कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए व्यापक पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पाया जा रहा है कि ऐसे लोग जो एसी लगा हुए है वह मीटर को बायपास कर डायरेक्ट एसी चला रहे हैं, जिन पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।साथ ही बताया कि कंपनी द्वारा ऐसे घरों का निरीक्षण किया जा रहा है जिन घरों में एसी लगाया गया है। जांच के दौरान अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जा रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार ने बताया कि आमतौर पर ऐसा कई लोग कर लेते है कि उनका कनेक्शन तो घरेलू है और वह अपने निवास स्थान पर कोचिंग, ट्यूशन, दुकान या अन्य कोई व्यवसायिक प्रतिष्ठान चला रहे हैं। इन सब उपभोक्ताओं पर कार्रवाई के लिए अब विभाग अभियान चलायेगा ।

## चिराग पासवान ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति महिलाओं अल्पसंख्यकों कमजोर वर्ग को और बिहार के लोगों के मुद्दों को उठाने के प्रति

# अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया




**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

26 अगस्त पटना. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालय श्री कृष्णापुरी पटना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के सांसद श्री अरुण भारती ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी झारखंड की राजधानी रांची स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए उन्होंने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति महिलाओं अल्पसंख्यकों कमजोर वर्ग को और बिहार के लोगों के मुद्दों को उठाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है और हम लोगों को शपथ भी दिलाया है कि इस मामले में हम लोगों को सजग रहना है ऐसे मुद्दों को निरंतर उठाते रहना है। इसके अलावा कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक में कुछ प्रस्ताव पारित हुए । सुप्रीम कोर्ट का जो हाल में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल जो आया था क्योंकि मैं खुद वक्फ वोर्ड के लिए पार्टी की ओर से प्रतिनिधित्व समिति का मेंबर हूं हमारी पहली मीटिंग हुई थी और उसी मीटिंग में हम लोगों ने बड़ी ही मजबूती से मुस्लिम समाज की जो चिंताएं हैं जो उनकी आकांक्षाएं हैं जो उनके कुछ कंसर्न्स थे उसको हम लोगों ने जेपीसी में रखा है। जो पार्लियामेंट्री कमिटी में रखा है और हम लोगों ने यह भी कहा है कि जो भी संबंधित पक्ष हैं उनको बुलाया जाए उनसे बात की जाए उनके विचारों को सुना जाए और उनकी जो भी चिंता है उससे अवगत हुआ जाए आगे श्री भारती ने कहा कि इसके अलावा मै वेलफेयर आफ एससी एसटी कमेटी का मेंबर हूं और उसमें जो अभी जहानाबाद में और मुजफ्फरपुर में जो एससी एसटी बालिकाओं के साथ घटना घटित हुई हैं उसे भी मजबूती से उठाया पार्टी के भविष्य के लिए हम लोग विभिन्न राज्यों में अपनी पार्टी का दायरा जो है उसको बढ़ाने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं ऐसे में आने वाले चुनाव है अलग-अलग राज्यों में उसको लेकर के भी हम लोग इसमें अपनी भागीदारी रखना चाहते हैं और खास करके जो झारखंड राज्य है जहां हमारे संस्थापक रामविलास पासवान जी भी चाहते थे कि हमारी पार्टी की उपस्थिति हो इसलिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वहां के प्रदेश अध्यक्ष को यह अधिकार दे दिया गया है कि आप इस सुनिश्चित करें पार्टी झारखंड में जो चुनाव है गठबंधन के अंदर लड़ेगी या फिर गठबंधन के बाहर लड़ेगी राहुल गांधी जो जातीय जनगणना के लिए लगातार बोल रहे हैं राहुल गांधी जी से हम लोगों के कुछ सवाल है आपको याद होगा कि जो पहले का सेंसेक्स भारत में हुआ था वह 1931 में हुआ था इस बीच में अधिकतर समय कांग्रेस की सरकार में थी तो उन्होंने इस पूरे वक्त में क्यों नहीं सेंसेक्स कराया राहुल गांधी जी आप बोलते हैं की जनगणना करने की बात है अपने सरकारों के द्वारा लिए गए फैसलों को भी देखना चाहिए। जाति जनगणना के बारे में हमारी पार्टी का मानना है कि कांग्रेस पार्टी जो वह अनुसूचित जाति और जनजाति को सिर्फ इस्तेमाल करती है अगर इतना जनजातीय जनगणना के पक्षधर है तो फिर कांग्रेस शासित राज्यों में कितनी जगह आवेदन करना हो पाई है उन्हें यह भी बताना चाहिए।

# समस्तीपुर पहुंचे मंत्री अशोक चौधरी; कहा- शांभवी के साथ-साथ दो अन्य सेवक भी सेवा के लिए मिले हैं क्षेत्र को, मिलकर करेंगे विकास



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद जुबैर

बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में छह हजार किलोमीटर में सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। इसके तहत सड़कों का उन्नयन और चौड़ीकरण का कार्य भी होगा। वे रविवार को जिला अतिथि गृह में प्रेसवार्ता में ये बातें कही। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सेतु योजना 2018 में बंद हो गया था, अब इसे नये सिरे मुख्य ग्रामीण सेतु योजना पार्ट-2 के नाम से शुरू किया जायेगा।बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डेढ़ लाख किलोमीटर में सड़कें बनी है। दो लाख से ऊपर पुल व पुलियों का निर्माण कराया गया है। समस्तीपुर में मुक्तापुर में रेलवे पर आरओबी व भोला टॉकिज गुमटी पर आरओबी का निर्माण होना है। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार का बजट डेढ़ हजार गुणा बढ़ा है। बिहार का बजट पहले जहां मात्र 22 हजार करोड़ था, वह अब बढ़कर 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

उन्होंने कहा कि समस्तीपुर के शहरी क्षेत्र में अब भी बिजली को लेकर कुछ समस्या है। आज भी जेनरेटर चलते दिख रहा है। जल्द ही इस परेशानी को दूर कर लिया जायेगा। जिले में शीघ्र ही तीन विद्युत सब स्टेशन और एक पावर ग्रिड का निर्माण कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि वे समस्तीपुर की सांसद द्वारा ह्यपढ़ेगा समस्तीपुर, बढ़ेगा समस्तीपुरह्न अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि वे यहां की सांसद से आग्रह करेंगे कि वे अपने एक साल वेतन इस अभियान के लिये डोनेट करें। इस तरह उनसे अपने पांचों साल की सैलरी जनता के कल्याण पर खर्च करने का आग्रह करेंगे। आधी आबादी को शिक्षित करने की दिशा में उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर सुरक्षित से शांभवी चौधरी के जीतने के बाद जिले को सांसद के साथ-साथ दो और सेवक यहां की जनता को मिला है। सांसद के अलावा वे खुद और सांसद के पति सायन कुणाल यहां के जनता की सेवा में तत्पर हैं।

# पानी में डूबने से दो सगे भाई बहन की हुई मौत



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

समस्तीपुर/खानपुर :- समस्तीपुर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। मामला खानपुर थाना क्षेत्र के श्रीपुर पश्चिमी पंचायत के कामोपुर टोला वार्ड संख्या-3 की है ।मृतक की पहचान राम कुमार राय के पुत्र प्रह्लाद कुमार और पुत्री पूजा कुमारी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पूजा कुमारी घर से कुछ ही दूरी पर पानी भरे डबरे में स्नान करने गई थी। जहां उसका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चली गई। बहन के डुबता देख भाई प्रह्लाद अपने बहन को बचाने के लिए गड्ढे में गया जहां डूबने से उसकी भी मौत हो गई। भाई बहन के डूबने की खबर मिलते ही परिवार और आस-पास के लोग घटना स्थल पहुंच दोनों के शव को बाहर निकाला। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है, वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

# हाकी सिवान जूनियर बालक टीम घोषित




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

रोजनामा इंडो गल्फ,कार्यालय संवाददाता, सिवान/मैरवा। हॉकी बिहार द्वारा पटना में 28 अगस्त से 1 सितंबर 2024 तक आयोजित 14वीं हॉकी बिहार जूनियर बालक राज्य चैंपियनशिप हेतु आज रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी मैरवा के खेल प्रांगण में चयन प्रतियोगिता आयोजित कर सिवान जिले की टीम घोषित कर दी गई। हॉकी सिवान के सचिव संजय पाठक ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक लड़कों ने भाग लिया जिसमें से 18 बालकों का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया गया। इसी चयन प्रतियोगिता से सिवान जिले के सिसवन प्रखंड के पीसी वर्मा स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित 14 वीं सब जूनियर बालक हॉकी राज्य चैंपियनशिप के लिए भी टीम का चयन कर लिया गया ।चयनित टीम इस प्रकार है। विकास कुमार (कप्तान) प्रीतम पांडे (उप कप्तान )करण कुमार, सुमित कुमार गोंड, राजकुमार, शुभम कुमार, विकास कुमार राम, सचिन कुमार, अनीश कुमार यादव ,सूरज गोंड, आदित्य कुमार ,अमन ठाकुर ,आलोक कुमार ,आदित्य कुमार, आदित्य राज, सौरभ कुमार राज ,लखन शर्मा शामिल हैं। जबकि टीम कोच के रूप में आयुष्मान राज्य शांडिल्य एवं टीम प्रबंधक के रूप में रवि कुमार को चयनित किया गया है।में चयनित सभी खिलाड़ियों को हॉकी सिवान के अध्यक्ष जब फरीद अहमद उपाध्यक्ष धर्मनाथ यादव कोषाध्यक्ष सलमा खातून कार्य सदस्य विवेक कुमार सिंह सहित कई अन्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।

# छात्र संगठन अक्ऱअ के बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक समस्तीपुर शहर के इफ्ऱ कॉलेज में आयोजित




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

समस्तीपुर : छात्र संगठन आइसा बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक शहर के बीआरबी कॉलेज में शुरू हुई। अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने की। संचालन राज्य सचिव सबीर कुमार ने किया। मुख्य अतिथि आइसा के राज्य प्रभारी सह भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य अभ्युदय व राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत शामिल हुए। आइसा प्रभारी अभ्युदय ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में शिक्षा व्यवस्था को और कमजोर करेगी। जनतांत्रिक सरकार का पहला कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को एक जैसी गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराये। इसलिए लाला राजपत राय ने कहा था कि सार्वभौमिक प्रचलित शिक्षा राज्य की ओर से उपलब्ध कराई जानी चाहिए।राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद का शिक्षा पर कम से कम 10 प्रतिशत खर्च सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। देश में आम नागरिकों का अनुभव बतलाता है कि इन व्यवसायिक पाठ्यक्रमों से शिक्षित अधिकांश छात्र रोजगार तो हासिल नहीं कर सके लेकिन वे तार्किक, बौद्धिक व सांस्कृतिक विकास करने वाले दर्शन व भाषा जैसे विषयों से जरूर वंचित हो गये। मौके पर लोकेश राज, अजय कुमार, मयंक कुमार, विकास कुमार, मनीषा कुमारी, प्रवीण कुमार, प्रिंस पासवान, नीरज कुमार, रौशन कुमार, पावेल कुमार, कौशिक कुमार, दीपक कुमार, फरमान, अभिषेक, द्राक्षा जबी, विकास यादव, प्रिंस राज, सोनू, नवीन, मो. फैज आदि मौजूद रहे. इससे पूर्व सत्र की शुरूआत करते हुए कोलकाता की डॉ. मौमिता देवनाथ व मुजफ्फरपुर में हुए महिलाओं पर जघन्य अपराध साथ ही बंग्लादेश में हुए आंदोलन में मारे गये लोगों और फिलिस्तीन में हजारों लोग मारे गए उनकी याद में दो मिनट की श्रद्धांजलि दी गई।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र मे रंगारंग राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति हुई, केक काटकर मनाया गया जन्मोत्सव






**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**कफील एकबाल**

मोतिहारी 26 अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के बनियापट्टी ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में बड़ा ही आकर्षक श्रीकृष्ण की झांकी सजी गई तथा केक काटकर श्री कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया।उक्त अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके विभा बहन ने कहा कि नई दुनिया के प्रथम प्रिंस श्री कृष्णा होंगे और शीघ्र उनका राज आरंभ होने जा रहा है। सहायक प्रभारी बीके करूणा ने कहा कि पवित्र दुनिया मे ही श्री कृष्ण का जन्म होता है जो स्वयंवर के बाद नारायण बनते है ।बीके अशोक वर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम संगम युग के समाप्ति का वर्ष 2036 है ।नई दुनिया बिल्कुलकृष्ण जन्माष्टमी पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र मे रंगारंग राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति हुई ,केक काटकर मनाया गया जन्मोत्सव मोतिहारी 26 अगस्त अशोक वर्मा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के बनियापट्टी ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में बड़ा ही आकर्षक श्रीकृष्ण की झांकी सजी गई तथा केक काटकर श्री कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके विभा बहन ने कहा कि नई दुनिया के प्रथम प्रिंस श्री कृष्णा होंगे और शीघ्र उनका राज आरंभ होने जा रहा है। सहायक प्रभारी बीके करूणा ने कहा कि पवित्र दुनिया मे ही श्री कृष्ण का जन्म होता है जो स्वयंवर के बाद नारायण बनते है ।बीके अशोक वर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम संगम युग के समाप्ति का वर्ष 2036 है ।नई दुनिया बिल्कुल पावन होगी ।उक्त अवसर पर केक काटकर दीपक जलाया गया। अंशिका कुमारी ,छवि कुमारी और अनोखी कुमारी ने राधा कृष्ण का बड़ा ही सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। यसोदा माता के रूप में थी बीके श्वेता बहन। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से अधिवक्ता बीके शिवपूजन राउत ,बीके बंशीधर भाई, बीके सुरेंद्र भाई, बीके पूनम बहन, बीके अनिता बहन ,बीके प्रतिमा जायसवाल, शशिकला माता बीके सारीका,बीके मुक्ता दीदी आदि थे। पावन होगी ।उक्त अवसर पर केक काटकर दीपक जलाया गया। अंशिका कुमारी ,छवि कुमारी और अनोखी कुमारी ने राधा कृष्ण का बड़ा ही सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।यसोदा माता के रूप में थी बीके श्वेता बहन। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से अधिवक्ता बीके शिवपूजन राउत ,बीके बंशीधर भाई, बीके सुरेंद्र भाई, बीके पूनम बहन, बीके अनिता

# दानीश इकवाल बने राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

मधुबनी जिला के हरलाखीप्रखण्ड के हटबरिया गांव निवासी अजहर इकवाल उर्फ सैयद दानीश इकवाल को राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव पद पर मनोनीत किया गया है. रविवार को पटना प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश व तेजस्वी यादव के सहमति से प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी ने मनोनीत पत्र देकर पार्टी के लिए जिम्मेदारी सौंपा है. इस अवसर पर राजद नेता निशांत शेखर ने कहा कि दानीश इकवाल राजद के लिए वर्षों से ईमानदारी पूर्वक कार्य करते आ रहे है. वह अपने पार्टी के हितों में पहले से बेहतर कार्य करेंगे इसी विश्वास के साथ पार्टी ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. इधर दानीश को जिला प्रधान महासचिव बनाए जाने पर जिलाअध्यक्ष नवल किशोर यादव, निशांत शेखर, मो. असरारुल, राजेश रंजन, प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र शाह, बबलू कुमार यादव, सुजीत यादव, विमल मंडल, अभिजीत मंडल, मो. आलम, मो. इब्राहिम सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है.

# जेपी यूनिवर्सिटी छपरा के अंर्तगत सभी डिग्री कॉलेज मे स्नातक प्रथम वर्ष मे स्पॉट नमांकन 28 अगस्त को

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महराजगंज 26 अगस्त सोमवार। जेपी यूनिवर्सिटी छपरा के अंर्तगत छपरा, सिवान, गोपालगंज जिले के सभी डिग्री कॉलेज मे ऑन लाइन आवेदन कर के वरीयता के अनुसार नामांकन लेने के बाद बाकी बचे छात्र, छात्र को स्नातक प्रथम वर्ष मे नामांकन लेने हेतु जेपी यूनिवर्सिटी छपरा ने एक मौका स्पॉट नामांकन के लिए 28 अगस्त तिथि निधार्रीत किया है। जिसमे सिवान जिला मे डीएवी पीजी कॉलेज, स्थल निधार्रीत किया गया है जब की गोपालगंज जिला के लिए कमला डिग्री कॉलेज, छपरा के लिए जेपी यूनिवर्सिटी के परीक्षा भवन स्थल निधार्रीत किया गया है। ये स्नातक प्रथम वर्ष मे नामांकन के लिए आखरी मौका है। बता दे की ऑनलाइन आवेदन के मार्फत मेघा क्रमांक से नामांकन लेने के बाद अलग अलग विषय मे 17,200 सीट अभी




तक रिक्त है जिसे स्पॉट नामांकन से पुरा करना है। स्पॉट नामांकन मे छात्र छात्र को इंटर के अंक प्रमाण पत्र, एसएलसी, और अन्य जरूरी कागजात, आधार, बैंक पास बुक, डक्यूमेंट और फि प्रायोगिक विषय के लिए,2855 रूपया और बिना प्रायोगिक विषय के लिए 2255 रूपया देना होगा।

# दादी प्रकाशमणि का जीवन विश्व बंधुत्व की भावना का था जीता-जागता स्वरूप



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ,**
**मोहम्मद जुबैर**

दादी प्रकाशमणि का जीवन विश्व बंधुत्व की भावना का जीता-जागता स्वरूप था।उनके परस्पर स्नेह, सम्मान, सहयोग, विश्वास, सत्यता, नम्रता, सहनशीलता, एकता जैसे गुणों की धारणा अपनाकर हम विश्व बंधुत्व के सच्चे संदेशवाहक बन सकते हैं। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मुख्य प्रशासिका डॉ. दादी प्रकाशमणि की 17वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में बीके तरुण ने कही।विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनमानस को विश्व बंधुत्व के आदर्श उदाहरण की आवश्यकता है ताकि लोग उसका अनुसरण करते हुए अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा दे सकें। विश्व बंधुत्व की शुरूआत हमें स्व-बंधुत्व से करनी होगी।उन्होंने कहा कि दादी जी के उच्च जीवन आदर्शों को देखते हुए गत वर्ष राष्ट्रपति ने उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया।इसके साथ ही उनके रहते उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. तरुण चौधरी ने कहा कि वर्तमान में देश और समाज अनेक प्रकार के भेदों में बंटा हुआ है, जिससे लड़ाई-झगड़ा, हिंसा बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे समय पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस मनाना और जन-जन में इसकी भावना को संप्रेषित करने का जो भागीरथ प्रयास हो रहा है, वह सराहनीय है।विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के हेड साइंटिस्ट डॉ. आरके तिवारी ने कुछ दिन पहले ब्रह्मा कुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू में बिताये अपने अनुभव का साझा किया।

मौके पर सविता बहन ने सभी का स्वागत करने के बाद मेडिटेशन कराया।कृष्ण भाई ने कार्यक्रम का संचालन किया। ओम प्रकाश भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड उप प्रमुख राजेश कुमार सिंह, सतीश चांदना, कृष्ण मुरारी बगड़िया, शिवकुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, डॉ दशरथ तिवारी, निर्दोष भाई, विनय भाई आदि उपस्थित थे।

# समस्तीपुर में कुत्ता बना ह्यकालह्न तीन युवकों में से एक की मौत, दो लोगों की हालत गंभीर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ,**
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत जितवारपुर चौथ के पास कुत्ते के कारण हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल से डॉक्टर ने उद्दउल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन समस्तीपुर शहर के ही एक निजी क्लीनिक में इलाज करवा रहे हें इस हादसे में मरने वाले युवक की पहचान अजय कुमार के रूप में की गयी है।वहीं जख्मी युवक की पहचान तेजनारायण राय और चंदन कुमार के रूप में हुई है। मृतक व जख्मी अंगारघाट थाना क्षेत्र के सुपौल गांव के निवासी बताए गए हैं।मिली जानकारी के अनुसार, अजय हाजीपुर में चालक का काम करता है। वह रविवार रात करीब दस बजे के बाद समस्तीपुर स्टेशन पर उतरा था। उसी को स्टेशन से लाने के लिए तेजनारायण और चंदन





बाइक से स्टेशन गए थे ।बताया गया है कि समस्तीपुर स्टेशन से उजियारपुर लौटने के क्रम में जितवारपुर चौथ के पास बीच सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया। जिससे बचने के क्रम में बाइक असंतुलित हो दुर्घटना का शिकार हो गयी। हादसे के बाद तीनों युवक सड़क पर गिरकर कराहने लगे। इसके बाद आसपास के लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची।टीम में शामिल अजय कुमार, एसके झा और अंजली कुमारी ने तीनों युवक को समस्तीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया।बताया गया है कि इलाज के क्रम में अजय की मौत हो गयी

# गंदे राजनीति से गंदे पानी पीने पर है लोग मजबूर महीनों से है खराब नल जल जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड चकमेंहसी पंचायत के वार्ड नंबर 8 में कई महीनो से नल जल खराब पड़ा हुआ है जिससे स्थानीय लोग गंदे पानी पीने पर मजबूर है वही स्थानीय लोगों कहना है कि वार्ड नंबर 8 के वार्ड सदस्य ?100 वसूल कर कई बार बनवाया लेकिन कामयाब नहीं हुआ अब पूरी तरह से मोटर खराब हो चुका है ना प्रतिनिधि सुनता है नहीं पी एचडी के अधिकारी लोग सुन रहे हैं जिसकी वजह से इस वार्ड में नल जल कई महीनो से खराब है नल जल का मोटर कई महीना पहले खोलकर ले जाया गया लेकिन अभी तक मोटर की मरम्मत नहीं हो पाई और नल जल का भवन तो दिखाई पड़ता है लेकिन नल जल का पानी प्राप्त नहीं है आज स्थानीय लोगों ने बताया कि किसी के ँल्लस्त्रि४स्त्र में से बालू गिरता है तो किसी के हैंड पाइप में से सड़ा हुआ



पानी निकलता है बारिश की वजह से वही पानी हम लोग पीने में मजबूर हैं उधर नल जल भवन के संचालक ने कहा कि मेरे जमीन में नल जल का भवन यह कहकर तैयार किया गया था कि हर महीने पैसे मिलेंगे जब के पैसे भी सरकार द्वारा आया लेकिन वार्ड मेंबर सारे के सारा पैसा खा गया स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वार्ड के सदस्य मोहम्मद अब्बास अंसारी ने दिलासा तो दिया लेकिन आज तक नल जल खराब पड़े हुए नहीं बन सका इस मामले में जब मेरी बात पी एचडी के अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसको बनाया जाएगा लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि बस जल्द ही बना लिया जाएगा उधर वार्ड नंबर तीन के पंचायत समिति पति नजरुल इस्लाम ने कहा कि वार्ड नंबर 3 में भी यही हाल है कि आए दिन मोटर जल जाता है तो आए दिन मोटर खराब हो जाता है और पानी लोगों को प्राप्त नहीं होने की वजह से दूर-दूर से पानी लाकर लोग पीने पर मजबूर है अब देखना यह है की खबर का असर कुछ होता भी है या नहीं और यह नल जल भवन जो दिख रहा है उसमें मोटर भी लगता है या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बता ये गा सरकार तो चाहती है कि नल जल का साफ पानी स्वच्छ पानी लोगों तक पहुंच जाए और पहुंचने की हर मुमकिन कोशिश की जाती है लेकिन कहीं ना कहीं गंदी राजनीति करने वाले लोगों की वजह से लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है

## ब्रीफ न्यूज

### बछराजा नदी में डूबने से दो बच्ची की हुई मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा





**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
अबु बकर

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के बरही पंचायत के बीन टोली और बासोपट्टी थाना क्षेत्र के घोड़बंकी गांव के सीमा पर स्थित बछराजा नदी में को डूबने से दो बच्ची की मौत हो गई। दोनों बच्ची की पहचान काजल कुमारी उम्र 14 वर्ष व रूबी कुमारी 14 वर्ष के रूप में किया गया है ।जानकारी के अनुसार दोनो बच्ची नदी किनारे घास काटने गई थी ।उसी दौरान दोनों बच्ची नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे पर जाने के लिए नदी में छलांग लगाया ।उसी दौरान दोनों डूब गई। को लाश को काफी खोजबीन ग्रामीणों के द्वारा किया गया ।परंतु लाश नहीं मिल पाई ।सोमवार को ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों लाश की खोजबीन कर लिया ।घटना को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। बैरा पंचायत के मुखिया ब्रजकिशोर यादव व बरही पंचायत के मुखिया जामुन चौधरी ने पहुंचकर परिवार के लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया ।साथ ही सरकार के द्वारा मिलने वाले आर्थिक मदद को लेकर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### गृहमंत्री अमित शाह से मिले रालोजपा अध्यक्ष पशुपति पारस; करीब आधे घंटे चली बैठक, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने सोमवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान मौजूद थे। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि आधे घंटे से ज्यादा चली मुलाकात में बिहार की राजनीति एवं अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। आपको बता दें लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे में रालोजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जिसके चलते उन्होने केंद्रीय मंत्रिपद से इस्तीफा दे दिया था।हालांकि एनडीए शामिल रहे थे।वहीं चिराग पासवान की लोजपा (आर) को सीट बंटवारे में पांच सीटें मिली थीं।

### लालू यादव का 'जिन्न' एनडीए के पाले में आ गया; मंगल पांडेय ने राजद से मांगा 15 साल का हिसाब

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और नीतीश कुमार की सरकार में स्वास्थ्य और कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि मतपेटियों से निकलने वाला लालू प्रसाद यादव का ह्यजिन्नह्न अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पाले में आ गया है।याद दिला दें कि जब लालू की राजनीति उफान पर थी तब चुनावों में उनकी पार्टी की जीत पर कहा जाता था कि बैलट बॉक्स से जिन्न निकल रहा है। चुनाव में जिन्न निकलना उस दौर में एक कहावत बन गई थी। मंगल पांडेय ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से 15 साल के शासनकाल का हिसाब भी मांगा है।

मंगल पांडेय ने कहा कि 1995 में लालू के पक्ष में बैलट बॉक्स से निकलने वाला अति पिछड़ों का ह्यजिन्नह्न, उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर 2005 के बाद पूरी तरह से एनडीए के पाले में आ गया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस गठबंधन को 15 साल काम करने का मौका मिला लेकिन इनकी सरकार ने एक तरफ अति पिछड़ों को अपमानित किया और दूसरी तरफ दलितों को नरसंहारों की भेंट चढ़ा दी। मंत्री पांडेय ने कहा कि अब अति पिछड़ों का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ है।

मंगल पांडेय ने सोमवार को जारी बयान में तेजस्वी यादव से पूछा है कि राजद बताए कि अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में अति पिछड़ों, दलितों और महिलाओं को पंचायत चुनाव में आरक्षण क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि एक तो राजद-कांग्रेस ने 23 वर्षों तक पंचायत चुनाव नहीं कराया और जब कराया तो इन वर्गों को आरक्षण से वंचित कर दिया था।

# अमेरिकी कंपनी के नाम पर साइबर फ्रॉड

## बिहार के 300 लोगों से 40 लाख की ठगी, ऑनलाइन ऐप डाउनलोड करने का देते थे टास्क



**पटना।** भारत में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं। अमेरिकी कंपनी GMR मार्केटिंग के नाम पर बिहार में भी 300 लोगों से 40 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पटना के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के रहने वाले भूषण कुमार इसके शिकार हुए हैं। ठगी का शिकार हुए भूषण कुमार ने 15 लोगों के साथ मिलकर साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। भूषण कुमार के बताया, 'पुलिस ने सभी लोगों से कब, कैसे और कितना पैसा लिया गया है, इसकी डिटेल मांगी है।' पीड़ित ने समझाया पूरा प्रोसेस भूषण कुमार ने बताया, 'मुझे एक परिचित से इसके बारे में जानकारी मिली थी। हाजीपुर में कुछ लोगों ने ट्रेनिंग दी थी। वहां बताया कि कैसे पैसा लगाना है और किस तरह से टास्क पूरा करना है।' उन्होंने बताया, 'एक सप्ताह काम करने के बाद एक साथ पैसा मिलता था। मैने शुरू में 3 सप्ताह तक इन्वेस्ट किया और मुनाफा भी कमाया। धीरे-धीरे और भी लोगों को बताया। देखते ही देखते 300 लोगों ने पैसा लगा दिया।'भूषण कुमार ने बताया, 'शातिरों ने एक वेबसाइट बनाया था। जिसकी मदद से दिनभर में अलग-अलग ऐप डाउनलोड करना होता था। फिर इसकी सूचना उनको देनी होती थी। मैंने 15 हजार 800 सिक्योरिटी मनी जमा की थी। मुझे हर रोज 15 टास्क पूरा करना होता था। इसके एवज में कंपनी ने 540 रुपए प्रतिदिन देने की बात कही थी। सप्ताह में एक दिन पूरी रकम मिलती थी। सोमवार से शुक्रवार तक टास्क पूरा करते थे। जो रकम रोजाना मिलता था, उसे ग्रोथ फंड में जमा करते चले गए, लेकिन पैसा नहीं निकला।' ऐप में दिखता था बढ़ा हुआ पैसा भूषण कुमार ने बताया, 'साइबर अपराधियों ने जो वेबसाइट बनाया था। उसमें एक ऑप्शन था, 'नो योर इनकम अमाउंट'। यह ऑप्शन रोजाना इनकम अपडेट होता था।' कंपनी ने लालच बढ़ाने के लिए सभी को शुरूआती दौर में पैसा दिया। जब ज्यादा लोगों ने पैसा लगा दिया, तब कंपनी के लोग गायब हो गए।' कंपनी से लोगों ने पैसा निकालना चाहा, तब हकीकत सामने आई। काफी कोशिश करने के बाद पैसा नहीं निकला। पूछने पर कर्मियों ने बताया कि कंपनी का सालगिरह मनाया जा रहा है। इसलिए पैसा एक सप्ताह तक नहीं निकाल सकता है। 3 सप्ताह बीत जाने के बाद जब पैसा नहीं निकला तो हमलोग परेशान हो गए। कंपनी की ओर से फिर कहा गया कि जितना पैसा आप लोगों का बनता है, उस हिसाब से टैक्स जमा कर दीजिए। इसके बाद आपका पेमेंट होगा। इसपर हमलोगों को शक हुआ। लालच में आकर कुछ लोगों ने पैसा भेज दिया, लेकिन उनका पेमेंट नहीं आया। जिसके बाद हमलोगों ने शिकायत करने का निर्णय लिया। क्या कहते हैं थानाध्यक्ष साइबर थाना के थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कुल 300 लोगों का पैसा फंसा है। कंपनी के बने वेबसाइट और वॉट्सऐप ग्रुप की जांच की जा रही है। पुलिस ने सभी लोगों से पैसा भेजने का डिटेल मांगा है।

## बच्ची का गला रेता,सूटकेस में बंद कर फेंका पेट-गर्दन पर भी जख्म



**मुजफ्फरपुर।** में धारदार हथियार से गला रेतकर 3 साल की बच्ची की हत्या की गई। उसकी गर्दन और पेट पर भी जख्म के गहरे निशान हैं। बच्ची की लाश शनिवार को उसके घर के पीछे एक लाल सूटकेस में बंद मिली। मासूम की पहचान मिठनपुरा थाना के रामबाग स्थित जानकी बल्लभ शास्त्री लेन के रहनेवाले मनोज कुमार की बेटी मिस्टी के तौर पर हुई है। मिस्टी की मां काजल लापता है। शुक्रवार की शाम चार बजे से काजल का फोन स्विच ऑफ है। उसका आखिरी लोकेशन रामपुर हरि थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी रोड में ट्रेस किया गया है। बच्ची के पिता मनोज ने चार साल पहले काजल से शादी की थी। काजल रेड लाइट एरिया में रहती थी। वो अपने पति से मौसी के बर्थ-डे में जाने की बात बोलकर घर से निकली थी। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होने काजल को अकेले जाते देखा था। फिलहाल, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। फरार मां के सामने आने के बाद ही घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो पाएगी। मनोज का परिवार एक मंजिला मकान में किराए पर रहता था। आशंका है कि धारदार हथियार से बच्ची की हत्या कर सूटकेस में बंद कर ऊपर से फेंका गया है। कुछ लोगों ने मां को अकेले जाते देखा था बच्ची की हत्या के बाद से इलाके में कई तरह की चर्चा है। काजल ने पति से कहा था कि वो अपनी मौसी के जन्मदिन की पार्टी में जाएगी। हालांकि, मोहल्ले के कुछ लोगों ने शुक्रवार दोपहर काजल को अकेले जाते देखा था। इस दौरान बच्ची उसके साथ नहीं थी। पुलिस की एक टीम सुराग जुटाने के लिए मोहल्ले में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। हालांकि, अभी ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। स्थानीय लोगों से पूछताछ कर पुलिस जानकारी जुटा रही है।कचरे के ढेर के पास सूटकेस में शव मिलने के बाद वार्ड पार्षद मो. इकबाल हुसैन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। थानेदार राम इकबाल प्रसाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब सूटकेस खोला, तब उसके भी होश उड़ गए। इसके बाद एफएसएल को बुलाया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला सामने आया है। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिएएसकेएमसीएच भेज दिया। इससे पूर्व बच्ची के शव की पहचान पिता मनोज कुमार ने की।

# पुलिस पर हमला करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**नालंदा।** पुलिस ने सरमेरा थाना क्षेत्र में टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी पिछले साल हुई एक हिंसक घटना के मामले में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी मो.अजहरुद्दीन ने बताया कि 5 सितंबर 2023 को सरमेरा थाना अंतर्गत पैंठी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में पुलिस पर भी हमला किया गया था। घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए थे। मामले में 9 नामजद अभियुक्तों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरमेरा-मोकामा रोड के पैंठी मोड़ के पास से श्रवण महतो उर्फ मुखी महतो (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया। कई आपराधिक मामले दर्ज है श्रवण महतो पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सरमेरा थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, दंगा और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराएं शामिल हैं। इस गिरफ्तारी में सरमेरा थाना के एसएचओ सह प्रशिक्षु डीएसपी मो. अजहरुद्दीन के नेतृत्व में एक विशेष टीम शामिल थी। टीम में एसआई विकाश कुमार यादव, एएसआई रितु रंजन और एएसआई विक्रम कुमार शामिल थे।

# शरीफ में सिपाही भर्ती परीक्षा, यातायात में बदलाव



**नालंदा।** केंद्रीय चयन परिषद की ओर से आयोजित होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर बिहार शरीफ में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। आज रविवार को होने वाली इस महत्वपूर्ण परीक्षा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए हैं। नालंदा जिला मुख्यालय के 25 केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 2 बजे तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। यातायात व्यवस्था में बदलाव सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ और ट्रैफिक डीएसपी की ओ से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक निम्नलिखित यातायात परिवर्तन लागू रहेंगे - अस्पताल चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। रेलवे स्टेशन से सोहसराय और रामचंद्र की ओर जाने वाले वाहनों के लिए नया मार्ग निर्धारित किया गया है। नालंदा समाहरणालय और सोगरा उच्च विद्यालय की ओर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। बाहर से आने वाली बसों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन ने 36 स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की है। अधिकारियों ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले निकलें और नए यातायात नियमों का पालन करें।

# राजगीर के कुंडों में फिर गिरने लगी गर्म जलधाराएं



**नालंदा।** बिहार के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में एक आश्चर्यजनक घटना ने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को हर्षित कर दिया है। लंबे समय से सूखे पड़े कुंडों में फिर से गर्म पानी की धाराएं बहने लगी हैं, जो इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। वैभारगिरि पर्वत की तलहटी में स्थित ब्रह्म कुण्ड परिसर, जो गंगा-जमुना और मार्कंडेय कुंडों के लिए प्रसिद्ध है, पिछले कुछ वर्षों से जल संकट का सामना कर रहा था। फरवरी माह से बंद पड़े इन कुंडों में अब मोटी गर्म जल धाराएं आने लगी हैं। पंडा कमेटी के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि यह देखना अविश्वसनीय है कि कैसे मृतप्राय हो चुके कुंडों में जीवन वापस लौट आया है। यह प्राकृतिक चक्र का एक अद्भुत उदाहरण है। खिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इन कुंडों का महत्व केवल पर्यटन तक ही सीमित नहीं है। पुरुषोत्तम मास मेला, मकर मेला और श्रावणी मेला जैसे धार्मिक अवसरों पर इन कुंडों का विशेष महत्व होता है। लोग दूर-दूर से स्नान, ध्यान, और पूजा-अर्चना के लिए यहां आते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अपर्याप्त वर्षा के कारण न केवल गंगा-जमुना और मार्कंडेय कुंड, बल्कि प्रसिद्ध सप्तधारा भी सूखने के कगार पर थी। यह स्थिति स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया था। हालांकि, इस वर्ष लगातार बारिश ने परिदृश्य को बदल दिया है। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर उपाध्याय ने कहा की वर्षा जलधाराओं के लिए संजीवनी साबित हुई है।

## बेटी की मौत का गम, मां ट्रेन के आगे कूदी



**समस्तीपुर।** में शनिवार को एक महिला ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। वो समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर की ओर जा रही बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस आगे कूद गई। वो बीच ट्रैक पर थी, लेकिन संयोग से उसकी जान बच गई, जबकि उसके ऊपर से आधी ट्रेन गुजर गई। हालांकि उसे सिर में गहरी चोट आई है। लोको पायलट ने ट्रेन रोकी, स्थानीय लोगों ने उसे जीवित देखकर गाड़ी के नीचे से निकाला और सदर अस्पताल ले गए। महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिलौत गांव के अविनाश झा की पत्नी शोभा देवी है। शहर के आजाद चौक के पास भाड़े के मकान पर रहती है। दो माह पहले उसकी बेटी की मौत हो गई थी। तब से वो गम में डूबी रहती है। अस्पताल में वो बार-बार कह रही थी, मुझे जीना नहीं बेटी के पास जाना है।

ट्रेन के आगे कूदने से पहले उसने अपनी मां का मोबाइल नंबर कागज के टुकड़े में अपने पास रखा था। ताकि मरने के बाद लोग लाश को परिजनों तक पहुंचा दे। घटना भोला टॉकीज रेलवे गुमटी के पास की है। घायल महिला से लोग सदर अस्पताल में पूछताछ कर रहे थे।

## संक्षिप्त डायरी

### भारत गौरव ट्रेन को सांसद शांभवी ने दिखाई हरी झंडी



**समस्तीपुर।** में IRCTC द्वारा चलाई गई भारत गौरव ट्रेन का समस्तीपुर स्टेशन पर स्थानीय सांसद शांभवी और MLC डॉक्टर तरुण चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए रवाना किया। यह ट्रेन बेतिया से खुलकर शाम 5 बजे समस्तीपुर पहुंची थी।इस ट्रेन का पहला पड़ाव उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन के साथ होगा। दूसरा पड़ाव द्वारिका में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और द्वारिकाधीश का दर्शन कराया जाएगा। सोमनाथ में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिरडी में साईं बाबा का दर्शन और नासिक में त्रंयबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और शनि सिंगनापुर मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। दर्शन कराए जाने के बाद यह ट्रेन 3 सितंबर को उसी रास्ते वापस लौट आएगी।इस मौके पर हरी झंडी दिखाते हुए सांसद शांभवी ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से मिलकर यात्रा की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना के कारण आज भारत के लोग बहुत कम राशि खर्च करने के बाद धार्मिक स्थलों का दर्शन कर रहे हैं। रेलवे द्वारा ट्रेन में उनके खाने-पीने तक की व्यवस्था की जा रही है। जबकि धार्मिक स्थल पर उनके लिए रहने के लिए भी व्यवस्था रेलवे करती है। भारत गौरव ट्रेन के परिचालन के बाद बड़ी संख्या में लोग धार्मिक स्थलों पर जा रहे हैं। उधर एमएलसी डॉक्टर तरुण चौधरी ने ट्रेन में यात्रियों से मिलकर शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के बाद धार्मिक स्थलों की भी दशा बदली है। सुविधा उपलब्ध होने पर लोग दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं।

### डिलीवरी ब्वॉय से लूटपाट:2 बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर लूटा 20 हजार कैश



**समस्तीपुर।** में शनिवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने डिलीवरी देकर लौट रहे फ्लिपकार्ट कंपनी के कर्मी सुशांत कुमार से हथियार के बल पर करीब 20 हजार नगद और 30 हजार का सामान आदि छीन लिया। इस दौरान प्रतिरोध करने पर बदमाशों ने फ्लिपकार्ट कंपनी कर्मी के साथ मारपीट भी की। घटना मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के बिशनपुर बेरी मछली बारी बाबा चिमनी के पास घटी है।घटना की सूचना पर मोहिउद्दीन नगर थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। पीड़ित कर्मी सुशांत ने बताया कि वह जौनापुर से डिलीवरी देकर वापस मोहिउद्दीन नगर लौट रहा था। इसी दौरान मछली बारी के पास पूर्व से घात लगाए दो बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसके साथ लूटपाट की। बदमाशों की संख्या दो बताई गई है, जो एक ही बाइक पर सवार थे। घटना को अंजाम देने के बाद जौनापुर गंगा दियारा की ओर फरार हो गए।पीड़ित कर्मी ने बताया कि बदमाश उससे पार्सल होने की बात कह कर रोका और फिर उसका बैग छीनने लगा। उसने प्रतिरोध किया और एक बदमाश को वह उठाकर पटक भी दिया। इसी दौरान दूसरे बदमाश ने पीछे से पिस्तौल तान दी। इसके बाद वह काफी डर गया फिर दोनों बदमाश उनके बैग नगद कैश मोबाइल आदि छीन कर फरार हो गया। मोहिउद्दीन नगर थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए हैं। बदमाशों की भागने की दिशा में पुलिस की एक टीम को भेजा गया है। जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### समस्तीपुर में बिजली उपभोक्ताओं ने जताया रोष

**समस्तीपुर।** में प्रीपेड स्मार्ट मीटर को परखने का ताजपुर प्रखंड और नगर परिषद क्षेत्र में 15 दिनी अभियान का आज अंतिम दिन था। इस दौरान विद्युत सुधार संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक सह भाकपा-माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जनता द्वारा प्रीपेड मीटर में कई खामियां मसलन तेज चलना, शॉर्ट लगने पर उच्चतर लोड दर्ज हो जाना, रिचार्ज के बावजूद आपूर्ति बंद रहना, मीटर अपडेट बाधित रहना, सर्वर डाउन रहने पर रिचार्ज नहीं होना, रिचार्ज समाप्त होने का मैसेज नहीं आना, मीटर और बिल में गड़बड़ी का स्थानीय स्तर पर सुधार नहीं होना, मीटर रेंट ज्यादा होना आदि बताया गया है। ये सही प्रतीत होता है। मान्य नेता ताजपुर में प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध जता रहे थे। इस मौके पर स्थानीय स्तर पर भी लोगों ने प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध किया।इस दौरान भाकपा माले के सदस्यताजपुर अस्पताल चौक के सुरेश कुमार, मानपूरा के मो.अस्लम, अस्पताल रोड के मो.परवेज आदि के यहां जाकर उनकी शिकायतों को देखा, समझा और शिकायत को सही पाया। इसके बाद कार्यपालक अभियंता से शिकायत दर्ज भी कराया। प्रीपेड मीटर ठीक होने का विभागीय दावा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए माले नेता ने कहा कि तमाम सरकारी योजनाओं को प्रमोट मंत्री, अधिकारी करते हैं। क्यों नहीं प्रीपेड मीटर पहले मंत्री, सरकारी विभाग और कार्यालय, अधिकारियों के आवास, अदालत, स्कूल, कॉलेज आदि जगहों पर लगाया जाना चाहिए।

## मरीन ड्राइव के पास युवती का मिला शव



**पटना।** में मरीन ड्राइव के पास गंगा नदी किनारे एक अज्ञात युवती का शव मिला है। डेड बॉडी पर कोई कपड़ा नहीं था। बुद्धा कॉलोनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान नहीं हो सकी थानाध्यक्ष सदानंद शाह ने बताया कि शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल के आसपास दियारा इलाके में कुछ लोग झुग्गियों में रहते हैं। वहां से भी कुछ लोगों को बुलाया गया था, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए दूसरे थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

बता दें, मरीन ड्राइव पर शाम के समय काफी भीड़ जुटती है। देर रात तक घाटों पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके बाद भी सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है।

## अंडों से कमा रहे 36 लाख सालाना

# इंटर के बाद शुरू किया कारोबार, 15 लोगों को दिया जॉब; पहली बार 70 लाख का नुकसान हुआ



**भोजपुर।** के विकास कुमार सिंह ने इंटर पास करने के बाद अगस्त, 2019 में पोल्ट्री फॉर्म का कारोबार स्टार्ट किया था। उन्होंने बताया, 'इस काम को 1 करोड़ 16 लाख की लागत से शुरू किया था, लेकिन कोरोना की वजह से लॉकडाउन लग गया, जिससे करीब 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। हालांकि, हमने हार नहीं मानी और काम को जारी रखा।' विकास आज 20 हजार मुर्गियों से रोजाना अंडे ले रहे हैं। फिलहाल एक अंडा 4 रुपए के हिसाब से बिक रहा हैं। विकास ने बताया, 'मेरा फोकस अंडों के उत्पादन पर है। आज एक महीने में करीब 3 लाख रुपए की बचत हो रही है। ठंड के मौसम में मुनाफा और बढ़ जाता है।' विकास बिहिया प्रखंड के बासुदेवपुर गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 15 लोगों को जॉब भी दिया है। विकास के दो भाई हैं। दोनों सरकारी जॉब में हैं। विकास इंटर पास करने के बाद खुद के कारोबार की प्लानिंग कर रहे थे। इस दौरान भाइयों ने पोल्ट्री फार्मिंग का आइडिया दिया। इसके बाद विकास ने ट्रेनिंग ली। फिर बैंक से लोन लेकर अपनी ही जमीन पर पोल्ट्री फार्मिंग की शुरूआत की। सबसे पहले उन्होंने बैंकिज जाति के 18 हजार चूजों को पंजाब से खरीदा। उस दौरान एक चूजे की कीमत 44-45 रुपए थी। वो बड़ी होकर मुर्गियां बनी और जिससे रोजाना 16 हजार अंडे मिले। विकास ने बताया कि आज के समय में प्रोटीन के तौर पर अंडे की खपत बढ़ती जा रही है। इससे अच्छी कमाई भी हो रही है। मुर्गियों की देख भाल के लिए फॉर्म में 15 महिला और एक पुरुष स्टाफ है। सभी को 15 हजार रुपए सैलरी मिलती हैं। विकास ने बताया कि 'इन अंडों को बिहिया, शाहपुर, बक्सर के ब्रह्मपुर, डुमरांव, पटना और भोजपुर में सप्लाई करते हैं। अंडा का रेट हर रोज तय होता है। साल में दो बार हैदराबाद और पंजाब के वरमाला के अंडा कारोबारी यह रेट तय करते हैं।' विकास ने बताया, '20 हजार मुर्गियां प्रतिदिन 15 क्विंटल दाना खाती है। बाजार में दो हजार रुपए प्रति क्विंटल दाना मिलता है। इसमें करीब 30 हजार रुपए खर्च हो जाते हैं। इसके साथ ही मुर्गियों के लिए ऑटो पानी पीने की व्यवस्था की गई है। इससे मुर्गियों को जब भी प्यास लगेगी, वो खुद पानी पी सकती है। इसके लिए हर मुर्गी के पिंजड़े में एक ऑटो नल की व्यवस्था की गई है। मुर्गी के चोंच लगाते ही नल से पानी निकलने लगता है। विकास ने बताया कि जब भी चूजा फॉर्म में लाया जाता है, उसी दौरान उसे इंजेक्शन दे दिया जाता है। इससे उन्हें रानीखेत नामक बीमारी नहीं होती है। साथ ही मुर्गियों की जांच के लिए फॉर्म में हर सप्ताह दो बार डॉक्टर आते हैं।

बेगूसराय के अभिषेक ने 2022 में अपनी जमीन पर कांट्रैक्ट पोल्ट्री फॉर्म का काम शुरू किया। जॉब नहीं करने की जिद ने उन्हें बिजनेस के लिए प्रेरित किया।

# ब्रज के विकास एवं अपने ऊपर पुलिस कार्यवाही के कुचक्र के विषय में दिनेश शर्मा को अपना लिखित पक्ष रखने के लिए मुख्यमंत्री जी से मिलवाया जाए न्यास

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की बैठक मधुबन स्थित ध्रुव नारायण मंदिर पर आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से न्यास के पदाधिकारी ने एक स्वर होकर श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष हिंदूवादी दिनेश शर्मा को मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से मिलने एवं अपनी बात रखने की मांग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी भगवान श्री कृष्ण की पावन जन्मभूमि पर पधार रहे हैं वह संपूर्ण भारतवर्ष के हिंदुत्व छवि के सबसे लोकप्रिय शख्स एवं परम कृष्ण भक्त हैं इसलिए पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के कृष्ण भक्त श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह मामले के मुख्य हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा को संघ एवं भाजपा के पदाधिकारी व प्रशासन मुख्यमंत्री जी से मिलने की व्यवस्था करें ताकि वह अपने द्वारा ब्रज के विकास, तथा अपनी वेदना को पत्र के माध्यम से स्वयं अपने हाथों से सौप सके हमें उनकी सुरक्षा की परम आवश्यकता है प्रशासन आज तक दिनेश शर्मा को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सका यह सब प्रश्न यक्ष प्रश्न बनकर सामने हैं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष एवं हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय योगी आदित्यनाथ को मे भगवान का अवतार मानता हूं, वह हनुमान जी के अवतार हैं आज संपूर्ण भारतवर्ष में उनसे बड़ा कोई हिंदुत्व का चेहरा नहीं है मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं उनसे मिलकर संपूर्ण ब्रज के उत्थान एवं विकास में अपनी सहभागिता देते हुए उनको एक पत्र सौप कर उनका





ध्यान आकर्षित कराते हुए यह बताउ की किस प्रकार से श्री कृष्ण जन्मभूमि का पक्षकार होने के नाते, भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण कि जब तक जन्मभूमि की जगह से इस्लामिक इमारत को नहीं हटाया जाता इस लड़ाई को लड़ता रहूंगा मुझे समय-समय पर प्रशासनिक कुचक्र के तहत याचनाएं दी जाती हैं, उनसे मिलकर मैं अपनी वेदना रखना चाहता हूं और भगवान श्री कृष्ण की पावन नगरी को और अधिक भव्य बनाया जा सकता है पानी के निकास एवं ब्रज के सर्वांगीण विकास को और अधिक तेजी से किस प्रकार किया जा सकता है वह संपूर्ण भारतवर्ष के सबसे बड़े सुबे के मुखिया हैं वह मेरी बात पर ध्यान अवश्य देंगे ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है आचार्य बलराम जी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी संत उपासक भी हैं वह समय-समय पर ब्रज की प्रसिद्ध संतों से मिले हैं इसलिए परम आवश्यक हो जाता है श्री कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा को जो अन्न त्याग कर भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण की लड़ाई लड़ रहे हैं उनकी मुलाकात परम आवश्यक है जिससे वह अपनी वेदना लिखित पत्र के माध्यम से उनके सामने रख सके आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि जो व्यक्ति नंगे पर रहकर हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाता हो ऐसे परम त्यागी व्यक्तित्व को मुख्यमंत्री जी को मिलना चाहिए इस अवसर पर बैठक को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा, राष्ट्रीय सचिव जयराम शर्मा, महानगर अध्यक्ष, ठाकुर नरेश सिंह मधुबन महंत हरिदास बाबा, आदि रहे बैठक का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने किया बैठक में मुख्य रूप से, डॉ जमुना देवी शर्मा, महीला जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, प्रदेश सचिव राजेश कृष्ण शास्त्री, महानगर महामंत्री राहुल गौतम, मोहनदास बाबा, रामदेव यादव, लखबीर सिंह बघेल, केदार पहलवान, अष्टयाम बैरागी, ठाकुर सूरजमल, गंभीर बघेल, महेश भट्ट, आदि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त डायरी

### मंच पर आरती करते हुए मंत्री योगेश अग्रवाल



**मथुरा।** आज श्री कृष्ण जन्मस्थान लीला मंच पर पर श्री कृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान के तत्वाधान मै श्री कृष्ण जन्म महोत्सव समिति द्वारा 6 दिवसीय श्री कृष्ण लीलाओ का शुभारम्भ श्री गणेश पूजा के साथ प्रारम्भ हुआ इस अवसर संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा हिन्दू वादी श्री गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल महोत्सव समिति के मंत्री श्री योगेश अग्रवाल द्वारा राधा कृष्ण की आरती उतारी श्री अग्रवाल ने बतलाया इस बार जन्मआष्टमी के अवसर पर जन्मस्थान को भव्य रूप से सजाया गया है 26 अगस्त को प्रातः प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी जन्म स्थान पर पधार कर पूजा अर्चना करेंगे

### श्रीकृष्ण जन्मस्थान से निकलेगी शोभायात्रा, शामिल होंगे मुख्यमंत्री 1037 करोड़ की 178 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण के 5251 में जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को मथुरा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा तीन दिन तक चलने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह हेमा मालिनी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाली नृत्य नाटिका को देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को 5 बजकर 55 मिनट पर पहुंचेंगे। यहां वह ब्रज विकास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्म उत्सव का विशाल बैलून उड़ाकर शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह यहां पौने दो घंटे तक रहेंगे।

### जय गुरुदेव मंदिर के पास चले लाठी डंडे



थाना हाईवे क्षेत्र के जय गुरुदेव मंदिर के पास दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके साथ ही पास ही लगे सीसीटीवी में भी मारपीट की घटना कैद हुई। जहां कुछ नामजद युवकों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट कर दी और जमकर चले लाठी डंडे, घटना पास के ही सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। लेकिन झगड़ा का वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गया। जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### योगी सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए

**आईपीएस द्विवंकल जैन को मथुरा से नोएडा भेजा गया। योगी सरकार ने रविवार को 18 आईपीएस के ट्रांसफर किए यह सभी 2021 और 2022 बैच के अफसर है।**

# पुलिस भर्ती परीक्षा का आज तीसरा दिन सुबह से केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़



**आगरा।** में आज तीसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा है। पहली शिफ्ट में एग्जाम सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। करीब 24 हजार अभ्यर्थी परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड हैं। दो दिन में करीब 16 हजार अभ्यर्थियों ने एग्जाम छोड़े। कड़ी चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जा रहा है। एआई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। आगरा में अब तक एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया है। आगरा के 27 केंद्रों पर चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन कुल 15551 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया तो वहीं 7669 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में जहां 11760 के सापेक्ष 7701 ने परीक्षा दी, जिसमें 4059 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 11760 के सापेक्ष 7850 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 3921 अनुपस्थित रहे। कुल 15,551 अभ्यर्थी शामिल हुए, 7969 ने परीक्षा छोड़ी। बता दें कि पहले दिन 8322 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं आए थे पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षा कक्ष की निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम से सभी व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले ही अभ्यर्थियों की एंट्री दी जा रही है। परीक्षा से आधे घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिया जा रहा है। परीक्षा में फर्जी अभ्यार्थी पकड़ने के लिए एआई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसके तहत पहले आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड को शामिल किया गया है। इस बार परीक्षा में बैठने वाले अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र और चेहर के फोटो का एआई तकनीक से मिलान किया जा रहा है।

इससे ये पता लगाया जा रहा है कि अभ्यर्थी की जगह कोई और तो परीक्षा में नहीं बैठा। उसने अपना रूप तो नहीं बदला या फोटो में मिक्सिंग तो नहीं की गई

# विवि कैंपस के बाहर बदहवास मिली छात्रा



**आगरा।** में पिछले दिनों जबरन कार में रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती रविवार को बदहवास हालत में मिली। युवती के पास एक बैग भी था। युवती को देखकर लोग मदद की बजाए उसका वीडियो बनाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती मानसिक रूप से बीमार लग रही है। उसे मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती कराया गया है। खंदारी परिसर की एक छात्रा ने अपने सीनियर पर जबरन रेप का आरोप लगाया था। इसका मुकदमा थाना सिकंदरा में दर्ज किया गया था। युवती ने जिस पर आरोप लगाया था, उस युवकी लोकशन जम्मू-कश्मीर के कॉलेज में मिली थी। पुलिस केस में साक्ष्य संकलन कर रही है। इसी बीच आरोप लगाने वाली छात्रा रविवार को खंदारी कैंपस के बाद बदहवास हालत में मिली। लोगों ने बताया कि खंदारी कैंपस के पास युवती अपने कपडे. उतराने लगी। लोगों की भीड़ लग गई। मदद की बजाए उसका वीडियो बनाने लगे। सूचना पर सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस पहुंच गए।

# सरकारी गेहूं की कालाबाजारी का आरोप ग्रामीणों और प्रधान प्रतिनिधि ने किया हंगामा:पुलिस के किया हवाले



**आगरा।** में लगातार सरकारी गेहूं और चावल की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। शनिवार को भी खुलेआम सरकारी गेहूं सरकारी खातों में मयूरी में जा रहा था। प्रधान प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने सरकारी गेहूं को पकड़ने पर जमकर हंगामा किया। पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों और प्रधान प्रतिनिधि ने पकड़ा ब्लॉक बरौली अहीर के ग्राम पंचायत रजराई में शनिवार की शाम को एक मयूरी में सरकारी गेहूं के कट्टे लदकर जा रहे थे। ग्रामीणों के साथ प्रधान प्रतिनिधि रवि तिवारी द्वारा सरकारी गेहूं की मयूरी गाड़ी को रोक लिया गया। पूछताछ करने पर रवि तिवारी ने बताया है कि सरकारी सस्ते गल्ला की दुकान से खरीदा गया है। जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने जमकर हंगामा कर दिया। कार्रवाई की मांग करने लगे। प्रधान प्रतिनिधि रवि तिवारी के द्वारा बताया गया है कि उन्होंने थाना ताजगंज पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और मयूरी को कब्जे में ले लिया है। रवि तिवारी ने बताया है कि गांव के राशन डीलर नरेंद्र उपाध्याय के यहां से गेहूं आया है। जिसे राशन डीजल अपना व्यक्तिगत गेहूं बता रहे हैं। कम राशन मिलने की थी शिकायत फिलहाल पुलिस ने सप्लाई इंस्पेक्टर को अवगत करा दिया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रधान प्रतिनिधि रवि तिवारी ने बताया है कि काफी समय से कम राशन मिलने की भी लगातार शिकायत मिल रही थी। इसलिए सभी ग्रामीण राशन पकड़े जाने पर हंगामा करने लगे।

# ताजमहल के मुख्य गुंबद तक ले जा सकेंगे पानी बोतल



**आगरा।** ताजमहल में अब मुख्य गुंबद पर पानी की बोतल ले जाने की सुविधा मिल सकेगी। श्रावण मास खत्म होते ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने फिर से इस व्यवस्था को लागू कर दिया है। पानी की बोतल पर रोक के चलते पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कुछ दिनों पहले अखिल भारत हिन्दू महासभा के दो पदाधिकारियों और एक महिला नेत्री ने पानी की बोतल में गंगाजल ले जाकर कब्रों की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर चढ़ा दिया था। इसको लेकर हड़कंप मच गया था। इसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने मुख्य गुंबद के तक पानी की बोतल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि पानी की बोतल न ले जाने देने से पर्यटकों को काफी परेशानी हो रही थी। गर्मी और उमस में पर्यटक बिना पानी के बेहाल हो रहे थे। यूपी टूरिस्ट गाइड्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक दान ने पानी की बोतले ले जाने देने के लिए अधीक्षण पुरातत्वविद से बात की थी। उन्होंने सावन महीने के खत्म होने के बाद इस व्यवस्था को फिर से लागू कराने का आश्वासन दिया था। अब पानी की बोतल ले जाने की व्यवस्था फिर से बहाल कर दी गई है। इससे पर्यटकों को राहत मिलेगी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन को लेकर सीएम योगी का निर्देश



**मथुरा।** कृष्ण जन्मभूमि क्रक और आतंकी संगठनों के निशाने पर, सुरक्षा के करें जाए पुख्ता इंतजाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृष्ण जन्मभूमि को लेकर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी पर्व 25 और 26 अगस्त को मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में होंगे। मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है। तथा क्रक व अन्य आतंकी संगठनों के निशाने पर है। इसकी विशेष सुरक्षा समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।

# युवक ने किया सुसाइड का प्रयास गर्लफ्रेंड के बात नहीं करने से नाराज था



**आगरा।** के थाना हरीपर्वत अंतर्गत लगडे. की चौकी में एक युवक ने रविवार को एक तरफा प्यार में सुसाइड करने का प्रयास किया। युवक ने गर्लफ्रेंड के बात न करने पर अपने हाथ-पैर की नस काट ली। आस पास के लोगों ने युवक को समझाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह से उसे समझाकर अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उसका इलाज चल रहा है। घर में पहली मंजिल पर रहता था आगरा के थाना हरीपर्वत के रिंग रोड चौकी इंचार्ज को सूचना मिली कि लंगड़े की चौकी क्षेत्र के मस्ता की बगीची इलाके में रहने वाले युवक सूरज ने अपने हाथ पैरों को काट लिया है। उसके शरीर से खून बह रहा है। युवक इलाज के लिए आने को तैयार नहीं है। सूचना पर तत्काल सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार अपने साथ सिपाही को लेकर मौके पर पहुंचे। युवक के घर पहुंचने पर पूरे घर मे खून फैला हुआ था। युवक के हाथ और पैरों से काफी खून बह रहा था। परिजन और मोहल्ले के लोगों की भीड़ लगी थी। युवक पहली मंजिल पर बने कमरे में था। लोग उसे समझाकर इलाज के लिए ले जाने की बात कह रहे थे। लेकिन वो चीख रहा था। गर्लफ्रेंड पर लगाया धोखा देने का आरोप पुलिस युवक के पास पहुंची। उसे अपने साथ चलने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। वो कह रहा था कि उसे मरना है। पुलिस काफी देर तक उसे समझाती रही। उससे प्रेमिका का नंबर मांग कर अस्पताल बुलाने तक की बात कही। लेकिन, युवक को इलाज न कराने पर अड़ गया। काफी मुश्किल से समझाने के बाद युवक पुलिस के साथ अस्पताल जाने को तैयार हुआ। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराकर उसका इलाज कराया। इलाज शुरू होने के बाद युवक ने बताया कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया है। इससे नाराज होकर उसने आत्महत्या करने के लिए अपने शरीर के अंगों को चाकू से काट दिया है।

# आनन्द धाम आश्रम में धूम धाम से संपन्न हुआ श्रीविष्णु स्वामी आचार्य महाराज का प्राकट्योत्सव







**वृन्दावन।** चामुंडा मोड़ स्थित आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) में श्रीविष्णु स्वामी आचार्य जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ कई प्रख्यात संतों एवं धमार्चार्यो की सन्निधि में मनाया गया।सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे विष्णु स्वामी अखाड़ा (ज्ञान गुदड़ी) से आनंद धाम आश्रम (श्री शेषनारायण मंदिर) चामुंडा मोड़, परिक्रमा मार्ग तक गाजे-बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें असंख्य भक्त-श्रद्धालु शामिल हुए।तत्पश्चात वृहद संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ।जिसमें विचार व्यक्त करते हुए आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर विजयदास भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) एवं कलाधारी बगीची आश्रम के महंत जयराम दास महाराज ने कहा कि जगद्गुरु श्रीविष्णु स्वामी आचार्य स्वयं भगवान की दिव्य विभूति होने के कारण बाल्यकाल से ही इनमें अलौकिक गुणों के आभास दिखाई देने लगे थे।उन्होंने यज्ञोपवीत संस्कार के कुछ समय पष्चात ही गुरूश्री त्रिलोचनाचार्य महाराज से दीक्षा ली।साथ ही अन्य गुरूश्री शुकदेवजी महाराज व न्यासजी महाराज के गुरूत्व में वेद वेदान्त, पुराणादि ग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। चतुः संप्रदाय के श्रीमहंत बाब फूलडोल बिहारीदास महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज ने कहा कि जगद्गुरु श्रीविष्णु स्वामी आचार्य ने अपने आराध्य प्रभु के दर्शन पाने के लिए अन्न-जल का त्याग कर दिया था।ऐसी दिव्य विभूतियों से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) श्रीविष्णु स्वामी सम्प्रदाय का प्रमुख केंद्र है। जिसके द्वारा संत सेवा, गौसेवा एवं निर्धन-निराश्रित आदि के लिए जो सेवा प्रकल्प संचालित हो रहे हैं, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वो कम है। महोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज, महंत शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज, श्रीमहंत वेणुगोपाल दास महाराज, श्रीमहंत सनत कुमार दास महाराज, महंत रामदेव चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर गोपीकृष्ण दास महाराज, स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज, श्रीमहंत संतदास महाराज, साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया, श्रीमहंत अमरदास महाराज, महंत चंद्र दास महाराज, राजनारायण द्विवेदी उर्फ राजू भैया, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, महंत श्यामसुंदर दास महाराज, महंत जगन्नाथदास शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, संत जुगलदास महाराज, महंत लाड़िली दास महाराज, सुभाष गौड़ (लाला पहलवान), पंडित छैल बिहारी शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन भैयाजी महाराज ने किया।महोत्सव के अंतर्गत सरस भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ।जिसमें प्रख्यात भजन गायकों ने



ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके अलावा संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



कृष्ण पूर्णतया निर्विकारी हैं। तभी तो उनके अंगों के साथ भी लोग 'कमल' शब्द जोड़ते हैं, जैसे- कमलनयन, कमलमुख, करकमल आदि। उनका स्वरूप चैतन्य है। कृष्ण ने तो द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसे अपमानित होने से बचाया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन बड़ा ही पवित्र है। जैनियों के भावी तीर्थंकर और वैदिक परंपरा के नारायण श्रीकृष्ण के अवतरण का दिन है।

## सोलह कलाओं के अवतार हैं

# श्रीकृष्ण



भगवान श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं का अवतार माना जाता है। सच में कृष्ण ने समाज के छोटे से छोटे व्यक्ति का सम्मान बढ़ाया, जो जिस भाव से सहायता की कामना लेकर कृष्ण के पास आया, उन्होंने उसी रूप में उसकी इच्छा पूरी की। अपने कार्यों से उन्होंने लोगों का इतना विश्वास जीत लिया कि आज भी लोग उन्हें 'भगवान श्रीकृष्ण' के रूप में ही मानते और पूजते हैं।

कृष्ण पूर्णतया निर्विकारी हैं। तभी तो उनके अंगों के साथ भी लोग 'कमल' शब्द जोड़ते हैं, जैसे- कमलनयन, कमलमुख, करकमल आदि। उनका स्वरूप चैतन्य है। कृष्ण ने तो द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसे अपमानित होने से बचाया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन बड़ा ही पवित्र है। जैनियों के भावी तीर्थंकर और वैदिक परंपरा के नारायण श्रीकृष्ण के अवतरण का दिन है। कृष्ण ने सारी दुनिया को कर्मयोग का पाठ पढ़ाया। उन्होंने प्राणीमात्र को यह संदेश दिया कि केवल कर्म करना आदमी का अधिकार है। फल की इच्छा रखना उसका अधिकार नहीं। इंसान सुख और दुख दोनों में भगवान का स्मरण करता है। श्रीकृष्ण का जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनके जीवन को हम तीन भागों में विभक्त करें तो वे जेल में पैदा हुए, महल में जिए और जंगल से विदा हुए। जेल में पैदा होना बुरी बात नहीं है, जेल में जीना और मरना अपराध हुआ करता है। आदमी जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। भगवान श्रीकृष्ण, मर्यादा पुरुषोत्तम राम और भगवान महावीर आदि महापुरुषों ने हमें जीवन जीने की सीख दी है। राम, कृष्ण एवं महावीर का जीवन अलग-अलग मर्यादाओं और संदेशों पर आधारित है। राम ने जीवन भर मर्यादाएं नहीं तोड़ीं, वे देव बनकर जिए। श्रीकृष्ण वाकपुटता में जीवन जीते रहे। मर्यादाओं से नीरस हुए जीवन को कृष्ण ने रस और आनंद से भर दिया, लेकिन महावीर ने परम विश्राम और समाधि का सूत्र दिया। उन्होंने मौन साधना सिखाई। मित्रता सीखनी हो तो कृष्ण से सीखो वे सबको अपने समान चाहते थे। उनकी दृष्टि में अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं था। अतः हमें भी कृष्ण की इसी सीख को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

## व्रत-पूजन कैसे करें

### उपवास की पूर्व रात्रि को हल्का भोजन करें और ब्रह्मचर्य का पालन करें।

उपवास के दिन प्रातःकाल स्नानादि नित्य कर्मों से निवृत्त हो जाएं।

तत्पश्चात सूर्य, सोम, यम, काल, संधि, भूत, पवन, दिक्पति, भूमि, आकाश, खेचर, अमर और ब्रह्मादि को नमस्कार कर पूर्व या उत्तर मुख बैठें।

इसके बाद जल, फल, कुश और गंध लेकर संकल्प करें

**ममखिलपापप्रशमनपूर्वक सर्वाभीष्ट सिद्धये श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रतमहं करिष्ये॥**

अब मध्याह्न के समय काले तिलों के जल से स्नान कर देवकीजी के लिए सूतिकागृह नियत करें।

तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

मूर्ति में बालक श्रीकृष्ण को स्तनपान कराती हुई देवकी हों और लक्ष्मीजी उनके चरण स्पर्श किए हों अथवा ऐसे भाव हो।

### इसके बाद विधि-विधान से पूजन करें

पूजन में देवकी, वसुदेव, बलदेव, नंद, यशोदा और लक्ष्मी इन सबका नाम क्रमशः निर्दिष्ट करना चाहिए।

फिर इस मंत्र से पुष्पांजलि अर्पण करें-

**प्रणमे देव जननी त्वया जातस्तु वामनः।**
**वसुदेवात तथा कृष्णो नमस्तुभ्यं नमो नमः।**
**सुपुत्रार्घ्यं प्रदत्तं में गृहाणेमं नमोऽस्तुते।**
**अंत में प्रसाद वितरण कर भजन-कीर्तन करते हुए रतजगा करें।**

## श्रीकृष्ण बना रहे

# मालामाल



**जन्माष्टमी पर इन्हीं पोशाकों को धारण कर ठाकुरजी अपने अनन्य भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगे। ब्रज के लाला के जन्मोत्सव की तैयारियां हिंदू ही नहीं, यहां का मुस्लिम समाज भी कर रहा है। ठाकुरजी को पहनाई जाने वाली पोशाकें और मुकुट शृंगार को तैयार करने में मुस्लिम समाज के कारीगर दिन रात एक करने लगे हैं।**

भगवान श्रीकृष्ण दीन दयाल कहलाते हैं। जो भी इनकी शरण में आ जाता है, उसे धनवान बना देते हैं। श्रीकृष्ण की कृपा से हिंदू हमेशा से धनवान होते रहे हैं, लेकिन श्रीकृष्ण की लीलास्थली में मुसलमान भी श्रीकृष्ण की कृपा से निहाल हो रहे हैं और श्रीकृष्ण उन्हें मालामाल बना रहे हैं।

### ऐसे कृपा बरस रही है कृष्ण की

वृंदावन के मुसलमानों को श्रीकृष्ण इसलिए मालामाल बन रहे हैं कि यहां के मुसलमान हिंदुओं की आस्था के केंद्र ठाकुर जी के लिए पूरी निष्ठा के साथ एक से बढ़कर एक शानदार पोशाकें, मुकुट शृंगार तैयार कर रहे हैं।

जन्माष्टमी पर इन्हीं पोशाकों को धारण कर ठाकुरजी अपने अनन्य भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगे। ब्रज के लाला के जन्मोत्सव की तैयारियां हिंदू ही नहीं, यहां का मुस्लिम समाज भी कर रहा है। ठाकुरजी को पहनाई जाने वाली पोशाकें और मुकुट शृंगार को तैयार करने में मुस्लिम समाज के कारीगर दिन रात एक करने लगे हैं। कई परिवार वर्षों से ठाकुरजी की पोशाक और मुकुट शृंगार को मूर्त रूप प्रदान करते आए हैं। यह हमारी जीविका का साधन भी है। सैकड़ों मुस्लिम परिवारों का पालन ठाकुरजी की पोशाक और शृंगार के निर्माण से चल रहा है।

### विदेशों में भी इनके कपड़े पहनते हैं श्रीकृष्ण

वृंदावन के मुस्लिम समाज द्वारा बनाई गई पोशाक गुजरात के अहमदाबाद स्थित अक्षरधाम के राधा-कृष्ण के श्री विग्रह और दिल्ली एवं पंजाबी बाग के इस्कान मंदिर के श्री विग्रह धारण करेंगे। वृंदावन में बनाई जाने वाली पोशाकों की मांग इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया के भारतीय मूल के लोगों के अलावा विदेशी भी अधिक पसंद करते हैं। वे वृंदावन से खरीदकर अपने अपने देश ले जाते हैं।

## राधा और कृष्ण का आपस में

# कैसा नाता

भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के बारे में यह माना जाता है कि इन दोनों के बीच प्रेम संबंध था, जबकि असलियत यह है कि कृष्ण और राधा के बीच प्रेम से बढ़कर भी एक नाता था। यह नाता है पति-पत्नी का, लेकिन इस रिश्ते के बारे में सिर्फ तीन लोगों को पता था- एक तो कृष्ण, दूसरी राधा रानी और तीसरे ब्रह्मा जी, जिन्होंने कृष्ण और राधा का विवाह करवाया था, लेकिन इन तीनों में आपके कोई भी इस बात की गवाही देने नहीं आएगा, लेकिन जिस स्थान पर इन दोनों का विवाह हुआ था, वहां के वृक्ष आज भी राधा-कृष्ण के प्रेम और मिलन की गवाही देते हैं।

### तब राधा-कृष्ण का विवाह संपन्न हुआ

गर्ग संहिता के अनुसार, मथुरा के पास स्थित भांडीर वन में भगवान श्रीकृष्ण और देवी राधा का विवाह हुआ था। इस संदर्भ में कथा है कि एक बार नंदराय जी बालक श्रीकृष्ण को लेकर भांडीर वन से गुजर रहे थे। उसी समय अचानक देवी राधा प्रकट हुई। देवी राधा के दर्शन पाकर नंदराय जी ने श्रीकृष्ण को राधा जी की गोद में दे दिया। श्रीकृष्ण बाल रूप त्याग कर किशोर बन गए। तभी ब्रह्मा जी भी वहां उपस्थित हुए। ब्रह्मा जी ने कृष्ण का विवाह राधा से करवा दिया। कुछ समय तक कृष्ण राधा के संग इसी वन में रहे। फिर देवी राधा ने कृष्ण को उनके बाल रूप में नंदराय जी को सौंप दिया।

### राधा जी की मांग में सिंदूर

भांडीर वन में राधाजी और भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर में स्थित विग्रह अपने आप अनोखा है, क्योंकि यह अकेला ऐसा विग्रह है, जिसमें श्रीकृष्ण भगवान राधाजी की मांग में सिंदूर भरते हुए दृश्य हैं।





# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश

गीता के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अनासक्त कर्म यानी 'फल की इच्छा किए बिना कर्म' करने की प्रेरणा दी। इसका प्रमाण उन्होंने अपने निजी जीवन में भी प्रस्तुत किया। मथुरा विजय के बाद भी उन्होंने वहां शासन नहीं किया।

**कला से प्रेम करो** : संगीत और कलाओं का हमारे जीवन में विशिष्ट स्थान है। भगवान ने मोरपंख और बांसुरी धारण करके कला, संस्कृति एवं पर्यावरण के प्रति अपने लगाव को दर्शाया। इनके जरिए उन्होंने संदेश दिया कि जीवन को सुंदर बनाने में संगीत और कला का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

**निर्बल का साथ दो** : कमजोर एवं निर्बल का सहारा बनो। निर्धन बाल सखा सुदामा हो या षड्यंत्र का शिकार पांडव, श्रीकृष्ण ने सदा निर्बलों का साथ दिया और उन्हें मुसीबत से उबारा।

**अन्याय का प्रतिकार करो** : अन्याय का सदा विरोध होना चाहिए। श्रीकृष्ण की शांतिप्रियता कायर की नहीं, बल्कि एक वीर की थी। उन्होंने अन्याय कभी स्वीकार नहीं किया। शांतिप्रिय होने के बावजूद शत्रु अगर गलत है तो उसके शमन में पीछे नहीं हटें।

**मातृशक्ति के प्रति आदर भाव रखें** : महिलाओं के प्रति सम्मान और उन्हें साथ लेकर चलने का भाव हो। भगवान कृष्ण की रासलीला दरअसल मातृशक्ति को अन्याय के प्रति जागृत करने का प्रयास था और इसमें राधा उनकी संदेशवाहक बनीं।

**अपने अहंकार को छोड़ो** : व्यक्तिगत जीवन में हमेशा सहज एवं सरल बने रहो। जिस तरह शक्ति संपन्न होने पर भी श्रीकृष्ण को न तो युधिष्ठिर का दूत बनने में संकोच हुआ और न ही अर्जुन का सारथी बनने में। एक बार तो दुर्योधन के छप्पन व्यंजन को छोड़कर विदुरानी (विदुर की पत्नी) के घर उन्होंने सादा भोजन करना पसंद किया।

**जीवन में उदारता रखें** : उदारता व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाती है। श्रीकृष्ण ने जहां तक हो सका मित्रता, सहयोग सामंजस्य आदि के बल पर ही परिस्थितियों को सुधारने का प्रयास किया, लेकिन जहां जरूरत पड़ी, वहां सुदर्शन चक्र उठाने में भी उन्होंने संकोच नहीं किया। वहीं अपने निर्धन सखा सुदामा का अंत तक साथ निभाया और उनके चरण तक पखारें।

**कविताएं**

## चन्दन की खुशबू, फूलों का हार

चन्दन की खुशबू, फूलों का हार,
दही की हांडी, बारीश की फुहार,
माखन चुराने आया नंदलाल,
यशोमती मैया का नंदगोपाल !

राधा की भक्ति, मुरली की मिठास,
माखन का स्वाद और गोपियों का रास,
इन्ही सबसे मिलकर बनता है,
जन्माष्टमी का ये दिन ख़ास !

मुरली मनोहर, ब्रिज के धरोहर,
मुरली की मधुर आवाज़, झूम उठे ये बहार,
कृष्ण जिनका नाम, गोकुल जिनका धाम,
श्री कृष्ण भगवान को हम सबका प्रणाम !

## कान्हा

द्वापर में भादों के महीने में
काली अंधेरी रात में
जन्म लिया कान्हा ने
मथुरा में कारागार के कक्ष में।
था दिवस चमत्कारी
सारे बंधन टूट गए
द्वार के ताले स्वत: खुले
जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।
बेटे को बचाने के लिए
गोकुल जाने के लिए
वासुदेव ने जैसे ही
जल में पैर धरा
जमुना की श्रद्धा ऐसी जागी
बाढ़ आ गई नदिया में।
बाहर पैर आते ही
कान्हा के पैरों को पखारा
जैसें ही छू पाया उन्हें
अद्भुत शांति छाई जल में।
सारा गोकुल धन्य हो गया
कान्हा को पा बाहों में
गोपिया खो गईं
मुरली की मधुर धुन में।
बंधीं प्रेम पाश में उसके
रम कर रह गईं उसी में
ज्ञान उद्धव का धरा रह गया
उनको समझाने में।
वे नहीं जानती थीं उद्देश्य
कृष्ण के जाने का
कंस के अत्याचारों से
सब को बचाने का ।
अंत कंस का हुआ
सुखी समृद्ध राज्य हुआ
कौरव पांडव विवाद में
मध्यस्थ बने सहायता की ।
सच्चाई का साथ दिया
युद्ध से विचलित अर्जुन को
गीता का उपदेश दिया
आज भी है महत्व जिसका।
जन्म दिन कान्हा का
हर साल मनाते हैं
श्रद्धा से भर उठाते हैं
जन्माष्टमी मनाते हैं ।

# पहली छमाही में अमेरिका भारत का बड़ा कारोबारी साझेदार बनाः रिपोर्ट

## देश को इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अधिकतम व्यापार घाटा हुआ

**नई दिल्ली ।**

चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों जनवरी-जून में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बना है जबकि देश ने इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अपना अधिकतम व्यापार घाटा दर्ज किया है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि जनवरी-जून, 2024 के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 5.41 प्रतिशत बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक चीन 41.6 अरब डॉलर के बड़े व्यापार घाटे के साथ सूची में सबसे ऊपर है, क्योंकि चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर था, जबकि जनवरी-जून 2024 के दौरान आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों ने निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दिखाई है। इन देशों का भारत के कुल निर्यात में 75.3 प्रतिशत हिस्सा है। निर्यात में वृद्धि वाले प्रमुख देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, सिंगापुर और चीन शामिल हैं।

हालांकि, 98 देशों को निर्यात में गिरावट आई है जिनमें इटली, बेल्जियम, नेपाल और हांगकांग प्रमुख हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात भागीदार है। अमेरिका को निर्यात जनवरी-जून, 2023 में 37.7 अरब डॉलर था जो इस साल की समान अवधि में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 41.6 अरब डॉलर हो गया।

इस साल की पहली छमाही में, चीन भारत का सबसे बड़ा आयात आपूर्तिकर्ता बना रहा। चीन से आयात 46.2 अरब डॉलर से बढ़कर 50.1 अरब डॉलर हो गया।वित्त वर्ष 2023-24 में चीन भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार रहा लेकिन जनवरी से जून 2024 की अवधि में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया।

चीन दूसरे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में दूसरे स्थान पर रहा, जिसका कुल व्यापार 54.4 अरब डॉलर से 7.7 प्रतिशत बढ़कर 58.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। माल के निर्यात में वृद्धि को लौह अयस्क, दवा, कीमती पत्थर, बासमती चावल, रसायन और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों द्वारा बढ़ावा दिया गया। सेवाओं के मोर्चे पर, निर्यात 6.9 प्रतिशत बढ़कर 178.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 5.79 प्रतिशत बढ़कर 95 अरब डॉलर हो गया।

# दिग्गज निवेशक ने अडानी पर फिर जताया भरोसा, खरीदे 2,746 करोड़ के शेयर

## जीक्यूजी पार्टनर्स का अडानी की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश बढकर 62 हजार करोड़ हुआ



**नई दिल्ली ।** हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद पिछले साल जब अडानी समूह के शेयरों में जोरदार गिरावट आई थी, उस समय अमेरिका की निवेशक फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स ग्रुप के लिए संकटमोचक बनी थी। इस फर्म ने तब अडानी समूह की कई कंपनियों में मोटा निवेश किया था। अब एक बार फिर इस दिग्गज निवेशक ने अडानी समूह पर भरोसा जताया है। उन्होंने दो बल्क डील के जरिए ग्रुप की कंपनी, अंबूजा सीमेंट्स में बड़ा दांव लगाया है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने दो अलग-अलग लेन-देन में अंबुजा सीमेंट्स के 4.39 करोड़ से अधिक शेयर खरीदे हैं। इस डील की कुल कीमत लगभग 2,746.79 करोड़ रुपये है। इस ताजा निवेश के साथ ही जीक्यूजी पार्टनर्स का अडानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश बढकर 62 हजार करोड़ रुपये हो गया है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने बल्क डील में शेयरों को 625.50 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर खरीदा है। इस तरह इस खरीद के बाद अब जीक्यूजी पार्टनर्स की अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 3.13 फीसदी हो गई है। वहीं दूसरी तरफ, कंपनी के प्रमोटर होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स ने अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। अंबुजा सीमेंट्स के प्रमोटर होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स ने 6.79 करोड़ शेयर बेचे हैं। यह कंपनी की कुल हिस्सेदारी का 2.8 प्रतिशत है। इन शेयरों को भी 625.50 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेचा गया है। होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स द्वारा बेचे गए शेयरों की कीमत 4,250.64 करोड़ रुपये है। इस बिक्री के बाद अब होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स की अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी घटकर 48.1 प्रतिशत रह गई है। साथ ही अंबुजा सीमेंट्स के सभी प्रमोटरों की कुल हिस्सेदारी भी घटकर 67.53 प्रतिशत रह गई है। अंबुजा सीमेंट्स का शेयर शुक्रवार को 0.21 फीसदी की बढत के साथ 633.55 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि, दिन के कारोबार में यह शेयर 660 रुपये तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में मुनाफावसूली देखी गई।

# डिजनी- रिलायंस ने विलय के लिए दी कुछ रियायतें

**नई दिल्ली ।**




डिज़्नी और रिलायंस ने अपनी 8.5 बिलियन की मीडिया मर्जर डील के लिए भारत में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी पाने के प्रयास में कुछ रियायतें दी हैं, लेकिन वे क्रिकेट प्रसारण अधिकारों को बेचने के लिए तैयार नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार सीसीआई ने इस हफ्ते दोनों कंपनियों को चेतावनी दी थी कि मर्जर के बाद बनने वाली नई इकाई भारत में टीवी और स्ट्रीमिंग के लिए अधिकतर क्रिकेट अधिकारों पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे विज्ञापनदाताओं को नुकसान होने की आशंका है। जवाब में कंपनियों ने विज्ञापन दरों में अनुचित बढ़ोतरी न करने का प्रस्ताव दिया है। रिलायंस-डिज़्नी का लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेयर बनाना है, जो सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेज़न जैसी कंपनियों से कंपटीशन करेगा।

इसमें 120 टीवी चैनल और दो स्ट्रीमिंग सेवाएं शामिल होंगी, लेकिन क्रिकेट, जो देश में बेहद लोकप्रिय है, इस डील का सबसे कीमती हिस्सा है। कई प्रतिस्पर्धा विशेषज्ञों का मानना था कि एंटीट्रस्ट मुद्दे को हल करने का एक तरीका कुछ क्रिकेट अधिकारों को बेचना हो सकता है, चाहे वह कुछ टूर्नामेंट्स के लिए हो या ब्रॉडकास्ट माध्यम जैसे टीवी के लिए, लेकिन रिलायंस और डिज़्नी ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में एक नया निजी प्रस्ताव जमा किया है, जिसमें उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है।

# केंद्र सरकार इंफोसिस से टैक्स डिमांड वापस लेगी




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार इंफोसिस से 4 अरब डॉलर के अपने पिछले टैक्स डिमांड नोटिस को वापस लेने की तैयारी कर रही है। इस मामले में आईटी इंडस्ट्री और इंफोसिस द्वारा की गई जोरदार खिंचाई और बड़े स्तर पर विरोध के चलते सरकार इस पर फिर से विचार कर रही है। सरकारी सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स ने रिपोर्ट दी कि वित्त मंत्रालय का मानना है कि यह नोटिस भारत की व्यापक टैक्स नीति के विरुद्ध है, और इसमें सेवाओं के निर्यात पर टैक्स नहीं लगाया जाता है। पिछले महीने टैक्स जांच यूनिट ने इंफोसिस को यह अतिरिक्त राशि चुकाने का आदेश दिया था और कहा था कि उसकी विदेशी ब्रांचेज को 2017 से जीएसटी का पेमेंट करना चाहिए। हालांकि, अब वित्त मंत्रालय इस निर्णय में बदलाव लाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि इस प्रकार के मुद्दों पर जीएसटी काउंसिल द्वारा 9 सितंबर को औपचारिक निर्णय लिया जा सकता है। वहीं इंफोसिस और वित्त मंत्रालय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों का यह भी कहना है कि भारत में संचालित 10 विदेशी एयरलाइंस को भेजे गए 1 अरब डॉलर से अधिक के टैक्स नोटिस भी निरस्त किए जा सकते हैं, क्योंकि यह मामला भी इसी तरह का है।

## पैन अपडेट के फेक मैसेज ने मचाया हड़कंप!

**नई दिल्ली ।** 24 घंटे के अंदर पैन अपडेट करो नहीं तो आपका अकाउंट ब्लॉक कर दिया जाएगा। इन दिनों हजारों लोगों में इस मैसेज से हड़कंप मचा हुआ है। इस मैसेज में दावा किया जा रहा है कि यह इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा भेजा गया है और खाताधारकों को अकाउंट में पैन अपडेट करने के लिए कहा जा रहा है। इस मैसेज के साथ एक लिंक भी अटैच है। ऐसा न करने पर 24 घंटे के भीतर अकाउंट के ब्लॉक होने की बात कही जा रही है। इस तरह मैसेज पर प्रेस इनफार्मेशन ब्योरो फैक्ट चेक ने स्पष्टीकरण जारी किया है और कहा है कि भारतीय डाक कभी भी अपने ग्राहकों को इस तरह के मैसेज नहीं भेजता। पीआईबी ने बैंक संबंधी निजी जानकारी साझा न करने की चेतावनी जारी की है। पीआईबी फैक्ट चेक ने एक्स पर अपने पोस्ट में पुष्टि की है कि यह एक फर्जी संदेश है और उपयोगकर्ताओं को सचेत रहने के लिए कहा है। इस पोस्ट में पीआईबी फैक्ट चेक ने इंडिया पोस्ट को टैग करते हुए लिखा कभी भी ऐसा कोई संदेश नहीं भेजता है। कभी भी अपने व्यक्तिगत और बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। इन दिनों जालसाज लोगों को अकाउंट ब्लॉक होने का डर दिखाकर ठगने का प्रयास कर रहे हैं।

## तेल-तिलहनों के भाव मजबूती के साथ बंद

**नई दिल्ली ।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल-तिलहन बाजार के मजबूत होने तथा देश में त्योहारी मांग होने से शुक्रवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। महंगे दाम की वजह से कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर ही बंद हुए। तेजी के कारण सरसों और सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल मजबूत रहे। मलेशिया एक्सचेंज में 1.1 प्रतिशत की तेजी थी जबकि शिकॉगो एक्सचेंज 3.5 प्रतिशत तेज चल रहा है। सरसों तिलहन 6,100-6,140 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,425-6,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,300 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,285-2,585 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 11,900 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,920-2,020 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,920-2,045 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,350 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 10,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,600 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 9,025 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,725 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,250 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला- 9,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,425-4,455 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,235-4,360 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,160 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

## - सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर 81,086 पर बंद

### - निफ्टी11 अंक बढ़कर 24,823 पर बंद

**मुंबई ।**




अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की संभावना, वैश्विक बाजारों में नरम रुख और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। इस दौरान शेयर बाजार शुक्रवार को हल्की बढ़त के सो थ बंद हुए। बीते सप्ताह शेयर बाजार का हाल इस प्रकार रहा- सप्ताह के पहले कारोबारी` दिन सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 243.41 अंक बढ़कर 80,680.25 के स्तर पर खुला और 12.16 अंक गिरकर 80,424.68 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 95.20 अंक बढ़कर 24,636.35 के स्तर पर खुला और 31.50 अंक बढ़कर 24,572.65 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 297.86 अंक बढ़कर 80,722.54 के स्तर पर खुला और 378.18 अंक बढ़कर 80,802.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 76.25 अंक बढ़कर 24,648.90 के स्तर पर खुला और 126.20 अंक बढ़कर 24,698.85 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 134.89 अंकों की गिरावट के साथ 80,667.97 स्तर पर खुला और 102.44 अंक बढ़कर 80,905.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 3.45 अंक फिसलकर 24,695.40 पर खुला और 71.35 अंक बढ़कर 24,770.20 पर बंद हुआ। गुरुवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ताजा बैठक की मिनट्स में ब्याज दर में कटौती की संभावना के संकेतों से बाजार में उत्साह देखा गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 191.35 अंकों की छलांग लगाकर 81,096.65 पर खुला और 147.89 अंकों की बढ़त के साथ 81,053.19 पर बंद हुआ। निफ्टी 62.25 अंक चढ़कर 24,832.45 पर खुला और 41.30 अंकों की मजबूती के साथ 24,811.50 के स्तर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की, लेकिन बाद में वैश्विक बाजारों में नरम रुख और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच इनमें गिरावट आई।

सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 37.32 अंक की बढ़त के साथ 81,090.51 अंक पर खुला और 33 अंक चढ़कर 81,086 पर बंद हुआ। निफ्टी 34.55 अंक फिसलकर 24,776.95 अंक पर खुला और 11.66 अंकों की बढ़त के साथ 24,823.15 पर बंद हुआ।

## पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** हर रोज सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। दरअसल भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम पर आधारित होती हैं। भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने श निवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76

# एयर इंडिया, उसके दो सीनियर अधिकारियों पर 99 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली ।**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया और उसके दो सीनियर अधिकारियों पर 99 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई पिछले महीने बिना योग्य पायलटों के एक फ्लाइट ऑपरेट करने पर की गई है। नियामक ने इस घटना को सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। यह घटना 10 जुलाई के आसपास हुई थी, जब एक ट्रेनी पायलट और एक नॉन-ट्रेनी पायलट की जोड़ी ने एयरलाइन की एक कमर्शियल फ्लाइट ऑपरेट की थी। यह सुरक्षा नियमों का उल्लंघन था। डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 90 लाख रुपये, एयर इंडिया के ऑपरेशन डायरेक्टर पर 6 लाख रुपये, और ट्रेनिंग डायरेक्टर पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा संबंधित पायलट को भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। यह घटना डीजीसीए के ध्यान में 10 जुलाई को एयर इंडिया द्वारा प्रस्तुत एक स्वैच्छिक रिपोर्ट के माध्यम से आई। डीजीसीए ने कहा` कि इस घटना का संज्ञान लेते हुए, यामक ने एयर इंडिया के ऑपरेशन की व्यापक जांच की, जिसमें दस्तावेजों की जांच और एयर इंडिया की शेड्यूलिंग फैसिलिटी की स्पॉट चेक शामिल थी। जांच के आधार पर, प्रारंभिक रूप से यह पाया गया कि कई पदधारकों और कर्मचारियों द्वारा नियामक प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है, जो सुरक्षा के लिए खतरा है। इस घटना के संबंध में 22 जुलाई को उड़ान के पायलट-इन-कमांड




और एयरलाइन के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। नियामक ने कहा कि संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं थे। इस कारण डीजीसीए ने मौजूदा नियमों के तहत कार्रवाई शुरू की और जुर्माना लगाया।

## पहला पेज का शेष

### महिलाओं के खिलाफ़...

प्रधानमंत्री ने कहा, ₹यहां मौजूद हर महिला जानती है कि जब वह आजीविका कमाने लगती है तो समाज में उसकी सामाजिक स्थिति ऊंची हो जाती है।उन्होंने कहा कि आय बढ़ने के साथ ही परिवार की क्रय शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने कहा, ₹जब एक बहन लखपति दीदी बन जाती है तो पूरे परिवार की किस्मत बदल जाती है।₹ भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महिलाओं के योगदान को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अतीत में महिलाओं के विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों महिलाओं के पास कोई संपत्ति नहीं है, जिससे छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक ऋण लेने में बड़ी बाधा आती थी। ₹इसलिए₹, प्रधानमंत्री ने कहा, ₹मैंने महिलाओं पर बोझ कम करने का संकल्प लिया और मोदी सरकार ने एक के बाद एक महिलाओं के हित में फैसले लिए।₹ मौजूदा सरकार के 10 साल और पिछली सरकारों के सात दशकों की तुलना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार ने महिलाओं के हित में पिछली किसी भी सरकार से ज्यादा काम किया है।केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लखपति दीदियों के सम्मान के लिए हो रहे कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री चौहान ने भारी बारिश के बावजूद भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए दीदियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं बहनों के ऐसे उत्साह और उनके प्रेम को प्रणाम करता हूं।श्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि कोई बहन मजबूर ना रहे, किसी एक बहन की भी आंखों में आंसू ना बहे, उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहे, इसके लिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से एक करोड़ लखपति दीदियां बन चुकी हैं। आज 30000 स्थानों पर बैठी 11 लाख दीदियों को लखपति दीदी का प्रमाण पत्र मिल रहा है डेढ़ करोड़ दीदी कार्यक्रम से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 100 दिन में 11 लाख दीदियां लखपति बनाई जाएंगी लेकिन 100 दिन के पहले ही 11 लाख लखपति दीदी बन गई हैं मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से 3 करोड़ लखपति दीदी बनेंगी।श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से कहा कि मैं विकसित भारत बनाने के लिए तीन गुना ताकत से काम करूंगा। मैं आपसे एक ही बात कहना चाहूंगा कि मेरी दीदियों और बहनों आओ संकल्प लो कि प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए दो गुना ताकत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जो बहनें लखपति बन चुकी हैं वह और दीदियों को लखपति बनाएंगी और प्रधानमंत्री के सपने गरीबी मुक्त गांव बनाने में हम भी कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि आज संकल्प लेने का समय है। उन्होंने कहा कि आप दोनों हाथ ऊपर उठाकर यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री जी आप तीन गुना ताकत से काम करेंगे तो हम आपके पीछे दो गुनी मेहनत करके दीदियों को लखपति भी बनाएंगे और विकसित भारत का निर्माण भी करेंगे।

### मिला क्या कैंपेन...

असम के इलाके में आता हूं। वहां 30 साल से अल्फा से जूझ रहा हूं। आज तक ऐसी बैरिकैटिंग नहीं देखा। मोराबादी में बाबूलाल मरांडी की सभा संबोधन के दौरान सरकार का युवाओं के साथ जो बर्बर रवैया देखने को मिला, वह शर्मनाक है।

श्री सरमा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, अमर बाउरी, संजय सेठ सहित 52 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर किया गया, इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इन लोगों को जेल भी जाना पड़ेगा तो कोई दिक्कत नहीं है परंतु 12000 अज्ञात पर केस करना गलत है। इस अज्ञात के माध्यम से इस सरकार ने ब्लैकमेलिंग का एक रास्ता खोल रखा है कि राज्य के किसी भी हिस्से में कोई युवा या अन्य इस सरकार से सवाल करेगा तो इसी केस में उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जलियांवाला बाग में भी ब्रिटिश शासन ने ऐसा एफआईआर नहीं किया होगा जैसा झारखंड सरकार ने किया है। लोकतंत्र में देश के किसी हिस्से में ऐसा फिर का दूसरा कोई उदाहरण नहीं मिल सकता है।

डीजीपी को उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि तेल लगाना है तो लगाओ लेकिन इतना मत लगाओ। यह केस सुप्रीम कोर्ट में एक दिन भी नहीं टिकेगा इस एफआईआर को लेकर कानून के दायरे में आकर हमलोग डीजीपी को कानून सिखा देंगे। डीजीपी साहब आपने गलत जगह हाथ लगा दिया है। जेएमएम वाले बोलते हैं कि 5000 आदमी अंदर थे तो फिर यह 12000 का आंकड़ा आपके पास डीजीपी साहब कहां से आया। भारत में संविधान का राज है। तीन दिनों में 12000 का आप नाम दीजिए अन्यथा हम लोग इसे कोर्ट में लेकर जाएंगे। अज्ञात के नाम पर ब्लैकमेलिंग का रास्ता मत खोलिए। आप पता कर लीजिए कि एफआईआर में रणधीर सिंह और कोचे मुंडा का अपने नाम दिया है तो वह रांची में थे या नहीं थे। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि ऐसे डीजीपी के भरोसे झारखंड में चुनाव संपन्न नहीं हो सकता है।

श्री सरमा ने कहा कि भारत में आंदोलन करने से भला कौन रोक सकता है। हेमंत सोरेन की आज आपको बता दिया जा रहा है कि आपसे जवाब मांगने सितंबर में फिर हम लोग आ रहे हैं। हम लोग शहीद निर्मल महतो जी की समाधि पर भी जाएंगे वहीं से आपको आपके वादों को याद दिलाएंगे। आपको सभी वादों को निभाना ही होगा। आप भले अपने वादे भूल जाइएगा परंतु हम लोग आपको सोते-जागते इस वादे को भूलने नहीं देंगे। हम तो पूछेंगे ही, झारखंड का हर एक नागरिक पूछेगा कि आपको मिला क्या ?

राज्य सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल, जनता जान चुकीः बाबूलाल मरांडी

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए टीबीसी की प्रस्तुति की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बड़ी बड़ी बातें और घोषणा करती है परंतु उनका ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल है। सर्वधन पेंशन योजना का ही हाल आप सब देख लीजिए। हम अभी अपने गृह प्रखंड के बेलवाना पंचायत के सिरसिया गांव में है। मेरे पीछे जो महिलाएं हैं इन्हें वृद्धा और विधवा पेंशन नहीं मिला है। इन्होंने फॉर्म भी भरा, इनके साथ ठगी भी हुई लेकिन पेंशन नहीं मिला। यह तो एक उदाहरण भर है पूरे प्रदेश में सभी योजनाओं की कमोबेश यही स्थिति है। हेमंत सरकार आज जो घोषणा कर रही है उसे पर जनता कतई विश्वास करने वाली नहीं है। नई घोषणाएं फिर से लोगों को ठगने का एक प्रयास है। साथ ही अखबारों में सुर्खियां पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। साढ़े चार वर्षों में एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई। जनता सारी बात को समझ चुकी है। जनता मन में ठान चुकी है कि हेमंत सोरेन को भगाना है बीजेपी को लाना है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज बनने का पार्टी का प्रयास है। पिछले साढ़े चार वर्षों में, राज्य की जनता ने विकास के नाम पर सिर्फ वादे सुने हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं बदला। भारतीय जनता पार्टी उन्हीं ज्वलंत मुद्दों को उठा रही है, जो हर झारखंडवासी के मन में हैं। इस कांग्रेस नेतृत्व वाली झामुमो सरकार ने वादे करने और फिर झारखंड की जनता के साथ खो-खो खेलकर भागने में एक नया कीर्तिमान स्थापिन किया है। ये सरकार सिर्फ खोखले वादे करने में माहिर है, और जनता को हर ठगा हुआ महसूस होता है।श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस के ठगबंधन की दगाबाजी की कहानी कोई नई नहीं है। चुनाव खत्म होते ही अपने वादों से मुकर जाने का इनका पुराना इतिहास रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस अपनी गलतियों और वादाखिलाफी की सजा भुगत रही है। कांग्रेस की फरेबी सरकार ने कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,000 देने का झूठा सपना दिखाया, लेकिन मई 2024 के बाद से एक भी महिला को एक पैसा तक नहीं मिला। यही नहीं, महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा देने का वादा भी किया, लेकिन इस झूठी सरकार ने बसों की संख्या बढ़ाने की जगह घटाकर अपनी धोखाधड़ी की नई मिसाल पेश की है। क्या ऐसे धोखेबाजों पर भरोसा किया जा सकता है? इसी तरह कर्नाटक में युवाओं को भी बेरोजगारी के जाल से निकालने के बजाय सिर्फ झूठे वादों और मामूली राहत से बहलाने की कोशिश करती आ रही है। न सिर्फ कर्नाटक में, बल्कि अन्य कांग्रेस शासित राज्य जैसे हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गयी 1,500 प्रतिमाह की वित्तीय सहायता योजना भी पूरी तरह से विफल रहा है। वहीं तेलंगाना की महालक्ष्मी योजना जिसके अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 देने का वादा किया गया था, वह भी अब तक लागू नहीं किया गया है।

हेमंत सोरेन के झूठ के आगे झूठ और नटवरलाल भी शर्मा जायेः अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पीपीटी की प्रस्तुति की। उन्होंने झामुमो के झूठ के पिटारे की एक एक कर कलई खोली। उन्होंने कहा कि मिला क्या की पृष्ठभूमि 2019 के चुनाव से पूर्व तैयार हुई। गठबंधन के लोग चुनाव में जाने से पूर्व राज्य की जनता से कई वादे करते हैं। उनके झूठे वादों पर जनता विश्वास कर लेती है और गठबंधन की सरकार बन जाती है परंतु साढ़े चार वर्षों में जनता को कुछ हासिल नहीं हुआ। जब झूठे वादों की तरफ इनका विधानसभा में ध्यान आकर्षित कराया जाता है तो 18 विधायकों को निलंबित कर दिया जाता है और एक-दो दिन पूर्व 23 अगस्त को सवाल राज्य के युवा इस जनविरोधी सरकार से पूछते हैं तो फिर उनके साथ क्या होता है यह पूरे राज्य की जनता ने देखा है। श्री बाउरी ने कहा कि जेएमएम ने कुल 400 घोषणा किया था। हम उनमें से कुछ प्रमुख वादों को ही आप लोगों के समक्ष रखते हैं। चाहे युवा हो, महिला हो किसान हो, गरीब हों, हर एक वर्ग को इस सरकार ने ठगने का काम किया है। युवाओं की संवेदनाओं को जगा कर वादा किया गया कि हर साल 5 लाख नौकरी, नौकरी नहीं तो 5000 से 7000 तक बेरोजगारी भत्ता और बेरोजगारी भत्ता नहीं तो राजनीति से सन्यास। इसी प्रकार के वादे महिलाओं के साथ किए गए की 50000 तक बिना गारंटी ऋण दिया जाएगा, 2000 प्रति माह चूल्हा भत्ता दिया जाएगा।

# पाकिस्तान के हालात बांग्लादेश से ज्यादा खराब

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने पाकिस्तान ने सात अरब डॉलर कर्ज की मांग की है। लेकिन कर्ज को लेकर आईएमएफ की कुछ कठिन शर्तें भी हैं, जो पाकिस्तान को पूरी करनी होंगी। पाकिस्तान के लिए डगर बेहद जटिल है। कहने का आशय है कि भारत के आतंरिक मामलों में हमेशा टांग अड़ाने वाला पाकिस्तान बदहाली के ऐसे नासूर से जूझ रहा, जो कभी भी उसको तबाही के आगोश में ले सकता है। हालांकि अगर ऐसा होता है तो भारत के लिए अच्छा नहीं होगा क्योंकि पाकिस्तान का पतन होने के बाद चीन अपना शैतानी पंजा इस क्षेत्र में बढ़ाएगा जिसको तहस-नहस करने के लिए भारत को पहले ही तैयारी कर लेनी चाहिए।**

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट होने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या दक्षिण एशिया के इस क्षेत्र में तीसरी बार भी ऐसी घटना होगी? क्या अगला नंबर पाकिस्तान का है? यह सवाल सोलह आना खरा इसलिए है क्योंकि इस समय पाकिस्तान के हालात काफी खराब हैं और वहां पर सरकार के खिलाफ कई आंदोलन चल रहे हैं। पाकिस्तान अनेक भीषण चुनौतियों और संकटों से जूझ रहा है।

पाकिस्तान के अंदर जिस तरह के विरोध प्रदर्शन और आंदोलन चल रहे हैं, उससे आभास होता है कि वहां भी सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़कने की कगार पर है। यह बात इसलिए दावे के साथ कही जा सकती है क्योंकि बांग्लादेश की तरह पाकिस्तान में भी तख्तापलट का इतिहास रहा है। रावलपिंडी में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व में हजारों लोग बेरोजगारी वमहंगाई के विरोध में सड़कों पर उतर कर शहबाज शरीफ को धमका रहे हैं कि उनका हश्र हसीना से बुरा होगा। दरअसल, पाकिस्तान स्टूडेंट फेडरेशन (पीएसएफ) ने 30 अगस्त तक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा करने की मांग की है। स्टूडेंट फेडरेशन ने पाकिस्तान की सरकार को अल्टीमेटम जारी किया। छात्रों की मांग है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बेगुनाह हैं और जल्द उनको कैद से बाहर निकाला जाए।

यहां पर भारत के दो पड़ोसी देशों में हुई दो घटनाओं की चर्चा उचित होगी। पहली घटना 8 जुलाई 2022 की है। श्रीलंका सरकार ने इसी तारीख को ऐलान किया था कि देश दिवालिया हो गया। जिसके बाद हजारों की संख्या में श्रीलंकाई सड़कों पर उतर आए। कोलंबो में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भवन को घेर लिया। गोटबाया को देश छोड़ कर भागना पड़ा था। दूसरी घटना है 5 अगस्त 2024 की है जब बांग्लादेश में दो महीने से जारी आरक्षण विरोधी आंदोलन बेकाबू हो गया। भारी आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी पीएम हाउस में घुस गए। पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में पहले भी सरकार के तख्तापलट का इतिहास रहा है। वर्ष 1958 में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति मेजर जनरल इसकंदर मिर्जा ने पाकिस्तानी सांसद और प्रधानमंत्री फिरोज खान नून की सरकार को भंग कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने देश में मार्शल लॉ लागू कर आर्मी कमांडर इन चीफ जनरल अयूब खान को देश की बागडोर सौंप दी थी। महज 13 दिन बाद ही अयूब खान ने तख्तापलट करते हुए देश के राष्ट्रपति को पद से हटा दिया था।



पाकिस्तान का दूसरा तख्तापलट आर्मी चीफ जनरल जिया उल हक द्वारा किया गया था। जिया उल हक ने 4 जून 1977 को देश के प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो को पद से हटा दिया था। इस तख्तापलट को 'ऑपरेशन फेयर प्ले' के नाम से भी जाना जाता है। इसी तरह से पाकिस्तान में तीसरी बार सरकार का तख्तापलट 1999 में आर्मी चीफ परवेज मुशर्रफ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार का तख्तापलट किया था।

पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में उथल-पुथल चल रही है लेकिन बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद पाकिस्तान में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच गया है। रावलपिंडी शहर के मुख्य केंद्र मुर्री रोड पर सड़क को बंद करके जमात-ए इस्लामी का धरना चल रहा है, जहां हजारों लोग बैठे हैं और मांग कर रहे हैं कि शहबाज शरीफ सरकार बेरोजगारी, मुद्रास्फीति का तत्काल समाधान करे और विशेष रूप से नागरिकों के बिजली बिलों में वृद्धि को कम करे। इस बीच बलूचिस्तान के एकमात्र बंदरगाह शहर ग्वादर सहित कई अन्य शहरों में पिछले दो हफ्ते से धरना-प्रदर्शन जारी है। रावलपिंडी के विरोध प्रदर्शन के विपरीत बलूचिस्तान में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें भी देखी गई हैं, जहां गोलीबारी में कई लोग मारे गए, दर्जनों घायल हुए और कई लोगों को सरकारी एजेंसियों द्वारा उठा लिया गया। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व एक युवा बलोच महिला डॉ. महरंग बलोच कर रही हैं, जो मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। इसके अलावा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की मांग करती रही है।

उत्तरी इलाकों में भी लोग पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने काराकोरम हाईवे को जाम कर दिया है, जो खुंजराब दर्रे के माध्यम से पाकिस्तान को चीन से जोड़ रहा है। वे संघीय राजस्व बोर्ड और पाकिस्तान सीमा शुल्क के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में व्यापारियों पर कर लगाया है। पाकिस्तान से चीन जाने के इच्छुक कई विदेशी भी यहां फंस गए हैं और उन्हें प्रदर्शनकारियों के साथ बैठे देखा जा सकता है। वास्तविकता यह है पाकिस्तान के हर हिस्से में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। यही नहीं, सिंध प्रांत और पाक अधिकृत कश्मीर में पहले से पाकिस्तानी शासकों द्वारा भेदभाव करने के चलते असंतोष चरम पर है।

दूसरी ओर पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने पाकिस्तान ने सात अरब डॉलर कर्ज की मांग की है। लेकिन कर्ज को लेकर आईएमएफ की कुछ कठिन शर्तें भी हैं, जो पाकिस्तान को पूरी करनी होंगी। पाकिस्तान के लिए डगर बेहद जटिल है। कहने का आशय है कि भारत के आतंरिक मामलों में हमेशा टांग अड़ाने वाला पाकिस्तान बदहाली के ऐसे नासूर से जूझ रहा, जो कभी भी उसको तबाही के आगोश में ले सकता है। हालांकि अगर ऐसा होता है तो भारत के लिए अच्छा नहीं होगा क्योंकि पाकिस्तान का पतन होने के बाद चीन अपना शैतानी पंजा इस क्षेत्र में बढ़ाएगा जिसको तहस-नहस करने के लिए भारत को पहले ही तैयारी कर लेनी चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

# सुनिश्चित पेंशन की गारंटी

केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना सरीखी यूनिफाइड़ पेंशन स्कीम (यूपीएस-एकीकृत पेंशन योजना) की शुक्रवार को घोषणा की। सुनिश्चित पेंशन की अरसे से सरकारी कर्मचारी मांग करते रहे हैं, जिनके दबाव में मोदी सरकार को यह फैसला करना पड़ा है। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने भी बराबर दबाव बना रखा था। योजना के अनुसार कर्मचारी के रिटायर होने पर सेवानिवृत्ति के दिन से पहले के बारह महीने के औसत वेतनमान का 50 फीसद पेंशन के रूप सुनिश्चित मिलेगा। क्वालीफाइंग सर्विस 25 साल होगी। दस साल से 25 साल तक नौकरी करने वाले कर्मचारियों को उसी अनुपात में पेंशन मिलेगी। यूपीएस एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी। मौजूदा एनपीएस भी जारी रहेगी। कर्मचारियों पर है कि दोनों में से कौन सा विकल्प चुनते हैं। एनपीएस वाले यूपीएस में जाते हैं तो उन्हें फायदा होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बनाईथी। समिति ने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के मद्देनजर पेंशन के मसले का गहनता से अध्ययन किया। समिति की सिफारिशों के आधार पर मोदी मंत्रिमंड़ल ने यूपीएस संबंधी फैसला किया है।



अलबत्ता, फैसले की टाइमिंग को लेकर काफी कुछ कहा जा सकता है। सबसे पहले तो यही कि लोक सभा चुनाव में पार्टी को मिले झटके के बाद कई राज्यों में आने वाले असेंबली चुनावों में भाजपा कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में तो असेंबली चुनाव का ऐलान भी हो चुका है। जल्द ही महाराष्ट्र और झारखंड़ में भी चुनाव होने हैं। 2024 के चुनाव में भाजपा के सदस्यों की संख्या 303 से गिरकर 240 पर रह गई थी। उसे अपने तईं स्पष्ट बहुमत की सरकार की बजाय सहयोगी दलों के साथ बने गठबंधन एनड़ीए की सरकार का नेतृत्व करना पड़. रहा है। 2024 में अपेक्षानुरूप प्रदर्शन न कर पाने के पीछे तमाम कारक गिनाए जा सकते हैं, लेकिन अग्निवीर, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और आरक्षण, किसानों के मुद्दे ऐसे रहे जिनके चलते भाजपा को झटका लगा। पेंशन का मुद्दा खासा संवेदनशील है, 23 लाख कर्मचारी (राज्य सरकार भी इसे लागू करती हैं तो संख्या 90 लाख हो जाएगी) यूपीएस से लाभान्वित होने हैं, जिनकी अनदेखी का जोखिम भारी पड़. सकता है। यूपीएस से सरकार ने मध्यम वर्ग को राहत देने की कोशिश की है, जिसका उसे चुनाव में फायदा होता दिख रहा है।

## चिंतन-मनन

# कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव

ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है।

चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मो का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मो के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है।

परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अतः भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

# मिलावटी उत्पादों से सेहत पर दुष्प्रभाव ही पड़ेगा

भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीजों, दिल के रोग के मरीज, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोजमर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है। घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते।पिछले सप्ताह एक एनजीओ द्वारा किए गए शोध से पता चला कि देश में अधिकतर नमक और चीनी निमार्ता हमें प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण खिला रहे हैं। टॉक्सिक्स लिंक नाम की एक एनजीओ के पर्यावरण अनुसंधान विभाग द्वारा किए गए एक शोध के बाद यह दावा किया। जबसे यह खबर उजागर हुई तो उपभोक्ताओं के मन में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीजों, दिल के रोग के मरीज, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोजमर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है।घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के इतने सूक्ष्म कण आपके शरीर में कई सालों तक रह सकते हैं। इतने वर्ष तक यदि ऐसे कण आपके शरीर में रह जाएँगे तो इनका आपकी सेहत पर दुष्प्रभाव तो पड़ेगा ही। अब चूँकि यह शोध सामने आया है तो इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी विस्तृत जाँच भी होनी चाहिए और साथ ही दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए।आज के दौर में हम जितना भी सादा भोजन करें हम किसी न किसी मात्रा में नमक और चीनी तो लेते ही होंगे। यदि इन जरूरी तत्वों के सेवन से हमें कैंसर और दिल के रोग होने लग जाएँ तो इंसान कहाँ जाए ? यदि मिलावटी मसालों की बात होती है तो हम अपनी दादी-नानी के घरेलू नुस्खे आजमा कर रोजमर्रा के मसालों को घर में ही कूट-पीस सकते हैं।



यदि दूषित पानी और कीटनाशक से उगी सब्जियों और फलों की शिकायत मिले तो हम जैविक खेती की मदद से शुद्ध सब्जियों और फलों का सेवन कर लेते हैं। परंतु यदि हर घर में इस्तेमाल होने वाले नमक और चीनी में ही इस कदर मिलावट होने लगे तो आपक्या करेंगे ? लालच इंसान को किस हद तक ले जाता है कि मुनाफे के चक्कर में कुछ चुनिंदा उद्योगपति आम जनता को जहर परोस रहे हैं।माइक्रोप्लास्टिक्स इन सॉल्ट एंड शुगर नाम की इस स्टडी में टॉक्सिक्स लिंक ने टेबल सॉल्ट, रॉक सॉल्ट, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चे नमक सहित 10 प्रकार के नमक और ऑनलाइन तथा स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी का टेस्ट करने के बाद इस स्टडी को पेश किया। अध्ययन में यह चौकने वाला सच सामने आया कि नमक और चीनी के सभी नमूनों में अलग-अलग तरह के माइक्रोप्लास्टिक्स शामिल थे। इनमें फाइबर, पेलेट्स, फिल्म्स और फ्रैगमेंट्स पाये गये।शोध के अनुसार इन माइक्रोप्लास्टिक्स का आकार 0.1 मिमी से 5 मिमी के बीच पाया गया। सबसे अधिक माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा आयोडीन युक्त नमक में पाई गई, जो मल्टीकलर के पतले फाइबर और फिल्म्स के रूप में थे। जाँच रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के नमूनों में, माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई, जिसमें सबसे अधिक मात्रा गैर-ऑर्गेनिक चीनी में पाई गई। वहीं गौरतलब है कि नमक के नमूनों में प्रति किलोग्राम माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 6.71 से 89.15 टुकड़े तक पाई गई। आयोडीन वाले नमक में माइक्रोप्लास्टिक्स की सबसे अधिक मात्रा (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) और ऑर्गेनिक रॉक सॉल्ट में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) पाई गई।उल्लेखनीय है कि इस विषय पर किए गए पिछले शोधों में पाया गया है कि औसत भारतीय हर दिन 10.98 ग्राम नमक और लगभग 10 चम्मच चीनी का सेवन करता है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सीमा से काफी अधिक है। ऐसे में यदि हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक भी प्रवेश कर रहा है तो यह हमें कितना नुकसान पहुँचाएँगे इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। माइक्रोप्लास्टिक के कण मानव शरीर में मिलावटी भोजन के अलावा हवा और पानी के जरिये भी प्रवेश कर सकते हैं। एक अन्य शोध में यह भी पता चला कि माइक्रोप्लास्टिक मानव शरीर में फेंफड़े, हृदय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों में बड़ी आसानी से प्रवेश कर लेते हैं। इतना ही नहीं एक शोध में यह भी पाया गया कि नवजात व अजन्में बच्चों में भी माइक्रोप्लास्टिक प्रवेश कर चुके हैं।चिंता का विषय यह है कि भारत में निर्मित चीनी और नमक में इतनी मात्रा में मिलने वाले ऐसे तत्व क्यों पाये जा रहे हैं? क्या ऐसी स्टडी पहली बार हुई है? इससे पहले भी कई तरह के शोध मिलावटी उत्पादों को लेकर हुए हैं। क्या उन पर उचित कार्यवाही की गई? क्या सरकार ने ऐसे कड़े नियम बनाए कि ऐसी गलती करने पर निमार्ताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए? वैज्ञानिक शोध का मतलब स्पष्ट रूप से यही होता है कि जिस भी शोध में कुछ भी हानिकारक पता चले, उसे जनता के सामने पेश किया जाए। परंतु क्या ऐसे शोध को केवल जनता के सामने लाने से ही समस्या का हल निकल जाएगा? यदि उपभोक्ता जागरूक हो जाए और देश के सरकारी विभाग इस बात को सुनिश्चित कर लें कि किसी भी हाल में जनता को मिलावटी उत्पाद नहीं बेचे जा सकते, तो शायद स्थिति कुछ बेहतर हो। परंतु हमारे देश में जहां हर काम भ्रष्टाचार के पेपर वेट के सहारे होता है वहाँ कब, क्या और कितना होगा यह बताना मुश्किल है फिलहाल हर उपभोक्ता को जागरूक होना जरूरी है। इसके साथ ही देश में टॉक्सिक्स लिंक या अन्य सचेत एनजीओ का होना भी जरूरी है जो जनहित में ऐसे शोध जनता के सामने लाते हैं। आनेवाले समय में देखना यह होगा कि देश भर में काम कर रही ऐसी तमाम एनजीओ के शोध को सरकार कितनी गंभीरता से लेती है और दोषियों के खिलाफ क्या कानूनी कार्यवाही की जाती है। तब तक के लिए हमें सचेत रहना चाहिए और जहां तक संभव हो मिलावटी उत्पादों से बचना चाहिए।

**– रजनीश कपूर**

# डिजिटल अरेस्ट : साइबर पैंतरेबाजी से सतर्क रहें



**अमित बैजनाथ गर्ग**

इन दिनों साइबर ठगों ने लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए एक और तरीका अपनाया है, जिसका नाम है डिजिटल अरेस्ट। साइबर ठगी करने वाला लोगों को फंसाने के लिए ब्लैकमेलिंग का खेल खेलता है, और लोग उसके जाल में फंस जाते हैं। साइबर क्राइम के इस बिल्कुल नये तरीके में स्कैमर्स पुलिस, सीबीआई या कस्टम का अधिकारी बन कर कॉल करते हैं, और डरा कर घर पर ही बंधक बना लेते हैं। स्कैम का यह खेल यहीं से शुरू होता है। इसे डिजिटल अरेस्ट कहते हैं। साइबर ठग गिरफ्तारी का डर दिखा कर घर में ही कैद कर देते हैं।



सबसे पहले ठग आपको अधिकारी बन कर कॉल करता है। फिर बताया जाता है कि आपका आधार कार्ड, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट का उपयोग किसी गैर-कानूनी काम के लिए हुआ है। यहां से आपको डराने-धमकाने का खेल शुरू होता है। ठग वीडियो कॉल में अपने बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लेते हैं, जिसे देख कर पीड़ित डर जाता है, और उनकी बातों में आ जाता है। ठग जमानत की बात कह कर ठगी शुरू करते हैं। अपराधी आपको वीडियो कॉल से न हटने देता है, और न किसी को कॉल करने देता है। हाल में साइबर ठगी के जरिए डिजिटल अरेस्ट के कुछ मामले सामने आए हैं। नोएडा में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उन्हें एक कॉल आया। कॉल इंटरनेशनल कूरियर कंपनी के कर्मचारी ने किया था। उसने महिला को बताया कि उनके नाम से भेजे गए पार्सल में ड्रग्स मिली है। महिला ने जब इस तरह के किसी भी पार्सल की जानकारी न होने की बात कही तो उन्होंने बताया कि वे इसकी शिकायत मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच में दर्ज करवा रहे हैं। इसके बाद महिला के पास वीडियो कॉल आता है, जिसका बैकग्राउंड किसी पुलिस स्टेशन का था। पुलिस अफसर बनकर बात कर रहे व्यक्ति ने वीडियो कॉल पर महिला को रात भर सोने नहीं दिया और डरा-धमका कर उनसे करीब 5.20 लाख रु पये अलग-अलग खातों में जमा करवा लिए। महिला को 24 घंटे से अधिक समय तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। एक और मामला बेंगलुरु की 29 वर्षीय महिला वकील द्वारा हाल में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद सामने आया। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें दो दिनों के लिए डिजिटल रूप से गिरफ्तार किया गया। उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया था। उसने खुद को अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताया था।

दरअसल, इस तरह के अपराधों पर रोक लगाने के लिए सरकार भी कार्रवाई कर रही है। हाल में सरकार ने तेजी से बढ़ रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। बावजूद इसके घटनाएं कम नहीं हो रहीं। आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 223 में 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के बैंक खेंड देश में रिकॉर्ड किए गए। पिछले एक दशक की बात करें तो एक जून, 2014 से 31 मार्च, 2023 तक भारतीय बैंकों में खेंड के 65,017 मामले सामने आए जिनके जरिए 4.69 लाख करोड़ की ठगी की गई। साइबर क्रिमिनल्स यूपीआई स्कैम, क्रेड़िट कार्ड स्कैम, ओटीपी स्कैम, नौकरी के नाम पर स्कैम, डिलीवरी स्कैम आदि के जरिए लोगों को चूना लगा रहे हैं। अब डिजिटल हाउस अरेस्ट भी साइबर अपराधियों का हथियार बन रहा है। असल में ये सब साइबर ठगों की ओर से लोगों को डराने-धमकाने के फर्जी तरीके हैं। कोई जांच एजेंसी या पुलिस आपको कॉल करके धमकी नहीं देती। जांच एजेंसी या पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करती है। आपको डराने-धमके के लिए इस तरह के कॉल आते हैं, तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें या 1930 नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर साइबर पोस्ट के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई मैसेज या ई-मेल आता है तो उसे सबूत के तौर पर पुलिस को दें।

किसी कारण आपने कॉल रिसीव कर लिया है, और वीडियो कॉलर कोई धमकी देने लगा है, तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के जरिए वीडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और शिकायत करें। कतई डरें नहीं। पैसे बिल्कुल न भेजें। कोई आपको झांसे में लेने का प्रयास करे तो उसके नंबर को तत्काल ब्लॉक कर दें। ध्यान रखें कि पुलिस विभाग की वेबसाइट पर तमाम जानकारी और अफसरों के नंबर रहते हैं। जरूरत पड़ने पर आप उनसे भी जानकारी ले सकते हैं। एफआईआर की धमकी देने वाले को नजरअंदाज करें। कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। किसी से निजी जानकारियां जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या फिर अन्य बैंकिंग डिटेल्स शेयर न करें। कोई भी बैंक या सरकारी-गैर सरकारी संस्थान पिन, ओटीपी आदि की जानकारी नहीं पूछता। सोशल मीडिया, बैंक अकाउंट आदि के पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें ताकि आप ऑनलाइन फ्रॉड से बच सकें।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## अभिषेक को खुद नहीं पता था स्त्री 2 के लिए शूट किया था सीन, मुंजा में हो गया इस्तेमाल

अभिषेक बनर्जी की नई फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा रही है और हर दिन ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने स्त्री 2 की सफलता पर बात करने के साथ-साथ अपने करियर और अक्षय कुमार के कैमियो को लेकर कई बातें साझा की। अभिषेक बनर्जी इस बात से काफी खुश हैं कि वो स्त्री के रुप में एक बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं, जिस पर लोग जमकर प्यार बरसा रहे हैं और थिएटर में हंस रहे हैं, डांस कर रहे हैं और सीटी बजाकर फिल्म का आनंद ले रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सोचिए आखिरी बार ऐसा कब देखा गया था कि थिएटर के बाहर फिल्म देखने के लिए लंबी-लंबी लाइन लग रही हो। स्त्री 2 को देखने आ रही लोगों की भीड़ को लेकर अभिषेक बनर्जी कहते हैं कि इस पर यकीन नहीं होता है और ये अवास्तविक स्थिति है। उन्होंने अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग की तारीफ करते हुए कहा कि गरम मसाला उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है और जब कभी दुखी होते हैं तो इसे देख लेते हैं। अक्षय के कैमियो पर बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जब निर्देशक अमर कौशिक ने उन्हें इस बारे में बताया था तो वो खुशी से उछल पड़े थे। अभिषेक ने बताया कि उन्हें मालूम था कि वो और अक्षय कुमार अपने इस सीन में सुधार करेंगे और सेट पर मिलने के साथ ही उन्होंने इस बारे में सोचना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि जब वो घर लौटे तो दोस्तों को खुशी से बताया कि भाई मैं अक्षय कुमार के साथ फिल्म करके आया हूं। स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है। यह उनके हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है और खास बात यह है कि अभिषेक बनर्जी ने इस यूनिवर्स की सभी फिल्मों में काम किया है। एक रोचक बात बताते हुए उन्होंने कहा कि मुंजा में उनका जो सीन है, उसे स्त्री 2 के लिए शूट किया था और उन्हें इस बात की कोई खबर नहीं थी कि उसे मुंजा में ले लिया जाएगा।



# मैं और तापसी सच के लिए लड़ते हैं

अपनी बेहतरीन फिल्मों के जरिए लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ने वाली राइटर-प्रोड्यूसर कनिता ढिल्लों ने बीते सालों में अनगिनत फिल्में की हैं। वो एक बार फिर से अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर खबरों में हैं। रूमी, मुक्कू, रानी जैसी अपनी शर्तों पर जीने वाली आजाद लड़कियों को पर्दे पर गढ़ने वाली राइटर-प्रड्यूसर कनिका ढिल्लों इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में हैं। इसी साल उनके बैनर की पहली फिल्म दो पत्ती भी ओटीटी पर दस्तक देगी।

**फिल्म एनिमल में नायक के अपनी पत्नी को धोखा देने की काफी आलोचना हुई। आपकी मनमर्जियां की रूमी और हसीन दिलरुबा की रानी भी अपने पति को धोखा देती हैं। फिर भी उनके प्रति सहानुभूति रहती है। आपको नहीं लगता कि उनकी दगाबाजी भी गलत है**

सही और गलत के लिए तो हम यहां आए नहीं है। हम यहां एक इमोशन के लिए बैठे हैं। हम यह देखने के लिए बैठे हैं कि क्या आपने रानी का दर्द, उसका गुस्सा, उसका पश्चाताप महसूस किया हम उसके लिए यहां हैं। हसीन दिलरुबा में आप रानी कश्यप को कभी गलत ठहराते हैं, क्योंकि वह गलत काम करती है। कभी आप उसके दर्द में साथ बहते हैं। कभी अपने मन में उसको डांटते हैं कि ये गलत है। कभी आप उसका पश्चाताप देखते हैं तो उसे प्यार भी करते हैं। मैंने सही-गलत या कोई स्टेटमेंट देने के लिए ये कहानी नहीं लिखी। ये कहानी एक फीलिंग, एक इमोशन के लिए लिखी है।

**राइटर्स हर कहानी के साथ एक दुनिया गढ़ते हैं, फिर उसके पूरे होने पर एक खालीपन से गुजरते हैं, आपका राइटिंग प्रॉसेस क्या रहता है रिशू-रानी की दुनिया में वापस जाना कितना सहज या मुश्किल रहा**

मैं वो खालीपन होने ही नहीं देती हूं। मैं कहानी से कहानी भागती रहती हूं। कुछ लोग ऐसे लिखते हैं कि हर कहानी में अपना सबकुछ उड़ेल देते हैं। मेरा प्रोसेस उससे बिल्कुल उल्टा है। मैं एक समय में सिर्फ एक कहानी नहीं लिख सकती। मुझे लगता है कि अगर आप कहानी में बहुत ही ज्यादा घुस जाते हैं तो अपका नजरिया कहीं ना कहीं धुंधला जाता है। आप अपने लिखे हुए को निष्पक्ष होकर नहीं देख पाते।



**तापसी के साथ आपने मनमर्जियां, रश्मि रॉकेट, हसीन दिलरुबा के दो पार्ट काफी काम कर लिया। उनके साथ अपने रिश्ते को कैसे देखती हैं और वक्त के साथ उसमें क्या बदलाव पाती हैं**

हमारा रिश्ता वाकई काफी मजबूत है। हमने काफी फिल्में साथ में कर ली हैं। बदलाव ये है कि हर फिल्म के दौरान मुझे लगता है कि जितना मैं सोचती हूं कि ये लड़की पागल है, वो उससे ज्यादा पागल निकलती है। यही बात मेरे लिए भी लागू होती है। हममें एक चीज कॉमन है कि हम गलत को गलत कहते हैं और सही के लिए लड़ते हैं। हम आवाज उठाने से डरते नहीं है और ये चीज बहुत कम लोगों में पाई जाती है। हम एक दूसरे को समझते हैं, इसलिए हमारा एक राइटर-ऐक्टर का बहुत अच्छा रिश्ता है। हम दोस्त भी हैं और ज्यादातर जिस तरह से मैं लिखती हूं, उसमें जिन ऐक्टर्स से दोस्ती हो जाती है, उनके लिए और मजे से लिख पाती हूं क्योंकि मैं उनकी खूबियां, उनकी कमियां जानती हूं। इसीलिए, मैं ज्यादातर जब अपनी कहानियां लिखती हूं तो कास्ट करके लिखना पसंद करती हूं।



## बिजनेस में पहचान बनाने के लिए विक्की ने किया सपोर्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ फिल्मों में अपने अभिनय के लिए तो मशहूर हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि वह एक उद्यमी भी हैं दरअसल, अभिनेत्री एक मेकअप ब्रांड की मालकिन हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि अभिनय और उद्यमिता के बीच संतुलन बनाना काफी मुश्किल होता है। उन्होंने अपने पैशन के बारे में बात की और बताया कि वह कैसे अपने काम को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। अभिनेत्री कैटरीना कैफ को लगता है कि महिलाओं को अपनी ताकत को समझना जरूरी है। अभिनेत्री के अनुसार केवल मेकअप आत्मविश्वास को बढ़ावा नहीं देता।बता दें कि अभिनेत्री उद्यमी फाल्गुनी नायर के साथ ब्यूटी ब्रांड की मालकिन हैं। कैटरीना ने खुलासा किया कि उनके पति, अभिनेता विक्की कौशल कभी-कभी उन्हें अपना फोन डाइनिंग टेबल से दूर रखने के लिए कहते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'एक अभिनेता और एक उद्यमी के रूप में अपने करियर को संतुलित करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद है, लेकिन साथ ही यह समय भी मांगता है। कई बार मेरे पति (विक्की कौशल) मुझे डिनर टेबल पर फोन रखने के लिए कहते हैं, लेकिन मुझे अक्सर महत्वपूर्ण काम करना होता है। वह समझते हैं कि यह समर्पण अत्यधिक जुनून से आता है।'विक्की कौशल कैटरीना के इस सफर में उनका बड़ा सहारा रहे हैं। वह अक्सर उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए नजर आते हैं। बता दें कि कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने 9 दिसंबर, 2021 को राजस्थान में अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी।



## 15 सितंबर को नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'अद्भुत' का प्रीमियर

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'अद्भुत' का प्रीमियर टेलीविजन पर होने वाला है। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। अभिनेता ने फिल्म की एक तस्वीर भी साझा की है। फोटो शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा कि साल की सबसे चौंकाने वाली फिल्म का रहस्य उजागर होते देखें। फिल्म का ट्रेलर शनिवार दोपहर 12 बजे रिलीज किया जाएगा। फिल्म का प्रीमियर 15 सितंबर को सोनी मैक्स चैनल पर रात 8 बजे किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन सब्बीर खान ने किया है, जिनके साथ नवाज ने पहले मुन्ना माइकल में काम किया था। यह फिल्म एक मिस्ट्री थ्रिलर है। अद्भुत 15 सितंबर को सोनी मैक्स पर रिलीज होने वाली है। इससे पहले, अभिनेता को स्ट्रीमिंग मूवी रौतू का राज में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी, जो पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित है। फिल्म को समीक्षकों से तारीफ मिली थी और 28 जून, 2024 को जी5 पर रिलीज किया गया था। नवाज को क्राइम-ड्रामा फिल्म हड्डी में अनुराग कश्यप के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए भी देखा गया था। उन्होंने फिल्म में दोहरी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें से एक ट्रांसजेंडर का रोल भी था।

## पाणी के ट्रेलर लांच के लिए मुम्बई पहुँची प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा की मराठी फिल्म 'पानी' 18 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।. ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में शामिल होने के लिए शुक्रवार की सुबह मुंबई पहुंचीं। इस दौरान वे एयरपोर्ट पर काफी स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं। इस दौरान ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ऑल व्हाइट आउटफिट में फैशन गोल सेट करती हुई नजर आईं। प्रियंका ने व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग ट्रैक पैंट, लॉन्ग श्रग, डेनिम कैप और व्हाइट शूज पहने थे। उन्होंने इस दौरान मिनिमल मेकअप किया हुआ था और अपने बालों को ओपन छोड़ा था। इस लुक में प्रियंका काफी हसीन लग रही थीं। प्रियंका की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं और फैंस एक्ट्रेस के कूल लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही प्रियंका ने अपने मराठी प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर 'पाणी' का मोशन पोस्टर शेयर किया था। आदिनाथ कोठारे द्वारा निर्देशित, 'पाणी' नांदेड़ के सूखाग्रस्त गांव नागदेरवाड़ी के एक साधारण व्यक्ति की कहानी बताती है। फिल्म उनकी यात्रा को दर्शाती है क्योंकि वह कई चुनौतियों के बावजूद गांव को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करते हैं।



## वीडी 14 को लेकर आया नया अपडेट, क्या फिल्म में डबल रोल निभाएंगे विजय देवरकोंडा?

विजय देवरकोंड़ा की आगामी फिल्म वीडी 14 को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मे वह डबल रोल में नजर आएंगे। फैमिली स्टार के फ्लॉप होने के बाद हाल ही में विजय देवरकोंडा ने कल्कि 2898 एडी में एक विशिष्ट भूमिका निभाई थी। अर्जुन के रूप में उनके अभिनय को लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म के बाद अभिनेता की एक और फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

फिल्म का अस्थाई नाम वीडी 14 है। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें विजय अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म अभी प्रोडक्शन के शुरुआती चरण में हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो अगले साल की पहली छमाही तक इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। दावे के मुताबिक फिल्म में विजय पिता और पुत्र के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की कहानी को ब्रिटिश काल के इर्द-गिर्द बुना गया है, जिसे फ्लैशबैक दृश्यों के माध्यम से लोगों के सामने रोचक अंदाज में पेश करने की कोशिश की जाएगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में पिता का किरदार शक्तिशाली व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जा सकता है। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने अभी तक इन रिपोर्ट्स की पुष्टि नहीं की है।इस साल मई में विजय ने अपनी इस फिल्म का एक पोस्टर साझा किया था। इसके लिखा था, महाकाव्य लिखे नहीं जाते, वे नायकों के खून में उकेरे जाते हैं। पोस्टर में सूखी जमीन पर एक योद्धा की प्राचीन मूर्ति दिखाई दी थी, जो अपने घोड़े पर सवार है और तलवार थामे हुए है। फिल्म में कहानी 1854 से 1878 के बीच की दिखाए जाने की उम्मीद है। विजय देवरकोंडा और राहुल सांकृत्यायन ने इससे पहले 2018 की फिल्म टैक्सीवाला में साथ काम किया था, जिसमें प्रियंका जावलकर, मालविका नायर, मधुनंदन, रवि वर्मा, शिजू ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

## जब अल्लू अर्जुन ने प्रभास से की थी ऋतिक की तुलना

साउथ और बॉलीवुड स्टार्स हमेशा से ही प्रशंसकों के बीच काफी प्रसिद्ध रहे हैं। उनसे जुड़ी हर एक खबर पर भी उनके प्रशंसकों की नजर रहती हैं। अब एक अल्लू अर्जुन का थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह ऋतिक रोशन और प्रभास की तुलना करते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो इस बीच सामने आया है क्योंकि हाल ही में अरशद वारसी ने फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर प्रभास के बारे में टिप्पणी की थी, जो प्रभास के प्रशंसकों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई। कल्कि 2898 एडी में प्रभास की भूमिका के बारे में अरशद वारसी की टिप्पणियों ने हलचल मचाना जारी रखा है। एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है जिसमें अल्लू अर्जुन अभिनेता ऋतिक रोशन और प्रभास की तुलना आपस में कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब अल्लू अर्जुन ने ऋतिक और प्रभास की तुलना में कहा कि प्रभास के आगे ऋतिक रोशन कुछ भी नहीं हैं उस दौरान वहां पर निर्देशक एसएस राजामौली के अलावा कई साउथ सिनेमा के दिग्गज मौजूद थे। ऋतिक रोशन को प्रभास से कमतर बताने की अल्लू की क्या वजह रही होगी, यह तो कुछ नहीं कहां जा सकता, लेकिन अल्लू की इन बातों से प्रभास के प्रति उनका प्रेम साफ झलकता नजर आया।



# अब धवन ने आईपीएल को भी अलविदा कहा, लीजेंड्स लीग में खेलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। धवन ने पिछले सप्ताह ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। धवन आईपीएल सत्र 2024 में पंजाब किंग्स के कप्तान थे हालांकि खराब फिटने के कारण उन्हें कई मैचों में बाहर रहना पड़ा था। उनकी टीम का प्रदर्शन भी इससे प्रभावित रहा। इसी को देखते हुए ही इस बल्लेबाज ने अब सोशल मीडिया में एक भावुक वीडियो शेयर करते हुए अपने करियर पर ये फैसला सुनाया है। अब प्रशंसक उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटरों की लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में खेलते हुए देख सकेंगे। अक्रामक बल्लेबाजी करने वाले धवन के एलएलसी में शामिल होने से इस लीग का आकर्षण बढ़ने की संभवना है।

एलएलसी में शामिल होने के बाद धवन ने कहा, इस लीग क्रिकेट के साथ खेल की अपनी नई पारी शुरू करने से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। मेरा शरीर अभी भी खेलने के लिए सक्षम है। मैं अपने दोस्तों के साथ फिर से जुड़ने और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करना जारी रखने को लेकर उत्साहित हूं। वहीं लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने लीग में धवन का स्वागत करते हुए कहा, धवन के साथ आने से हम रोमांचित हैं। उनका अनुभव और प्रतिभा निस्संदेह टूर्नामेंट के रोमांच को बढ़ाएगी और प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन भी करेगी। हम उन्हें अन्य क्रिकेट दिग्गजों के साथ एक्शन में देखने के लिए उत्सुक हैं। इससे दिग्गज क्रिकेटरों के लिए दूसरी पारी के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होगी।

संन्यास के बाद से ही कई दिग्गज क्रिकेटर इस लीग का हिस्सा हैं। इनमें एरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, इरफान पठान, मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, श्रीसंत, सुरेश रैना, यूसुफ पठान और हाशिम अमला जैसे क्रिकेटर हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र सितंबर 2024 में शुरु होगा। इसमें रिटायर्ड क्रिकेट रोमांचक मैचों की एक सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे। धवन की भागीदारी से इसमें और भी आकर्षण आयेगा क्योंकि प्रशंसक फिर से मैदान पर उनकी बल्लेबाजी को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लीजेंड्स लीग में केवल वे ही पूर्व क्रिकेटर



खेल सकते हैं जिन्होंने आईपीएल से संन्यास ले लिया हो।

# फिट रहा तो अगले ओलंपिक में खेलने की उम्मीद है : मनप्रीत सिंह



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** नई दिल्ली - मनप्रीत सिंह 30 साल की उम्र को पार कर चुके हैं लेकिन इस स्टार मिडफील्डर को उम्मीद है कि अगर वह फिट रहते हैं तो लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग ले सकते हैं जो उनका पांचवा ओलंपिक होगा। मनप्रीत अभी 32 साल के हैं और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारत ने उनके कप्तान रहते हुए तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य भी थे।

मनप्रीत ने कहा, 'मेरा लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल हैं लेकिन सब कुछ मेरी फिटनेस पर निर्भर करता है। अगर मैं अपनी फिटनेस बनाए रखता हूं और अच्छा प्रदर्शन करता रहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर अगले ओलंपिक में खेलूंगा।' उन्होंने कहा, 'आज की हॉकी में फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण हो गई है इसलिए आखिर में सब कुछ मेरी फिटनेस पर ही निर्भर करेगा।'

मनप्रीत को फिटनेस को लेकर अभी तक किसी खास समस्या का सामना नहीं करना पड़ा और उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। मनप्रीत के अलावा पूर्व दिग्गज खिलाड़ी उधम सिंह, लेस्ली क्लॉडियस और धनराज पिल्लै तथा हाल में संन्यास लेने वाले पीआर श्रीजेश ने चार ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। भारत की तरफ से अभी तक 378 अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 गोल करने वाले मनप्रीत का लक्ष्य ओलंपिक खेल 2028 में भाग लेकर नया रिकॉर्ड बनाना है। पंजाब के मीठापुर गांव का रहने वाला यह खिलाड़ी लगातार दो ओलंपिक पदक जीत कर काफी खुश है।

उन्होंने कहा, 'लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना एक अलग तरह की अनुभूति है। हमने लंबे समय बाद ओलंपिक में लगातार दो पदक जीते हैं और प्रत्येक खिलाड़ी ओलंपिक पदक जीतना चाहता है।' मनप्रीत ने कहा, 'मैं चार ओलंपिक में भाग ले चुका हूं। पहले दो ओलंपिक में मैं पदक हासिल नहीं कर पाया लेकिन पिछले दो ओलंपिक में मैंने पदक हासिल किए। मैं कितना खुश हूं आप इसका अंदाजा नहीं लगा सकते हैं।'

यह मिडफील्डर जरूरत पड़ने पर रक्षापंक्ति में भी खेलने के लिए तैयार रहता है जैसा कि उन्होंने पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ किया जबकि भारतीय टीम 42 मिनट तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। मनप्रीत ने कहा, 'मैं टीम की जरूरत के हिसाब से हमेशा हर तरह की स्थिति में खेलने के लिए तैयार रहता हूं और किसी भी पोजीशन में फिट हो जाता हूं। जब अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिला तो मुझे तुरंत ही एहसास हुआ कि मुझे अब रक्षापंक्ति में खेलना है।'

उन्होंने कहा, 'मैंने इसके लिए काफी अभ्यास किया था इसलिए यह मेरे लिए मुश्किल काम नहीं था। मैं अपनी भूमिका और जिम्मेदारी समझता हूं और मुझे केवल अपनी रणनीति पर अमल करना था।' पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले श्रीजेश के बारे में मनप्रीत ने कहा, 'हर कोई जानता है कि वह (श्रीजेश) कितना अच्छा गोलकीपर था लेकिन यह उसका व्यक्तिगत निर्णय था और ऐसा प्रत्येक खिलाड़ी के साथ होता है। हमें इस पर गौर करने की जरूरत है कि हमें इस स्थिति से कैसे आगे निकलना है। कृष्ण (बहादुर पाठक) और सूरज (करकेरा) अच्छे गोलकीपर हैं और उन्हें शीर्ष स्तर पर खेलने का अनुभव भी है।'

जब मनप्रीत ने अपना दूसरा ओलंपिक पदक जीता तो उनकी मलेशियाई पत्नी इली नजवा सादिक और उनकी ढाई साल की बेटी जैस्मीन पेरिस में थीं। उन्होंने कहा, 'पदक वितरण समारोह के बाद मेरी बेटी और पत्नी मैदान पर मेरे साथ थे और मेरी बेटी मैदान के चारों ओर दौड़ रही थी। मेरे पास मेरी बेटी की पदक पहने हुए एक तस्वीर है। यह वास्तव में गर्व की अनुभूति थी।'

# वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मैच में हराया, श्रृंखला में बनाई अजेय बढ़त



**टरुबा (एजेंसी)।** रोमारिया शेफर्ड और शमार जोसेफ के (3-3 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मैच में 30 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

ब्रायन लारा स्टेडियम में 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की रयान रिकलटन और रीजा हैंड्रिक्स की सलामी जो?ी ने आतिशी शुरुआत करते हुए 4.3 ओवरों में स्कोर को 63 रन कर दिया था। इसी ओवर में शमार जोसेफ ने रिकलटन को आउट कर साझेदारी को तो?ा। रिकलटन ने 13 गेंदों में (20) रन बनाये। इसके बाद अगले ओवर में शेफड ने रीजा हैंड्रिग्स को पवेलियन भेज दिया। हैंड्रिग्स ने 18 गेंदों में (44) रन ठोके। कप्तान एडेन मार्करम (19), ट्रिस्टन स्टब्स (28), डी फरेरा (4) और रासी वान डर डुसैं (17) रन बनाकर आउट हुये।

दक्षिण अफ्रीका ने 138 के स्कोर पर छह विकेट गवांए, इसके बाद उसके चार बल्लेबाज टीम के स्कोर में मात्र 11 रन का इजाफा कर पवेलियन लौट गए। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को 19.4ओवर में 149 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोसेफ और शेफर्ड ने तीन-तीन विकेट लिए। हुसैन को दो विकेट मिले। मैथ्यू फोर्ड और गुडकेश मोटी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शई होप और एलिक ऐथनेज की सलामी जोड़ी की ओर से तेज शुरुआत करने का प्रयास किया गया। छठें ओवर में लिजार्ड विलियम्स ने एलिक ऐथनेज (28) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। शाई होप ने 22 गेंदां मे (41) पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और चार छक्के लगाए।

# रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान और बांग्लादेश पर गिरी गाज, दोनों टीमों ने गंवाए डब्ल्यूटीसी अंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने हाल ही में रावलपिंडी में संपन्न पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक गंवा दिए हैं, जिससे दोनों टीमों को फाइनल में पहुंचने की दौड़ में बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि मैच रेफरी रंजन मदुगले ने यह देखने के बाद प्रतिबंध लगाया कि समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान ने लक्ष्य से छह ओवर कम फेंके और छह डब्ल्यूटीसी अंक गंवाए।



दूसरी ओर, 10 विकेट से जीत हासिल करने के बाद बांग्लादेश को स्वीकार्य दर से तीन ओवर कम फेंकने के कारण तीन डब्ल्यूटीसी अंक काटे गए हैं। प्रतिबंधों के कारण, बांग्लादेश अब सातवें स्थान पर खिसक गया है और स्टैंडिंग में दक्षिण अफ्रीका से पीछे हो जाएगा जबकि पाकिस्तान आठवें स्थान पर बना हुआ है। दोनों टीमों पर वित्तीय दंड भी लगाया गया है, पाकिस्तान पर मैच फीस का 30त्न जुर्माना लगाया गया जबकि बांग्लादेश पर 15प्र. जुर्माना लगाया गया।

खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

आईसीसी ने कहा, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार प्रत्येक ओवर कम होने पर एक टीम पर एक अंक का जुर्माना लगाया जाता है।'

दोनों कप्तान शान मसूद और नजमुल हुसैन शांतो ने अपराधों के लिए दोषी होने की बात स्वीकार की और प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। बांग्लादेश ने दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है और शुक्रवार को रावलपिंडी में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान का सामना करेगा।

## शाकिब अल हसन पर लगा जुर्माना

इस बीच बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पर उसी खेल में आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शाकिब के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीनों में पहला अपराध था। लेवल 1 उल्लंघनों में न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक होते हैं। यह घटना रविवार को पाकिस्तान की दूसरी पारी के 33वें ओवर में हुई जब शाकिब ने अनुचित तरीके से बल्लेबाज की ओर गेंद फेंकी, गेंद मोहम्मद रिजवान के सिर के ऊपर से विकेटकीपर के पास चली गई।

आईसीसी ने कहा, 'शाकिब को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान जैसे पानी की बोतल) फेंकने' से संबंधित है।' शाकिब ने अपराध स्वीकार कर लिया और दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो और एड्रियन होल्डस्टॉक, तीसरे अंपायर माइकल गॉफ़ और चौथे अंपायर राशिद रियाज़ ने आरोप तय किए।

# कारोबार में निवेश और ब्रांड प्रमोशन से करोड़ों कमा रहे क्रिकेटर



मुम्बई। आजकल क्रिकेटर मैदान के अंदर ही नहीं मैदान के बाहर भी धन कमाने और निवेश में माहिर हैं। इसमें पूर्व और वर्तमान क्रिकेटर दोनो ही शामिल हैं। इनका लक्ष्य खेल के बाद अपना भविष्य सुरक्षित करना है। इसके लिए ये क्रिकेटर विभिन कंपनियों में निवेश कर रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न खेलों में टीमें भी इन्होंने खरीदी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह एमएस धोनी ने आईपीओ-बाउंड ज्वैलरी मेकर ब्लूस्टोन में हिस्सेदारी खरीदी है जबकि वेंचर फंड पीक एक्सवी पार्टनर्स महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के स्पोर्ट्स शू स्टार्टअप में हिस्सेदारी के लिए तैयार है। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने स्पोर्ट्स एथलीजर फर्म एजिलिटास स्पोर्ट्स में हिस्सेदारी ली है जिसकी स्थापना अभिषेक गांगुली ने की थी जो प्यूमा इंडिया के प्रबंध निदेशक थे। खिलाड़ी अब एंडोर्समेंट के अलावा इक्विटी सौदों के साथ ही स्टार्टअप के संचालन में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सचिन कई ब्रांड को लॉन्च करने में भी सहयोग करते हैं। वहीं धोनी ने कई तरह के व्यवसायों में निवेश किया है, जिसमें ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस, बेंगलुरु स्थित फिटनेस स्टार्टअप आदि शामिल हैं। इसके अलावा खिलाड़ी कई ब्रांड का प्रमोशन कर विज्ञापन से ही साल में करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं। इसके साथ ही रियल स्टेट और होटल चैन सहित कई अन्य कारोबार भी चला रहे हैं।

# नहीं करूंगी राजनीति, देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाना है लक्ष्य : मनु भाकर

**भिवानी (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर का सोमवार को उनके ननिहाल चरखी दादरी में भव्य स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने साथ ही कहा, ''मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें।

मनु ने कहा कि मेरा ध्यान सिर्फ देश के लिए स्वर्ण जीतने का है। अभी राजनीति नहीं



करूंगी। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे। मनु ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जो सम्मान मिल रहा है, उसी उत्साह के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जज्बा भी बढ़ रहा है। मनु ने युवाओं और उनके माता-पिता से भी पढ़ाई के साथ खेलों में भी ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य रखें, सफलता अवश्य मिलेगी। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के वजन के मामले को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मनु ने कहा कि विनेश की भावना फाइटर की तरह रही है। इस मामले से सबक लेना चाहिए। विनेश फोगाट के साथ जो हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इसकी तकनीकी जानकारी नहीं है। विनेश द्वारा कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला उनका खुद का है। विनेश को आगे बढ़ना चाहिए और पदक जीतने के लिए फिर से मैदान में उतरना चाहिए।

# बांग्लादेश के खिलाफ करारी हार के बाद पाकिस्तान टीम में होगा बदलाव, पीसीबी अध्यक्ष ने किया वादा

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की करारी हार के बाद सोमवार को समस्याओं को ठीक करने की बात करते हुए कहा कि बदलाव होने वाले हैं।

शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज और फवद आलम जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने रविवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट से मिली हार के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की। नकवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मैं पाकिस्तान क्रिकेट में समस्याओं को ठीक करूंगा। और पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव होने वाले हैं।'

हफीज ने नकवी की विश्व कप के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट में बड़ा बदलाव करने की टिप्पणी याद दिलाते हुए कटाक्ष किया। पाकिस्तानी टीम जब विश्व टी20 कप से बाहर हो गई थी तब भारत से हार के बाद नकवी ने कहा था, 'शुरू में मुझे लगा कि छोटा बदलाव ही काफी होगा। लेकिन इस खराब प्रदर्शन के बाद यह स्पष्ट है कि एक बड़े बदलाव की जरूरत है। देश के क्रिकेट में जल्द ही बड़े बदलाव होंगे।' टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और शान मसूद की कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में वही सीनियर खिलाड़ी मैदान पर उतरे। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट में चीजें बदलेंगी।



# ओलंपिक में सेल्फी लेना पड़ा भारी, उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों को पड़ी लताड़



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराने वाली सेल्फी पर उत्तर कोरिया खिलाड़ियों को वहां के अधिकारियों से लताड़ लगाए जाने की कई विदेशी समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार पेरिस ओलंपिक में उत्तर कोरिया की टेबल टेनिस रजत पदक विजेता री जोंग सिक और किम कुम योंग को पदक लेने के ग्रहण करते समय दक्षिण कोरिया के अपने प्रतिद्वंद्वी लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन के साथ 'मुस्कुराने' वाली सेल्फी के लिए अनुशासनात्मक कारर्वाई का सामना करना पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार री जोंग सिक और किम कुम योंग पेरिस ओलंपिक से लौटे अन्य एथलीटों के साथ 'वैचारिक मूल्यांकन' से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह मूल्यांकन उत्तर कोरिया में एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य विदेशी संस्कृतियों के संपर्क में आने से होने वाले किसी भी दोषों को दूर करना है। प्योंगयांग में नाम ना बताने वाले अधिकारियों ने द डेली एनके ने बताया कि दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के एथलीटों के साथ 'मुस्कुराने' के लिए उत्तर कोरिया के एथलीटों को लताड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि इस सेल्फी में स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाड़ी भी शामिल थे। इस सेल्फी को दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी लिम जोंग-हून ने लिया था। फोटो में दोनों कोरियाई राष्ट्रीय ध्वज हैं।

# हिली की कप्तानी में टी20 महिला विश्व कप में उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अक्टूबर में यूएई में होने वाले आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस साल 3 से 20 अक्टूबर के बीच होने वाले इस आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी एलिसा हिली करेंगी। हिली की टीम इस टूर्नामेंट में अपना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। इस टूर्नामेंट में प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी जेस जोनासन को शामिल नहीं किया गया है। वहीं स्पिनर फोबी लिचफील्ड को पहली बार टी20 विश्व कप टीम में जगह मिली है। टायला व्लामिक, सोफी मोलीनेयुक्स और डार्सी ब्राउन को भी टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप ट्रॉफी अब तक सबसे



अधिक 6 बार जीती है। साल 2010 में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप जीता था। इसके बाद 2012, 2014, 2018, 2020, 2023 में भी उसने ये ट्रॉफी जीती। अब उसका लक्ष्य इस बार भी खिताब बरकरार रखना रहेगा। टी20 महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम - एलिसा हिली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, एलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, टेयला व्लामिन्क।

# 'शुद्ध रूप से' कुश्ती खेलनी है तो संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार करें विनेश फोगाट : डब्ल्यूएफआई

**इंदौर (मध्यप्रदेश) (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद खेल से संन्यास की घोषणा करने वाली पहलवान विनेश फोगाट को अपने इस फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए, बशर्ते उनका इरादा 'शुद्ध रूप से' कुश्ती खेलना ही हो। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल से पहले विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

संजय ने कहा, 'अगर विनेश को शुद्ध रूप से कुश्ती खेलनी है, तो उन्हें संन्यास के अपने फैसले पर एक बार पुनर्विचार करना चाहिए। उनसे प्रेरणा लेकर महिला पहलवानों की हमारी नयी पीढ़ी आगे बढ़ेगी।' उन्होंने हालांकि अपनी बात में तुरंत जोड़ा, 'जिस हिसाब से वह (विनेश) आजकल राजनीतिक मंच साझा कर रही हैं, ऐसे में अगर उन्हें (भविष्य में) राजनीति ही करनी है, तो फिर उन्हें कुश्ती में राजनीति नहीं करनी चाहिए।'

विनेश के राजनीति के अखाड़े में उतरने की अटकलों पर संजय ने कोई भी टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि यह इस 30 वर्षीय पहलवान का व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने कहा कि अगर विनेश प्रतिस्पर्धात्मक कुश्ती में लौटती है तो वह उन्हें पूरा सहयोग करेंगे। संजय ने यह भी कहा कि 2023 में देश के पहलवानों का आंदोलन डब्ल्यूएफआई को 'बहुत बड़ी सीख' देकर गया है।

गौरतलब है कि यह आंदोलन कथित यौन उत्पीड़न मामले में तत्कालीन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ किया गया था। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह को बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा, ''हम पेरिस ओलंपिक में भारतीय पहलवानों के छह पदक जीतने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन देश विरोधी ताकतों के षड्यंत्र के तहत 18 महीने तक कुश्ती की गतिविधियां ठप कर दी गईं। इस आंदोलन के चलते देश को ओलंपिक में केवल एक पदक मिल सका।'

संजय ने कहा, 'मैं कुश्ती और राजनीति को अलग-अलग रखना चाहता हूं। इसलिए मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति का नाम लेना नहीं चाहता जिसने यह आंदोलन खड़ा किया था लेकिन कुश्ती में राजनीति घुसने की वजह से ही पेरिस ओलंपिक में कुश्ती का यह हश्र हुआ।' उन्होंने हाल ही में जॉर्डन में खेली गई विश्व चैंपियनशिप में भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम के शानदार प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय महिला कुश्ती बहुत अच्छी स्थिति में है और लगातार आगे जा रही है।

संजय ने कहा, 'अगर डब्ल्यूएफआई को स्वतंत्र रूप से अपना काम करने दिया जाए और दो-चार संस्थाएं हमारे काम-काज में दखल देना बंद कर दें, तो हम अगले ओलंपिक में महिला कुश्ती में देश



को चार से पांच पदक दिला सकते हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि डब्ल्यूएफआई मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में कुश्ती अकादमी खोलने पर विचार कर रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने बताया, 'उज्जैन में कुश्ती की अकादमी खोलने की योजना को लेकर हमारी मुख्यमंत्री से शुरुआती दौर की बातचीत चल रही है।'

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्री सिजार्तो का यूरोपीय संघ पर आरोप, कहा– रूस से यूक्रेन के रास्ते तेल आपूर्ति बाधित की



**बुडेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिजार्तो ने शनिवार को यूरोपीय संघ पर रूस से तेल आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रूस से यूक्रेन के रास्ते तेल आपूर्ति विवाद में यूरोपीय आयोग द्वारा मध्यस्थता नहीं करने के फैसले से पता चलता है कि इसके पीछे ब्रुसेल्स था। सिजार्तो ने यह दावा, यूरोपीय संघ द्वारा प्रतिबंधों पर मध्यस्थता करने के हंगरी और स्लोवाकिया के अनुरोध को अस्वीकार करने के एक दिन बाद आया है। वहीं, यूरोपीय आयोग के प्रवक्ता ने सिजार्तो के बयान पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। बता दें कि यूक्रेन ने रूसी तेल उत्पादक लुकोइल को जून में प्रतिबंध सूची में डाल दिया था, जिसके बाद से हंगरी और पड़ोसी स्लोवाकिया विरोध कर रहे हैं। यूक्रेन ने लुकोइल कंपनी के तेल को यूक्रेनी क्षेत्र से स्लोवाकिया और हंगरी की रिफाइनरियों तक जाने से रोक दिया है। हंगरी के विदेश मंत्री सिजार्तो ने कहा, यूरोपीय संघ ने घोषणा की है कि हंगरी और स्लोवाकिया की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने में वह मदद नहीं करेगा, यह बताया है कि हंगरी और स्लोवाकिया की ऊर्जा आपूर्ति में चुनौतियां और समस्याएं पैदा करने के लिए ब्रुसेल्स से कीव को आदेश भेजा गया था। इससे पहले, यूरोपीय आयोग के प्रवक्त ने शुक्रवार को कहा कि इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि यूक्रेन के प्रतिबंधों ने यूरोपीय ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल दिया है, क्योंकि रूसी तेल अलग द्रुजबा पाइपलाइन के माध्यम से बहता रहा है, जो रूस को यूक्रेन के माध्यम से स्लोवाकिया और हंगरी से भी जोड़ता है। पाइपलाइन की दक्षिणी शाखा यूक्रेन से होते हुए चेक गणराज्य, स्लोवाकिया और हंगरी तक जाती है। वर्षों से उनकी रिफाइनरियों के प्राथमिक आपूर्ति स्रोत के रूप में काम कर रही है।

### पाकिस्तान की राह पर चला बांग्लादेश, विश्व बैंक से मांगी 1 बिलियन डॉलर की सहायता



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विश्व बैंक से बजटीय सहायता के रूप में 1 बिलियन डॉलर की मांग की है। यह अनुरोध ढाका में बुधवार को हुए एक बैठक में किया गया, जिसमें बांग्लादेश और भूटान के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर अब्दुलाय सेक और बांग्लादेश के बिजली, ऊर्जा और खनिज संसाधन सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान शामिल थे। बांग्लादेश सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि मंत्रालय पर बिजली और ऊर्जा के आयात की लागत के रूप में 2 बिलियन डॉलर से अधिक का बकाया है। फौजुल कबीर खान ने बैठक के दौरान बताया कि अंतरिम सरकार को पिछली सरकार द्वारा छोड़े गए 2 बिलियन डॉलर के ऋण का निपटान करना है, जो बिजली क्षेत्र में जमा हो गया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही बहु–आलोचित बिजली और ऊर्जा आपूर्ति अधिनियम 2010 के तहत गतिविधियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बिना सार्वजनिक सुनवाई के ऊर्जा की कीमतें निर्धारित करने की सरकार की शक्ति को समाप्त कर दिया है। यह कदम 5 अगस्त को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद उठाया गया है, जिसने जनवरी 2009 से उनके शासन को समाप्त कर दिया। इस घटना को बड़े पैमाने पर वृद्धि के रूप में देखा गया, जिसकी शुरुआत छात्रों के विरोध प्रदर्शन से हुई और जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में एक बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। अंतरिम सरकार की इस सहायता की मांग को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और विश्व बैंक से प्राप्त सहायता से देश की मौजूदा स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

### हिंदू–मुस्लिमों ने की ढाकेश्वरी शक्तिपीठ की रक्षा

**ढाका, एजेंसी।** पिछले दिनों बांग्लादेश में भारी राजनीतिक उथल–पुथल हुई और देशभर में छात्र आंदोलन तथा पूर्व पीएम शेख हसीना के भारत भाग जाने के बाद हिंदू–मुस्लिम दंगे भी हुए, लेकिन श्री ढाकेश्वरी शक्तिपीठ सर्वधर्म समभाव का प्रतीक बनी रही। यहां हसीना सरकार के पतन के बाद से कई हिंदू, मुस्लिम और स्थानीय समुदाय के लोगों ने मंदिर की रक्षा की। यह बात मंदिर के मुख्य पुजारियों में एक आशिम मैत्रो ने कही। मैत्रो ने बताया कि हसीना सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद जब वह मंदिर परिसर में थे तब डर रहे थे और पुराने मंदिर में देवी–देवताओं की मूर्तियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। हमने दरवाजे व मुख्य द्वार बंद कर दिए। उस वक्त सभी जगह अराजकता थी और पुलिस भी नदारद थी। लेकिन उस वक्त से अब तक स्थानीय मुस्लिमों ने मंदिर के बाहर पहरा दिया ताकि मंदिर को कोई नुकसान न पहुंचे और तब से आज तक मंदिर में कुछ भी अप्रिय नहीं हुआ। मां ढाकेश्वरी के मंदिर को लोग धार्मिक और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक रूप में देखते हैं।

# हिजबुल्लाह का इजराइल पर हमला, 320 रॉकेट दागे: 11 मिलिट्री बेस को निशाना बनाया





**तेल अवीव, एजेंसी।** लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन ने इजराइल पर 320 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया है। कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने रविवार को इजराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर 320 रॉकेट फायर किए। हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने टॉप कमांडर फुआद शुक्र की मौत का बदला लेने के लिए किया। दरअसल, इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एक एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने 48 घंटों के लिए इमरजेंसी की घोषणा कर दी। राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट को बंद करते हुए आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स को 90 मिनट के लिए रोक दिया गया। हालांकि, बाद में सेवाएं वापस शुरू कर दी गईं। हिजबुल्लाह के हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि हम पर हजारों रॉकेट्स से हमला हुआ, जिसे नाकाम कर दिया गया। नेतन्याहू ने कहा, हम देश की सुरक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। जो हम पर हमला करेगा, हम उसे नुकसान जरूर पहुंचाएंगे।

**इजराइल ने 100 फाइटर जेट्स से जवाबी हमला किया :** हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने लेबनान में उसके ठिकाने पर जवाबी कार्रवाई की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइली डिफेंस फोर्स ने 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया। लेबनान और इजराइल के बीच हमले उस वक्त हुए हैं जब गाजा में जारी जंग को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक चल रही है। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने सुबह-सुबह इजराइल पर हमला किया। इस दौरान अमेरिका में रात थी। बाइडेन रातभर से हालातों पर नजर बनाए रखे हुए हैं। उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ मीटिंग की है। वहीं, व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका, इजराइल को सुरक्षित रखने में उनकी मदद करता रहेगा।

**इजराइल पर ईरान से भी हमले का डर :** इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। इसके ठीक अगले दिन 31 जुलाई को ईरान में हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह की मौत हो गई। हमास और ईरान ने इजराइल पर हानियेह की हत्या करने का आरोप लगाया। इसके बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया। ईरान और उनके समर्थन वाले हिजबुल्लाह संगठन ने कई बार इजराइल से बदला लेने की बात कही। शनिवार (24 अगस्त) को इजराइल पर हमले के बाद हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने इजराइल के खिलाफ पहले फेज की कार्रवाई पूरी कर ली है। वह आगे और हमले करने की तैयारी में है। वहीं ईरान के तमाम नेता लगातार इजराइल को हमले की धमकी दे रहे हैं। हालांकि, यह अटैक कब होगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरान के दूतावास के पास हमला किया था। इसमें एक टॉप कमांडर समेत कई अधिकारी मारे गए थे। इजराइल के इस कार्रवाई के जवाब में 12 दिन बाद 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 मिसाइलों और ड्रोन्स से अटैक किया था। इस हमले के 6 दिन बाद इजराइल ने ईरान में एयरस्ट्राइक की थी।

**दावा- इजराइली सैनिकों ने गाजा की मस्जिद में कुरान जलाई:** हमास ने शनिवार को इजराइली सैनिकों पर गाजा की एक मस्जिद में कुरान जलाने का आरोप लगाया। अलजजीरा के मुताबिक, हमास ने अरब और मुस्लिम देशों से इजराइली सैनिकों की इस हरकत की निंदा करने की अपील की। हमास ने कहा, इजराइली सैनिकों का कुरान जलाना और मस्जिदों को तबाह करना उनका चरमपंथी रवैया दिखाता है। यह फिलिस्तीन की पहचान और उसकी पवित्रता से जुड़ी किसी भी चीज के लिए उनके फासीवादी सोच का सबूत है। हमास ने कहा कि समय आ गया है कि दुनिया के आजाद लोग साथ आकर फिलिस्तीन में मुस्लिम और ईसाई धर्म से जुड़े पवित्र स्थलों की रक्षा करें। अल जजीरा अरबी ने इजरायली सैनिकों के कैमरों से प्राप्त फुटेज भी प्रसारित की है। वायरल वीडियो में वे मुस्लिमों के पवित्र ग्रंथ कुरान को फाड़ते और उसे उत्तरी गाजा में बनी सालेह मस्जिद में जलाते हुए दिख रहे हैं। इसी चैनल ने खान यूनिस में ऐतिहासिक ग्रैंड मस्जिद पर बमबारी करते हुए इजरायली ड्रोन से लिया गया एक वीडियो भी प्रकाशित किया है। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय के अनुसार, इजरायल ने पिछले 10 महीनों में गाजा में 610 मस्जिदों तथा तीन चर्चों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। शनिवार को हमास ने दुनिया के स्वतंत्र लोगों से फिलिस्तीन में मुस्लिम और ईसाई पवित्र स्थलों की रक्षा करने और गाजा पट्टी के खिलाफ युद्ध को समाप्त करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। अमेरिका और इस्लामिक संबंधों के लिए बनी काउंसिल से कहा कि कुरान को जलाना और मस्जिद को तबाह करना इस बात का सबूत है कि इजराइल की लड़ाई सिर्फ फिलिस्तीनी नागरिक नहीं बल्कि इस्लाम के भी खिलाफ है।

## इजराइली सेना खान यूनिस से हटी, सेंट्रल गाजा में घुसने की तैयारी



**गाजा, एजेंसी।** इजराइली सेना दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस से हट गई है और अब सेंट्रल गाजा को खाली करने का आदेश दिया है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को कहा कि खान यूनिस से इजराइली सैनिकों की वापसी के बाद देखा गया है कि वहां आवासीय भवनों को भारी नुकसान पहुंचा है। सूत्रों ने कहा कि शहर के उत्तर-पश्चिम में स्थित हमाद शहर में नुकसान ज्यादा हुआ है, जहां दर्जनों अपार्टमेंट ध्वस्त हो गए और टावर ढह गए। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल, रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति और अन्य संगठन इजराइली सेना द्वारा आक्रमण किए गए क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई शव और अवशेष बरामद किए गए है और उन्हें खान यूनिस में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स ले जाया गया। इस बीच, इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एद्राई ने सेंट्रल गाजा के कुछ हिस्सों में लोगों से तुरंत खाली करने को कहा है। उन्होंने कहा, सुरक्षा के लिए, इन क्षेत्रों को तुरंत खाली कर दें और दूसरे क्षेत्रों में चले जाएं। इजराइली सेना ने यह भी कहा कि 7वीं ब्रिगेड की उसकी लड़ाकू टीम देइर अल-बलाह के बाहरी इलाके में है, जहां दर्जनों आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट किया गया है और कई को मार गिराया गया है। एक अलग बयान में, सेना ने खान यूनिस में इस्लामिक जिहाद आंदोलन से संबंधित 500 मीटर लंबी सुरंग को नष्ट करने का दावा किया। एक छापे के दौरान, सेना ने हथगोले और लॉन्च करने के लिए तैयार किये गए रॉकेट प्लेटफ़ॉर्म को भी नष्ट कर दिया। गाजा में लंबे समय से चल रहे संघर्ष में 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। उधर मिस्र के सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधिमंडलों ने काहिरा में बैठकों का एक नया दौर शुरू किया, जिसका उद्देश्य गाजा में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष को समाप्त करना और संघर्ष विराम प्रस्ताव पर मतभेदों को दूर करना है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा, नीतियों को लेकर एक-दूसरे पर छींटाकशी

**न्यूयार्क/वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा बन रहा है। चुनाव में दोनों पक्ष जलवायु नीतियों को लेकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। विभिन्न संस्कृति और जाति के युवा प्रदर्शनकारी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शन न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के प्रमुख राज्यों में देखे जा रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस चुनाव में कमला हैरिस का प्रचार कर रहे राष्ट्रपति जो बाइडन ने जलवायु परिवर्तन को अपने एजेंडे का आधार बनाया है। वहीं, राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अभी तक अपनी जलवायु योजना का खुलासा नहीं किया है। हालांकि अमेरिका के जलवायु कार्यकर्ताओं की मांग है कि डेमोक्रेटिक प्रत्याशी बताएं कि उन्होंने पृथ्वी को बचाने के लिए अब तक के सबसे बड़े पर्यावरणीय खतरे से निपटने की क्या योजना बनाई है। यही कारण रहा कि पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद हैरिस ने जलवायु परिवर्तन का खास जिक्र किया है लेकिन इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी है कि वे तेजी से बढ़ते तापमान को कैसे रोकेंगी। रिपब्लिकन व डेमोक्रेट दोनों ही पक्षों के लोग हाथों में बैनर लेकर धरती को बचाने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि जलवायु संबंधी सार्वभौमिक समस्या से दुनिया को उबारने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अमेरिका की ही है।

# अंतरिक्ष से धरती पर अगले साल फरवरी में वापस आ सकती हैं सुनीता विलियम्स: नासा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशनने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर के पृथ्वी पर वापसी को लेकर अहम जानकारी दी है। स्पेस एजेंसी ने शनिवार को बताया कि दोनों एस्ट्रोनॉट्स अगले साल फरवरी में वापस आएंगे। दोनों की वापसी एलन मस्क के स्पेसएक्स के जरिए होगी। नासा के एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन ने कहा, नासा ने फैसला किया है कि बुच और सुनी अगले फरवरी में क्रू-9 के साथ वापस लौटेंगे, और स्टारलाइनर बिना चालक दल के वापस आएगा। उन्होंने कहा कि बैरी बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स की वापसी में बोइंग अंतरिक्ष यान के थ्रस्टर की खराबी आने की वजह से देरी हुई। बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल पर सवार होकर जून में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ढ्ढस्स्) के लिए उड़ान भरने वाले दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को अगले साल की शुरुआत में स्पेसएक्स के जरिए पृथ्वी पर वापस लौटना होगा।

नासा के बिल नेल्सन ने स्पेस एजेंसी के अतीत में दो स्पेस शटल क्रू के खोने का हवाला देते हुए फैसले के बारे में कहा, बुच और सुनी को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रखने और बोइंग स्टारलाइनर को बिना चालक दल के वापस लाने का निर्णय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की वजह से लिया गया है। 6 जून को बोइंग के ष्टस्ञ्-100 स्टारलाइनर परीक्षण उड़ान पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे दो अंतरिक्ष यात्रियों को मूल रूप से लगभग एक सप्ताह तक रहना था। अब दोनों की वापसी अगले साल फरवरी महीने में होगी, जिसकी वजह से दोनों को अंतरिक्ष में आठ महीने तक रहना होगा। दो बार हुई थी लॉन्चिंग में देरी स्टारलाइनर मिशन में दो बार देरी हुई थी इसे शुरू में फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स-41 से 6 मई, 2024 को लॉन्च किया जाना था, लेकिन फिर इसे तकनीकी दिक्कत आने के बाद एक जून तक के लिए टाल दिया गया था। इसके बाद फिर से एक जून को होने वाली लॉन्चिंग में भी देरी हुई, लेकिन अंतरिक्ष यान ने 5 जून को सफलतापूर्वक उड़ान भरी थी। स्टारलाइनर 6 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा था। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान और उसके सब सिस्टम का परीक्षण करने के लिए लगभग एक सप्ताह तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था, लेकिन तकनीकी खामी आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष यात्री अब तक धरती पर वापस नहीं आ सके हैं। बता दें कि यह स्टारलाइनर कार्यक्रम के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। साल 2019 में, बोइंग का बिना चालक दल का परीक्षण उड़ान भी विफल हो गया था। वह योजना के अनुसार अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने में विफल रहा था।

## रूस और यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों का आदान-प्रदान, 230 पहुंचे वापस अपने-अपने वतन



**मॉस्को, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पौलेंड और यूक्रेन के दौरे पर गए थे। उनकी वतन वापसी हो गई है। इससे पहले यूक्रेन में पीएम मोदी ने साफ कह दिया था वह युद्ध के पक्षधर नहीं हैं और शांति का संदेश लेकर आए हैं। पीएम मोदी ने यहां तक कह दिया था कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति की आंख में आंख डालकर कहा था कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, ऐसे में आमने-सामने बैठकर संवाद के जरिए ही इसका हल निकालना बेहतर होगा। इसके बाद अब खबर आई है कि युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन ने युद्धबंदियों के आदान-प्रदान का फैसला किया है और दोनों ही देशों के 230 युद्धबंदी अपने-अपने वतन वापस पहुंच गए हैं। वैसे खबर आ रही है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों का सफलतापूर्वक आदान-प्रदान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मध्यस्थता के बाद हुआ है। एक बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के बातचीत के परिणामस्वरूप, कुर्स्क क्षेत्र में पकड़े गए 115 रूसी सैनिकों को कीव शासन द्वारा नियंत्रित क्षेत्र से वापस कर दिया गया है। बदले में, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 115 युद्धबंदियों को स्थानांतरित कर दिया गया। इसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में, सभी रूसी सैनिक बेलारूस के क्षेत्र में हैं, जहां उन्हें आवश्यक मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता मिल रही है, सभी रिहा किए गए सैनिकों को रूसी रक्षा मंत्रालय के चिकित्सा संस्थानों में इलाज और पुनर्वास के लिए रूसी संघ में पहुंचाया जाएगा। संयुक्त अरब अमीरात ने कैद से रूसी सैनिकों की वापसी के दौरान मानवीय मध्यस्थता के प्रयास किए। यह आदान-प्रदान तब हुआ जब यूक्रेन की स्वतंत्रता की 33वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने भी पिछली बार छोड़े गए युद्धबंदियों के आदान-प्रदान के एक महीने से भी कम समय बाद दोनों देश के द्वारा एक बार फिर उसकी मध्यस्थता प्रयासों में सहयोग के लिए रूसी और यूक्रेनी सरकारों की सराहना की। इसमें कहा गया है कि यूएई के द्वारा दोनों देशों के बीच किए गए मध्यस्थता प्रयासों के माध्यम से बदले गए बंदियों की कुल संख्या 1,788 तक पहुंच गई है। यूएई मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि नई मध्यस्थता की सफलता, इस साल की शुरुआत के बाद से सातवीं बार संभव हो पाया है।यूएई विदेश मंत्रालय ने कहा ये प्रयास दोनों देशों के बीच संकट को हल करने के लिए कूटनीति का समर्थन करने वाले एक विश्वसनीय मध्यस्थ होने के लिए यूएई की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

## रेड स्क्वायर का बीमार-बूढ़ा आदमी है पुतिन जेलेंस्की ने उड़ाया रूस के राष्ट्रपति का मजाक



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का मजाक उड़ाया। जेलेंस्की ने पुतिन को रेडस्क्वायर का बीमार बूढ़ा आदमी बताया। जेलेंस्की शनिवार को सोवियत संघ से यूक्रेन की आजादी के 33 साल पूरे होने पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने नव-विकसित यूक्रेनी ड्रोन मिसाइल का प्रचार किया और कहा कि यह मिसाइल रूस को युद्ध से पीछे धकेल देगी। जेलेंस्की ने कहा कि नया हथियार पलियानित्सिया, घरेलू रूप से निर्मित ड्रोन की तुलना में तेज और अधिक शक्तिशाली है, जिसका उपयोग कीव ने अब तक रूस के खिलाफ लड़ने, उसकी तेल रिफाइनरियों और सैन्य हवाई क्षेत्रों पर हमला करने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि हमारा दुश्मन अब जानेगा कि जवाबी कार्रवाई का यूक्रेनी तरीका क्या है। जेलेंस्की ने रूस के 71 वर्षीय राष्ट्रपति पुतिन और मॉस्को से आने वाली परमाणु बयानबाजी का वर्णन करने के लिए उपहासपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक वीडियो में कहा, रेड स्क्वायर का एक बीमार बूढ़ा व्यक्ति जो लगातार लाल बटन से सभी को धमकी देता है, वह अपनी कोई भी लाल रेखा हमें निर्देशित नहीं करेगा। जेलेंस्की ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमारे नए हथियार निर्णय, जिसमें पलियानित्सिया भी शामिल है, कार्य करने का हमारा यथार्थवादी तरीका है, जबकि हमारे कुछ साझेदार दुर्भाग्य से निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पलियानित्सिया शब्द, जो यूक्रेनी ब्रेड का एक प्रकार है, रूसियों के लिए उच्चारण करना बहुत कठिन है। इसका उपयोग कभी-कभी विनोदी रूप से युद्ध के दौरान यूक्रेनियन और रूसियों को अलग बताने के तरीके के रूप में किया गया है। जेलेंस्की ने ड्रोन मिसाइल के बारे में कहा, रूस के लिए यह बताना भी मुश्किल होगा कि वास्तव में उस पर क्या हमला हुआ है। इसके अलावा, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने शीर्ष कमांडर कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की को जनरल के पद पर पदोन्नत किया। ऑलेक्जेंडर को पदोन्नति का यह तोहफा छह अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सीमा पार से हुई घुसपैठ की ओर इशारा करता है।

# टेलीग्राम के सीईओ पावेल ड्यूरोव फ्रांस में गिरफ्तार, अजरबैजान की कर रहे थे यात्रा

**पेरिस, एजेंसी।** टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के संस्थापक और सीईओ पावेल ड्यूरोव को शनिवार शाम पेरिस के बाहर बॉर्गेट हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया है। आपको बता दें कि रूस, यूक्रेन और सोवियत संघ के गणराज्यों में टेलीग्राम काफी प्रभावशाली है। इसका लक्ष्य अगले साल एक अरब यूजर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करना है। दुबई में इसकी स्थापना रूसी मूल के ड्यूरोव ने की थी। उन्होंने 2014 में अपने वीके सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर विपक्षी नेताओं को ब्लॉक करने के सरकारी आदेश को मानने से इनकार कर दिया था। इस घटना के बाद उन्होंने रूस छोड़ दिया था। इस प्लेटफॉर्म को उन्होंने बाद में बेच दिया था।

**यह है आरोप :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी सीमा शुल्क से जुड़े फ्रांस के धोखाधड़ी विरोधी कार्यालय के अधिकारियों ने शनिवार शाम को फ्रांसीसी-रूसी अरबपति को हिरासत में लिया। 39 वर्षीय ड्यूरोव के खिलाफ टेलीग्राम पर मॉडरेशन की कमी के कारण फ्रांसीसी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोप है कि प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग तस्करी और पीडोफाइल सामग्री साझा करने के लिए किया गया।

**गिरफ्तारी पर नहीं बोल रहा कोई :** टेलीग्राम ने फिलहाल इस संबंध में कुछ नहीं कहा है। फ्रांस के गृह मंत्रालय और पुलिस ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस के विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह स्थिति को स्पष्ट करने के लिए कदम उठा रहा है। हालांकि, साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या पश्चिमी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ड्यूरोव की रिहाई



की मांग करेंगे।

**क्या है टेलीग्राम से ड्यूरोव का नाता :** रूस में जन्मे 39 साल के ड्यूरोव मैसेजिंग एप टेलीग्राम के संस्थापक और मालिक हैं। बता दें, यह एप मुफ्त में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी प्रतिस्पर्धा फेसबुक के व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और वीचैट जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से है। मंच का लक्ष्य एक साल के भीतर एक अरब सक्रिय मासिक उपयोगकर्ताओं को पार करना है।

**किन देशों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल में एप :** टेलीग्राम रूस, यूक्रेन और पूर्व सोवियत संघ के गणराज्यों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में जानकारी देने वाला महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरा है। मास्को और कीव दोनों के अधिकारियों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। कुछ विश्लेषक इस एप को जंग के लिए एक वर्चुअल युद्धक्षेत्र कहते हैं।

**15.5 अरब डॉलर की संपत्ति :** फोर्ब्स द्वारा अनुमानित 15.5 अरब डॉलर की संपत्ति वाले ड्यूरोव ने 2014 में रूस छोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने ङ्कयशठ्ठह्लड्डद्मह्लद्ग उपयोगकर्ताओं के डेटा को रूसी सुरक्षा सेवाओं के साथ साझा करने से इनकार कर दिया था। बाद में रूस ने टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाने की भी कोशिश की थी। साल 2017 में ड्यूरोव दुबई चले गए थे। बाद में उन्होंने अगस्त 2021 में फ्रांसीसी नागरिकता स्वीकार की थी। अप्रैल में ड्यूरोव ने अमेरिकी पत्रकार से रूस छोड़ने और अपनी कंपनी के लिए जगह तलाशने के बारे में कहा था, मैं किसी से आदेश लेने की बजाय स्वतंत्र रहना पसंद करूंगा। इस दौरान उन्होंने बर्लिन, लंदन, सिंगापुर और सैन फ्रांसिस्को में भी काम किया। इसी इंटरव्यू में, ड्यूरोव ने यह भी कहा था कि पैसे या बिटकॉइन से परे, उसके पास रियल एस्टेट, जेट या नौका जैसी कोई बड़ी संपत्ति नहीं है, क्योंकि वह स्वतंत्र रहना चाहते थे।

## फर्जी ई-मेल और फर्जी ई-नोटिस से सतर्क रहें लोग... सुरक्षा एजेंसियों ने चेताया

नई दिल्ली। फर्जी ई-मेल और फर्जी ई-नोटिस से संबंधित धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्र ने फिर लोगों को आगाह किया है कि वे इस तरह की फर्जी मेल और ई-नोटिस से सावधान रहें। साइबर अपराध में जुटे शातिर साजिशकर्ता आम लोगों को निशाना बनाते ही हैं, वे गृह मंत्रालय की विभिन्न जांच एजेंसियों से जुड़े लोगों तक को भी इस तरह के फर्जी मेल भेजकर ठग रहे हैं। यह देखकर केंद्र लोगों को परामर्श और चेतावनी जारी कर लोगों को इस तरह के फर्जी मेल और ई नोटिस से सावधान रहने की अपील करती रहती है। सरकारी सुरक्षा तंत्र ने फिर कहा है कि साइबर धोखाधड़ी करने वाले ठग लोगों को विभिन्न जांच एजेंसियों की मुहर के साथ उनके लैटर पैड पर फर्जी ई-मेल और ई-नोटिस भेजकर उन पर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी', बाल यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे कृत्यों में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं। इन फर्जी ई-नोटिस और ई-मेल में इन लोगों को दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाकर पैसे वसूलने का धंधा चल रहा है। नोटिस में कहा जाता है कि आप अगले 24 घंटे में उनके कहे अनुसार सहयोग करें, वरना उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच एजेंसियों का कहना है कि लोगों को इस तरह के मेल और नोटिस का जवाब नहीं देना चाहिए और जांच एजेंसियों को तत्काल इसकी सूचना देनी चाहिए। उनका कहना है कि जांच एजेंसी कभी भी इस तरह के ई-मेल या ई-नोटिस नहीं भेजती है। लोगों को मेल या नोटिस मिलने पर जांच एजेंसी को फोन कर इस बारे में जानकारी लेनी चाहिए कि उन्हें इस तरह का मेल मिला है क्या यह सही है। लोग इस तरह के मेल मिलने पर साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की वेबसाइट, या नजदीकी पुलिस स्टेशन अथवा पुलिस नियंत्रण कक्ष में इसकी शिकायत कर सकते हैं।

## पाकिस्तानी घुसपैठियां राजस्थान में दाखिल.... बीएसएफ कर रही पूछताछ

बाड़मेर । पीएम नरेंद्र मोदी के जोधपुर आने से पहले पाकिस्तानी घुसपैठियां राजस्थान में दाखिल हो गया। तभी ग्रामीणों की सजगता से घुसपैटियें को तत्काल पकड़ लिया गया। बाद में घुसपैटियें को बीएसएफ को सौंप दिया गया। यह घुसपैठिया बाड़मेर से लगती हुई पाकिस्तान बॉर्डर की तारबंदी को पार कर राजस्थान सीमा में दाखिल हुआ। वह पैदल चलकर करीब 15 किलोमीटर तक अंदर चला आया। बाड़मेर जिले से लगती हुई बॉर्डर से पाकिस्तानी युवक तारबंदी पार कर राजस्थान की सीमा में दाखिल हुआ। घुसपैठ करने वाला यह युवक जग्सी कोहली निवासी हाकली खरोड़ा पाकिस्तान है, जो तारबंदी क्रॉस कर बाड़मेर में घुस गया। इस दौरान वह अंधेरे में छिप गया। इसके बाद वह सुबह पैदल करीब 15 किलोमीटर अंदर की तरफ अंदर आ गया। बीएसएफ को घुसपैठिए के पास से एक मोबाइल और डायरी मिली है। इन चीजों को कब्जे में लेकर बीएसएफ जांच करने में जुटी हुई है। ग्रामीणों ने जब उस पकड़ लिया। तब बताया कि वह पाकिस्तान का रहने वाला है। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस और बीएसएफ का तत्काल मामले की सूचना दी।

## बच्चों व किशोरों पर टीवी सीरीयल्स और फिल्मों का हो रहा बुरा असर

### -क्राइम शो देख बन रहे अपराधी

नई दिल्ली। देश की राजधानी में एक 5 साल के बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है, उनकी उम्र महज 9 से 11 साल की है। पुलिस ने पूछ-ताछ की तो मालूम चला कि इन बच्चों को हत्या करने का आइडिया टीवी पर चलने वाले क्राइम शो को देखने के बाद आया था। दरअसल शो में दिखाया गया था कि मदरसे में छुट्टी के लिए एक बच्चे की हत्या की जाती है। टीवी पर यह शो देखने के बाद उन बच्चों ने हत्या को अंजाम दे दिया। इस तरह के टीवी शो और फूहड़ फिल्में अब बच्चों व किशोरवय युवाओं को रास्ते से भटकाने और अपराधी बनाने का काम कर रही हैं। जानकारी अनुसार दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र के तालीम उल कुरान नामक मदरसे में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस हत्या के मामले में एक 9 साल के बच्चे समेत 11 साल के दो बच्चों को पकड़ा है। आरोपी बच्चों ने पुलिस को बताया कि मृतक बच्चा गालियां देता था, इस कारण उन्होंने मिल कर हत्या कर दी। पूछ-ताछ में इस बात का खुलासा भी हुआ कि हत्या का आईडिया उन्हें टीवी पर चलने वाले क्राइम शो को देखने के बाद आया। इसे लेकर लोगों ने इस तरह के टीवी सीरिल्स और फूहड़ फिल्मों पर रोक लगाने की भी मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि मोबाईल पर इस तरह की सामग्री उपलब्ध होने के कारण बच्चों के दिमाग में गलत असर पड़ रहा है और वो क्राइम की दुनियां में लगातार प्रवेश कर रहे हैं। सभ्रांत समाज के लिए यह एक समस्या के तौर पर सामने आ रही है।



## मंदिर के बाहर गोवंश की कटी पूंछ मिलने से मचा बवाल, पथराव हुआ पुलिस ने किया लाठीचार्ज

भीलवाड़ा। कृष्ण जन्माष्टमी से एक दिन पहले राजस्थान के भीलवाड़ा शहर में असामाजिक तत्वों की ओर से की गई गंदी हरकत से पूरे शहर में बवाल मच गया। यहां एक मंदिर के बाहर गोवंश की कटी पूंछ मिलने के बाद शहरवासी और हिन्दू संगठन का पारा चढ़ गया। मंदिर के बाहर भारी भीड़ एकत्र हो गई। शाम होते-होते भीड़ उग्र होने लग गई। उसने पथराव कर दिया। इस पर पुलिस ने बाद में लाठियां भांजकर उनको खदेड़ा। पूरी रात पुलिस और प्रशासनिक अमला हाई अलर्ट मोड पर रहते हुए और सड़कों पर गश्त करता रहा। जिला कलेक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत समेत साधु संतों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कलेक्टर और एसपी अन्य अधिकारी रातभर पुलिस जाब्ते के साथ शहर के अलग-अलग इलाकों का चक्कर लगाते रहे। फिलहाल हालात में काबू में है। कलेक्टर और एसपी ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि रविवार को सुबह कोतवाली थानाधिकारी सूचना मिली थी कि गोवंश की एक कटी हुई पूंछ मिली है। उसके बाद तुरंत बाद वे मौके पर पहुंचे। पीड़ित गोवंश का इलाज करवाया। उसके बाद तुरंत प्रभाव से रिपोर्ट दर्ज की गई। इस घटना अंजाम देने वालों के बारे में पता लगाया जा रहा है। घटनास्थल पर कुछ लोग इकट्ठे हो गए थे। उनसे समझाइश की गई। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। मौके पर मौजूद लोगों पर हल्का बल प्रयोग करके खदेड़ा गया ताकि वहां कोई अन्य घटना ना हो जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें। सड़क पर किसी भी प्रकार का माहौल बिगड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि इस मामले को संत महात्माओं से बातचीत की गई है। समझाइश के बाद मामला शांत करवा दिया गया है। इस घटना के पीछे जो भी है उनको गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएग।

## मिर्च पाउडर छिड़ककर 70 साल की बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

तिरुअनंतपुरम। महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन दुष्कर्म की खबरें आ रहीं हैं। अब केरल के अलप्पुझा जिले से आई दरिंदगी की खबर मानवीयता को शर्मसार करने वाली है। यहां एक 70 साल की बुजुर्ग महिला की आंखों में मिर्च पॉवडर डालकर कुकर्म किया गया है। शनिवार रात एक 70 वर्षीय महिला के घर में डकैती की कोशिश की गई। इस दौरान कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया। पुलिस ने इस अपराध के सिलसिले में कनककुन्नू से 29 वर्षीय धनेश नामक शख्स को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने बुजुर्ग महिला से करीब 7 तोले सोने की चोरी की और उसे बेचने की कोशिश करते समय पकड़ा गया। खबरों के अनुसार, आरोपी ने को जब पता चला कि बुजुर्ग महिला घर में अकेली है तो उसने लूट का प्लान बनाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने मिर्च पाउडर फेंककर बुजुर्ग महिला को पहले अचेत कर दिया। फिर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। लूट के बाद वह बाहर से दरवाजा बंद करके चला गया। उसने महिला का मोबाइल फोन भी ले लिया जिससे दूसरों से संपर्क करने में उसे परेशानी आई। पड़ोसियों को जब लूट की जानकारी मिली तो सबसे पहले महिला को अस्पताल ले गए और पुलिस को सूचित किया।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः मुस्लिम प्रत्याशियों और मुस्लिम वोटरों के भरोसे भाजपा

### -पहली सूची में 8 मुस्लिम प्रत्याशी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को बीजेपी की पहली सूची जारी कर दी गई। पार्टी ने पहले 44 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की, लेकिन कुछ ही देर में वापस ले लिया। बाद में पार्टी की तरफ से 15 उम्मीदवारों की नई संशोधित लिस्ट जारी की गई। हटाई गई सूची में 3 चर्चित चेहरे दो पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह, कविंद्र गुप्ता और जम्मू-कश्मीर के पार्टी अध्यक्ष रविंद्र रैना का नाम नहीं था।

माना जा रहा है कि भाजपा यह चुनाव मुस्लिम प्रत्याशियों और मुस्लिम वोटरों के भरोसे जीतने की योजना भी बनाई है। अभी जारी 15 प्रत्याशियों की लिस्ट में करीब 8 मुस्लिम हैं। भाजपा की सूची में आठ मुस्लिम और सात हिंदू प्रत्याशी हैं, जिसमें से एक सीट पर महिला प्रत्याशी को उतारा गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों पर मतदान होगा। भाजपा ने अभी 15 सीटों के ही नाम जारी किए हैं। फिलहाल, पहले चरण की नौ सीटों के प्रत्याशियों का ऐलान होना अभी बाकी हैं। जम्मू कश्मीर में पहले चरण की वोटिंग 18 सितंबर को होनी है।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने अपने दम पर ताल ठोंकने का फैसला किया है। कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस से गठबंधन किया है। इस बार इंडिया गठबंधन ज्यादा मजबूत स्थिति में होगी। इसके बाद भाजपा को इंडिया गठबंधन से लड़ने के लिए कुछ अलग ही दांव चलना होगा।



### कौन हैं बीजेपी की इकलौती महिला उम्मीदवार शगुन परिहार?

भाजपा ने किश्तवाड़ सीट से पार्टी के दिग्गज नेताओं में से एक अनिल परिहार की भतीजी शगुन परिहार को टिकट दिया है। शगुन अजित परिहार की बेटी हैं। भाजपा ने किश्तवाड़, डोडा और भद्रवाह जिले में अनिल परिहार का दबदबा देखकर शगुन को मैदान में उतारा है। हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों ने 1 नवंबर 2018 को किश्तवाड़ में हिंदुओं की दबंग आवाज रहे भाजपा नेता अनिल परिहार और उनके भाई अजित परिहार की हत्या कर दी थी। अनिल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय सदस्?य थे। साल 2008 में अनिल को पैंथर्स पार्टी से टिकट मिला था, लेकिन वे हार गए थे। इसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने अपने इलाके में भाजपा को मजबूत करने में सहयोग दिया।

## मोदी के हनुमान... खुद क्यों कर रहे मोदी सरकार के इन कदमों का विरोध

नई दिल्ली । चिराग पासवान का हर कदम दिखा रहा है कि उन्होंने केंद्र की सत्ता में आने के बाद फंट फूट पर खेलने का मन बना लिया है। राजनीति का खेल अनोखा होता है। यहां खिलाड़ी कई बार अपनी ही टीम के खिलाफ ही गोल करने लगता है। शायद इसी वजह से इस खेल को राजनीति कहते हैं। जब तक केंद्र के सत्ताधारी गठबंधन एनडीए से दूर रहे तब तक खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताते रहे, लेकिन जैसे ही मंत्री बने, वोकल फॉर लोकल हो गए। यह प्रधानमंत्री मोदी का दिया मंत्र है। चिराग ने एससी-एसटी की जातियों में उपवर्गीकरण, वक्फ संशोधन विधेयक, लेटरल एंट्री से केंद्रीय सचिवालय में भर्तियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के बाद अब जाति जनगणना के पक्ष में बैटिंग कर रहे हैं। यूं उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध नहीं किया है, लेकिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग करने वाले मोदी सरकार के इकलौते मंत्री हैं। जिस तरह वक्फ विधेयक को जेपीसी में भेजने की मांग विपक्ष की थी, उसी तरह एससी-एसटी में उपवर्गीकरण और लेटर एंट्री से भर्तियों का विरोध भी विपक्ष ने ही किया। इसके अगुआ खासकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हैं। चिराग ने इन सभी मुद्दों पर राहुल की लाइन ही ली है। आखिर चिराग के पास सिर्फ पांच सांसद हैं। चंद्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार उनसे कई गुना ज्यादा ताकतवर हैं। उन दोनों में किसी ने अपने को कभी मोदी भक्त नहीं बताया था, लेकिन वे आज मुखर भी नहीं हैं। राजनीति वे भी कर रहे हैं और अपने वोट बैंक की चिंता उन्हें भी है। फिर चिराग का ऐसा कौन सा स्पेशल वोट बैंक है जिससे ना नायडू और ना कुमार को कुछ लेनादेना है?



# कंगना रनौत के बयान को लेकर भाजपा पर हमलावर हुईं सुप्रिया श्रीनेत, कर डाली पार्टी से ये मांग

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपनी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के किसानों से जुड़े विवादित बयान से असहमति जताए जाने के बाद सोमवार को कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल अपनी सांसद की टिप्पणियों से असहमत है तो उन्हें पार्टी से बाहर करे। कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि सरकार को कंगना के इस दावे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए कि अमेरिका और चीन देश के अंतर अस्थरिता की साजिश कर रहे थे।



भाजपा ने सोमवार को अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत के उस बयान से असहमति जताते हुए किनारा कर लिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे और वहां बलात्कार तथा हत्याएं हो रही थीं। भाजपा के केंद्रीय मीडिया विभाग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, पार्टी ने मंडी की सांसद को हिदायत भी दी कि वह इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया ने संवाददाताओं से कहा, ''किसी नेता ने आज तक अन्नदाताओं के खिलाफ उन शब्दों का इस्तेमाल नहीं था जो कंगना रनौत ने किए हैं।'' उनका कहना था, ''कंगना के बयान पर आक्रोश पैदा हुआ तो भाजपा से उसका आधिकारिक रुख के बारे में पूछा गया। हरियाणा का चुनाव का नजदीक है और पता है कि भाजपा हारने जा रही है। ऐसे में भाजपा की तरफ से एक बयान आया जिसमें कंगना की टिप्पणियों से असहमति जताई गई।''

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि अगर यह भाजपा का मत नहीं है तो कंगना को पार्टी से निकालिए। उन्होंने कहा, ''जिसने किसानों के बारे में यह बात की है उसे संसद में बैठने का हक नहीं है। कंगना से कहिए कि वह किसानों से माफी मांगें या फिर भाजपा माफी मांगे।'' उन्होंने कहा, ''आपकी (भाजपा) सांसद कह रही हैं कि दो विदेशी ताकतें अमेरिका और चीन, भारत में अस्थिरता एवं अशांति पैदा करने की साजिश कर रहे थे। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को बताना चाहिए कि क्या यह सच है? अगर यह सच नहीं है तो सरकार बताना चाहिए कि ऐसा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्टीकरण आना चाहिए। सुप्रिया ने कहा कि अगर विदेशी ताकतें देश में अशांति पैदा कर रही हैं तो नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है।

## वैश्विक इंटरनेट को बड़ा खतरा, समुद्र में बिछी केवल को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क समुद्र में बिछी 550 से ज्यादा फाइबर ऑप्टिकल केबल पर टिका हुआ है। सभी दुनिया के देश आपस में इसी केबल के माध्यम से इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। इस केवल की लंबाई 15 लाख किलोमीटर समुद्र के अंदर है।

वर्तमान में जिस तरह से दुनिया के देशों में लड़ाई हो रही है। समुद्र के अंदर हिमस्वखलन के कारण कभी भी केबिल में नुकसान हो सकता है, या युद्ध के दौरान पहुंचाया जा सकता है। इसको लेकर पूरी दुनिया में एक अलग चिंता फैल गई है।

26 दिसंबर 2006 को ताइवान में आए पिंगतूँग भूकंप के कारण समुद्र में हिमस्खलन आया था। इसमें दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने वाली समुद्री केवल को भारी नुकसान पहुंचा था। केवल क्षतिग्रस्त होने के बाद इंटरनेट के कारण जो संपर्क बना हुआ था। वह पूरी तरह से टूट गया था। वैश्विक स्तर पर वित्तीय लेनदेन और अन्य कामों में भारी रुकावट आई थी। आर्थिक रूप से दुनिया के कई देशों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इंटरनेट सेवा को बहाल करने में उस समय करीब 40 दिन का समय लगा था।

जिस तरह से समुद्र के अंदर नौसेनाओं की गतिविधियां बढ़ रही हैं। विभिन्न देशों के बीच तनाव बना हुआ है। तृतीय विश्व युद्ध जैसे हालात बन रहे हैं। उसके बाद से यह आशंका व्यक्त की जा रही है। यदि समुद्र के अंदर बिछी हुई केवलों को कोई नुकसान पहुंचा, या पहुंचाया गया। ऐसी स्थिति में वैश्विक नेटवर्क को बनाए रखना बहुत मुश्किल होगा। इस आशंका से दुनिया के सभी देशों में अफरा तफरी और चिंता बड़ी हुई है। विश्व के सारे देश चिंतित हैं। इंटरनेट सेवा बाधित होने के बाद पूरी दुनिया में सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी। वैश्विक स्तर पर सभी सेवाएं वैश्विक एवं आंतरिक ऑनलाइन इंटरनेट के आधार पर विश्व भर के देशों में चल रही हैं।

## दुष्यंत चौटाला को बीजेपी से तौबा, कांग्रेस का हाथ थामने की उम्मीद, विधानसभा चुनाव से पहले खोले पत्ते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की थी। राज्य की सभी 90 सीटों पर एक ही चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होंगे और नतीजे 4 अक्टूबर को जारी किए जाएंगे। ऐसे चुनावी माहौल में पार्टियों ने अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है। इस बीच जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला ने एक तरफ कांग्रेस पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मैं आपको लिखकर ये भरोसा दिलाता हूं कि मैं भारतीय जनता पार्टी में नहीं जाऊंगा।

इसके अलावा जब चौटाला से 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी हार के बारे पूछा गया, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वो इसे संकट के तौर पर नहीं लेते। उनका मानना है कि जो होना लिखा था वह हो गया। अब मैं इसे एक मौके के तौर पर लेता हूं। हमारी पार्टी पिछली बार भी किंगमेकर थी और आने वाले समय में आप देखेंगे कि जेजेपी हरियाणा के लिए सबसे ज्यादा अहम पार्टी होगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने जेजेपी के 10 विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाई थी। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव में जेजेपी एक भी सीट पर विजय हासिल नहीं कर पाई और 0.87 प्रतिशत वोट शेयर ही पार्टी को मिला। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा में जो भी भ्रष्टाचार है वो सब हुड्डा की वजह से है। दुष्यंत चौटाला ने तंज कसते हुए कहा कि आज जो उपनिवेशीकरण हो रहा है उसके लिए हमें हुड्डा को धन्यवाद करना चाहिए। जहां एक तरफ उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा पर तंज किया। वहीं जब उनसे 'ढ्ढहृष्ठ्र' गठबंधन को लेकर सवाल किया गया कि क्या वो ढ्ढहृष्ठ्र गठबंधन का हिस्सा बनेंगे तो उन्होंने जवाब में कहा कि देखते हैं अगर हमारे पास नंबर हुआ तो जरूर और अगर हमारी पार्टी को सही दर्जा दिया जाता है तो क्यों नहीं करेंगे।

# संन्यास लेने का सवाल ही नहीं, मायावती ने अफवाहों पर लगाया विराम

### - कांग्रेस और समाजवादी दोनों ही दलों को सुनाया

**लखनऊ (एजेंसी)।** सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की अटकलों को सिरे से खारिज कर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक पार्टी मूवमेंट से जुड़ी रहेंगी।

उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) से जुड़ने की अफवाहों पर भी विराम देकर दोनों ही दलों पर तंज कसे। सुश्री मायावती ने पोस्ट कर कहा कि बहुजनों के अम्बेडकरवादी कारवाँ को कमजोर करने की विरोधियों की साजिशों को विफल करने के संकल्प हेतु बाबा साहेब डा. अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम की तरह ही मेरी जिदंगी की आखिरी सांस तक बीएसपी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट को समर्पित रहने का फैसला अटल। उन्होंने कहा कि सक्रिय राजनीति से मेरा सन्यास लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। जबसे पार्टी ने आकाश आंनद को मेरे ना रहने पर या अस्वस्थ विकट हालात में बीएसपी के उत्तराधिकारी के रूप में आगे किया है तबसे जातिवादी मीडिया ऐसी फेक न्यूज प्रचारित कर रहा है जिससे लोग सावधान रहें।



मायावती ने कहा, पहले भी मुझे राष्ट्रपति बनाए जाने की अफवाह उड़ाई गई, जबकि कांशीराम ने इसतरह के आफर को यह कहकर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनने का मतलब है सक्रिय राजनीति से सन्यास लेना जो पार्टी हित में उन्हें गवारा नहीं था, तब फिर उनकी शिष्या को यह स्वीकारना कैसे संभव।

सुश्री मायावती ने कहा, सपा जिसने 2 जून 1995 में बीएसपी द्वारा समर्थन वापिसी पर मुझ पर जानलेवा हमला कराया था, तब इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है जबकि उस दौरान केन्द्र में रही कांग्रेसी सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया था। तभी फिर कांशीराम को अपनी बीमारी की गंभीर हालत में भी हॉस्पिटल छोड़कर रात को इनके गृहमंत्री को हड़काना पड़ा था तथा विपक्ष ने भी संसद को घेरा, तब जाकर यह कांग्रेसी सरकार हरकत में आई थी। उन्होने कहा कि उस समय केन्द्र की कांग्रेसी सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यहाँ यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर, पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाहती थी, जिनका यह षड़यन्त्र बीएसपी ने फेल कर दिया था। साथ ही, उस समय सपा के आपराधिक तत्वों से बीजेपी सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में जो अपना दायित्व निभाया है, तब इसकी कांग्रेस को बीच-बीच मे तकलीफ क्यों होती रहती है, लोग सचेत रहें।

# गुजरात, गोवा और महारोष्ट्र के कुछ हिस्सों में हो सकती है तेज बारिशो

### -राजस्थान और मध्यप्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश और उससे सटे पूर्वी राजस्थान पर बना दबाव का क्षेत्र ज्यादा दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है दो-तीन दिन में दोनों राज्यों के अलावा गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

आईएमडी के अनुसार दक्षिणी राजस्थान और गुजरात को प्रभावित करने और 29 अगस्त तक सौराष्ट्र, कच्छ और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों तक पहुंचने के आसार हैं। बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में भी कम दबाव का क्षेत्र बना है। अगले दो दिन में इसके और तीव्र होने और उत्तरी ओडिशा और झारखंड की ओर बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है और कहा कि 26 अगस्त को पश्चिम मध्यप्रदेश में भारी से तेज बारिश होने की संभावना है। 26 से 29 अगस्त तक पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान, गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में भी ऐसी ही स्थिति रहने का अनुमान है।

कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों और झारखंड में भी अगले दो दिन में भारी से तेज भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मध्यप्रदेश में 50 किलोमीटर प्रति घंटे और दक्षिण राजस्थान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी भी की गई है।

गुजरात, निकटवर्ती पाकिस्तान, उत्तर महाराष्ट्र और उत्तरपूर्वी अरब सागर में सोमवार को 55 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है और इनकी रफ्तार दो दिन में और बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। गुजरात, पाकिस्तान और उत्तरी महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में 30 अगस्त तक समुद्र की स्थिति बहुत खराब रह सकती है। उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भी सोमवार को समुद्र की स्थिति खराब रहने की संभावना है। आईएमडी ने मछुआरों को 30 अगस्त तक अरब सागर और बंगाल की खाड़ी, खासकर गुजरात, पाकिस्तान और महाराष्ट्र के तटों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी है। विभाग ने खासकर शहरी इलाकों में बाढ़, सड़क बंद होने और जलभराव की भी चेतावनी दी है। भूस्खलन और बागवानी फसलों को नुकसान पहुंचने का भी खतरा है।

